राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 रोहित शर्मा पर बोले मशहूर कमेंटेटर आकाश चोपड़ा ...

रूस के खिलाफ लंबी दूरी की मिसाइलों का इस्तेमाल ... 12

वर्ष : 15 | अंक : 152 | नई दिल्ली, गुरुवार, 12 सितंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 26.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 71,105 |
| चांदी | 91,700 |
| सेंसेक्स | 78,886 |
| निफ्टी | 24,117 |

## गांधी मैदान में सिलसिलेवार विस्फोट मामले में हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

# गांधी मैदान ब्लास्ट मामला : चार दोषियों की फांसी की सजा उम्रकैद में बदली

### 2013 में हुए बम धमाकों में छह लोगों की हुई थी मौत

प्रात : किरण




पटना/एजेंसी। पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान ब्लास्ट केस में हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। पटना उच्च न्यायालय ने 2013 के सिलसिलेवार विस्फोट मामले में चार दोषियों की मौत की सजा बुधवार को 30 वर्ष के कारावास में बदल दी। गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी की ओर से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार नरेन्द्र मोदी की चुनावी रैली के दौरान गांधी मैदान में विस्फोट हुए थे। न्यायमूर्ति आशुतोष कुमार की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण की विशेष अदालत द्वारा दो अन्य दोषियों को सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखा। एनआईए के विशेष लोक अभियोजक मनोज कुमार सिंह ने कहा, पटना उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने 2013 में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों में दोषी ठहराए गए चार लोगों की मौत की सजा को बुधवार को 30 साल के कारावास में बदल दिया। जिन चार दोषियों की मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदला गया है, उनमें हैदर अली, नोमान अंसारी, मोहम्मद मुजीबुल्लाह अंसारी और इम्तियाज आलम शामिल हैं। इसके अलावा, उच्च न्यायालय ने दो अन्य दोषियों उमर सिद्दीकी और अजहरुद्दीन कुरैशी को सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखा। नवंबर, 2021 में एक विशेष एनआईए अदालत ने मामले में नौ दोषियों में से चार को मृत्युदंड, दो को आजीवन कारावास, दो को 10 साल की कैद और एक को सात साल की जेल की सजा सुनाई गई थी। उल्लेखनीय है कि 2013 में, नरेन्द्र मोदी की हुंकार रैली के दौरान पटना में लगभग छह सिलसिलेवार बम धमाके हुए थे। पहला धमाका पटना रेलवे स्टेशन पर जबकि शेष धमाके गांधी मैदान और उसके आसपास हुए थे। इन धमाकों में छह लोगों की मौत हुई थी और कई अन्य व्यक्ति घायल हो गए थे। इस केस में 27 अक्टूबर 2021 को नौ अपराधियों को सजा दी गई। अब घटना के 19 महीने बाद 20 मई 2023 को उस आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जिसे नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने तब हत्थे चढ़ने के बाद फरार बताया था। इतने लंबे समय बाद यह गिरफ्तारी सवालों के घेरे में भी है। 27 अक्टूबर 2021 को एनआईए की विशेष अदालत ने आतंकियों नोमान अंसारी, हैदर अली उर्फ ब्लैक ब्यूटी उर्फ अब्दुल्लाह, इम्तियाज अंसारी उर्फ आलम और मो. मोजिबुल्लाह अंसारी को फांसी की सजा सुनाई थी। दो आतंकियों उमर सिद्दीकी और अजहरुद्दीन को उम्रकैद दी गई थी। यह छह आतंकी आईपीसी के सेक्शन 302, 120बी के साथ यूएपीए की गंभीर धाराओं में दोषी पाए गए थे। एनआईए कोर्ट ने फिरोज आलम उर्फ पप्पू और अहमद हुसैन को 10-10 साल की सजा सुनाई थी। छह आतंकियों को रांची बस स्टैंड पहुंचाने के कारण दोषी पाए गए इफ्तिखार आलम को 7 साल की सजा सुनाई गई। सजा सुनाए जाते समय तक इफ्तिखार 7 साल जेल में रह चुका था, इसलिए कागजी प्रक्रिया पूरी कर उसे 04 नवंबर 2021 को बेउर जेल से रिहा कर दिया गया।

# वन नेशन वन राशन कार्ड : 89 लाख से ज्यादा लाभुकों ने लिया फायदा

### कोरोना के शुरूआती दौर से अबतक बने 65.61 लाख नए राशन कार्ड : मंत्री

प्रात : किरण



पटना। वन राशन कार्ड के तहत जन वितरण प्रणाली से खाद्यान उठाने वाले बिहार के राशनकार्ड धारकों के लिए नीतीश सरकार ने बड़ी घोषणा की है। राज्य की खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की मंत्री लेसी सिंह ने बुधवार सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में आयोजित प्रेस वार्ता में विभागीय उपलब्धियों को मीडिया स`साझा किया। मंत्री ने बताया कि वन नेशन वन राशन कार्ड के तहत कोई भी राशनकार्डधारी बिहार में या राज्य के बाहर कहीं से भी जन वितरण प्रणाली की दुकान से खाद्यान्न प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत आच्छादित पात्र लाभुक वन नेशन वन राशन कार्ड के तहत पोर्टेबिलिटी के माध्यम से राज्य के अंदर किसी भी जन वितरण प्रणाली दुकान से अथवा राज्य के बाहर किसी जन वितरण प्रणाली दुकान से इसका लाभ ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगस्त 2024 के वितरण चक्र में 89,39,832 राशन कार्डधारियों द्वारा पोर्टेबिलिटी के माध्यम से खाद्यान्न का लाभ प्राप्त किया गया है। उन्होंने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत खाद्य सुरक्षा की व्यवस्था के संदर्भ में किए गए कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के तहत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में क्रमशः 85.12 प्रतिशत एवं 74.53 प्रतिशत जनसंख्या अर्थात कुल 8.71 करोड़ आबादी को आच्छादित करने का लक्ष्य के विरूद्ध वर्तमान में पूर्विकताप्राप्त गृहस्थी एवं अन्त्योदय अन्न योजना से आच्छादित परिवारों के कुल 8.35 करोड़ लाभुकों को 51185 जन वितरण प्रणाली दुकानों के माध्यम से प्रतिमाह निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं, जन वितरण प्रणाली दुकानों के माध्यम से माह जुलाई, 2024 एवं माह अगस्त, 2024 में क्रमशः 4.12 लाख मे टन एवं 4.05 लाख मे टन खाद्यान्न वितरित किया गया है। वर्तमान में प्रतिमाह अन्त्योदय अन्न योजना से आच्छादित परिवारों को 35 किलोग्राम खाद्यान्न (7 किलो गेहूँ एवं 28 किलो चावल) एवं पूर्विकताप्राप्त गृहस्थी के प्रत्येक लाभुक को 5 किलोग्राम खाद्यान्न (1 किलो गेहूँ एवं 4 किलो चावल) निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अन्तर्गत पहचान किए गए 1.97 करोड़ परिवारों को राशन कार्ड उपलब्ध कराया गया है। उक्त राशन कार्ड में से 22.88 लाख राशन कार्ड अन्त्योदय अन्न योजना श्रेणी के एवं 1.74 करोड़ राशन कार्ड पूर्विकताप्राप्त गृहस्थी श्रेणी के हैं। साथ ही उक्त राशन कार्ड में 90 प्रतिशत राशन कार्डधारी परिवारों में परिवार के मुखिया के रूप में महिलाओं के नाम दर्ज है। कोरोना के शुरूआती दौर से लेकर अबतक लगभग 65.61 लाख नए राशन कार्ड निर्गत किए गए हैं एवं 16.37 लाख राशन कार्ड रद्द किए गए है। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सचिव एन सरवन कुमार ने बताया कि जन वितरण प्रणाली के अंतर्गत राशन कार्डधारियों के लिए देश भर में पोर्टेबिलिटी लागू है सिवाय हिमाचल प्रदेश, पुडुचेरी और तमिलनाडु राज्यों के और उन राज्यों के लिए भी केंद्र सरकार के स्तर पर कार्रवाई अग्रेतर है।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंडः रांची में बांध के पास चार शव बरामद

रांची। झारखंड की राजधानी रांची के बाहरी इलाके में एक बांध के निकट लगभग 25 से 30 वर्ष की आयु के चार लोगों के शव बरामद हुए हैं। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। शव मंगलवार रात करीब 11 बजे रांची सदर थाना क्षेत्र के अंतर्गत रुक्का बांध के पास बरामद हुए। पुलिस को आशंका है कि बांध पर मछली पकड़ने के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से चारों की मौत हुई होगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मृतकों के परिजन ने पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और शव बरामद किए। सदर पुलिस थाना प्रभारी कुलदीप कुमार ने बताया, मौत के असल कारण का पता लगाने के लिए शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है। लेकिन, प्रथम दृष्टया, ऐसा प्रतीत होता है कि उनकी मौत आकाशीय बिजली की चपेट में आने से हुई होगी। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान सोहेब, शाहिद नूरुल्ला, मोहम्मद आसिफ और मोहम्मद मकसूद के रूप में हुई है। मृतकों के परिजनों के मुताबिक, चारों मंगलवार पूर्वाह्न करीब 10 बजे अपने घरों से निकल गए थे।

### आंध्र प्रदेश : मिनी लॉरी के पलटने से सात की मौत

एलुरु (देवरापल्ली)। आंध्र प्रदेश के पश्चिम गोदावरी जिले में मंगलवार आधी रात बाद हुए सड़क हादसे में सात कृषि मजदूरों की मौत हो गई। दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। यह हादसा मिनी लॉरी के पलटने से हुआ। पुलिस ने बताया की मिनी लॉरी एलुरु जिले के टी.नरसापुरम मंडल के बोर्रामपलेम गांव से काजू के बीज बोरियों में भरकर पूर्वी गोदावरी जिले के निदादावोलु मंडल के ताड़ीमल्ला के लिए रवाना हुई। अरिपतिदिब्बालु-चिन्नईगुडेम रोड पर देवरापल्ली मंडल के चिलकावरिपकालु के पास वाहन ने नियंत्रण खो दिया और रेलिंग से टकरा कर पलट गया। हादसा होते ही ड्राइवर कूदकर भाग गए। वाहन में सवार नौ लोगों में से सात की मौत हो गई। दो घायल हो गए। घायलों में एक की पहचान घंटा मधु के रूप में हुई। डीएसपी देवकुमार का कहना है कि एसएसआई श्रीहरि राव और सुब्रमण्यम के साथ वह मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। मृतकों के नाम देवबट्टुला बूरैया, तम्मीरेड्डी सत्यनारायण, पी. चिनमुसलाया, कट्टव कृष्णा, कट्टव सत्तीपांडु, ताडिमल्ला के ताड़ी कृष्णा और कटकोटेश्वर के समिशरागुडेम मंडल हैं।

# हमारी सरकार बनी तो 200 यूनिट फ्री देंगे बिजली : तेजस्वी

### कहा-महंगी बिजली व स्मार्ट मीटर की गड़बड़ियों से जनता त्रस्त



समस्तीपुर। बिहार में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने बुधवार को समस्तीपुर में कहा कि डबल इंजन सरकार होने एवं एनडीए के दशकों के शासन के बावजूद देश में सबसे महंगी बिजली बिहार में मिलती है। तेजस्वी यादव ने कार्यकर्ता आभार कार्यक्रम के दूसरे दिन कार्यकताओं से बातचीत के दौरान कहा कि वे जहां भी जा रहे हैं लोग इसकी शिकायत कर रहे हैं। हमारी सरकार बनी तो हम 200 यूनिट फ्री बिजली देंगे। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता महंगे बिजली बिल तथा स्मार्ट मीटर की गड़बड़ियों से त्रस्त है। हमारी सरकार आने पर 200 यूनिट फ्री बिजली दी जाएगी। हमारी चिंता बिहार की है, बिहार की तरक्की की है। विरोधी क्या बोलते हैं उससे हमें कोई लेना देना नहीं है। नीति आयोग की रिपोर्ट देखें तो साफ है कि बिहार में सबसे ज्यादा गरीबी है। प्रति व्यक्ति आय कम है। पत्रकारों से चर्चा के दौरान राहुल गांधी के आरक्षण से संबंधित बयान पर उन्होंने कहा कि भाजपा झूठ फैलाने का काम करती है। राहुल गांधी कई बार आरक्षण के पक्ष में और जाति आधारित जनगणना कराने को लेकर बयान दे चुके हैं। जो आज उनको लेकर बयान दे रहे हैं, वे लोग संविधान विरोधी हैं और आरक्षण में क्रीमी लेयर की बात करते हैं। तेजस्वी यादव ने अपनी इस यात्रा की शुरूआत मंगलवार को समस्तीपुर से की है। इस कार्यकर्ता आभार कार्यक्रम में वे सीधे कार्यकताओं से रूबरू हो रहे हैं और अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर मंथन कर रहे हैं। कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम का पहला चरण 10 सितंबर से 17 सितंबर तक चलेगा। इस दौरान तेजस्वी यादव समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी और मुजफ्फरपुर में पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं के साथ संवाद करेंगे।

## भोजपुर : अजीमाबाद थाना क्षेत्र के मिल्की गांव की घटना

# सनकी पति ने की पत्नी समेत दो बच्चों की निर्मम हत्या

### पत्नी का सिर धड़ से अलग कर दिया, मासूमों को भी नहीं बख्शा

प्रात : किरण



आरा/पटना। भोजपुर जिले में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसमें एक सनकी पति ने पत्नी समेत दो बच्चों की निर्मम हत्या कर दी है। मामला अजीमाबाद थाना क्षेत्र के मिल्की गांव की है। पड़ोसियों ने बताया कि सनकी पति ने पत्नी से झगड़ा के बाद गुस्से में आकर खंती से अपनी पत्नी, बेटी और दुधमुंहे बेटे की निर्मम तरीके से हत्या कर दी। हत्या के दौरान सनकी व्यक्ति ने खंती से अपनी पत्नी का सिर धड़ से अलग कर दिया और फिर वहां से फरार हो गया। हालांकि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। मृतकों में अजीमाबाद थाना क्षेत्र के मिल्की गांव निवासी लालू यादव की पत्नी सीमा देवी 35 वर्ष, बेटी सौम्या कुमारी 8 वर्ष और एक दुधमुंहा बेटा दीदवंत कुमार 10 माह शामिल है। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों ने स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी दी। घटना की सूचना मिलते ही पीरो एसडीपीओ राहुल कुमार सिंह और अजीमाबाद थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गए। पुलिस ने एफएसएल की टीम को भी बुलाया, जिसके बाद एफएसएल की टीम घटनास्थल पहुंच जांच में जुट गई। उसके बाद पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भोजपुर सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्यारे पति लालू यादव को खदेड़कर गिरफ्तार कर लिया। लालू यादव ने खंती से मार तीनों की निर्मम हत्या क्यों की, यह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। पत्नी का किया सिर से धड़ को अलग घटना के संबंध में एसडीपीओ राहुल सिंह ने बताया कि सुबह में आरोपी पति का किसी बात को लेकर अपनी पत्नी के साथ विवाद हुआ था। झगड़ा के बाद आक्रोशित होकर लालू यादव ने खंती (धराधार हथियार) से पहले पत्नी की हत्या कर दी। इस दौरान उसने पत्नी का सिर धड़ से अलग कर दिया। उसके बाद बारी-बारी से दोनों बच्चों की भी हत्या कर दी। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और भागते हुए आरोपी लालू यादव को खदेड़ कर गिरफ्तार कर लिया।

# भ्रामक, निराधार और तथ्यहीन बातें कर रहे हैं राहुल : राजनाथ

### कहा- मोहब्बत की दुकान चलाते-चलाते राहुल झूठ की दुकान खोल कर बैठ गए

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के सिखों के पगड़ी पहनने वाले बयान पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को पलटवार किया। उन्होंने कहा है कि राहुल गांधी अपने विदेश दौरे के दौरान जिस तरह की भ्रामक, निराधार और तथ्यहीन बातें कर रहे हैं, वह बेहद शर्मनाक और भारत की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली हैं। उन्होंने कहा कि भारत में सिख समाज को गुरुद्वारों में पगड़ी पहनने की इजाजत नहीं है, उन्हें उनके पंथ के अनुरूप व्यवहार करने से रोका जा रहा है। यह बात एकदम बेबुनियाद और सच्चाई से कोसों दूर है। राजनाथ सिंह ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि लगता है कि मोहब्बत की दुकान चलाते-चलाते राहुल गांधी झूठ की दुकान खोल कर बैठ गए हैं। इस तरह की गलत बयान से उन्हें परहेज करना चाहिए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा,लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अपने विदेश दौरे के दौरान जिस तरह की भ्रामक, निराधार और तथ्यहीन बातें कर रहे हैं, वह बेहद शर्मनाक और भारत की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली हैं। उन्होंने कहा है कि भारत में सिख समाज को गुरुद्वारों में पगड़ी पहनने की इजाजत नहीं है, उन्हें उनके पंथ के अनुरूप व्यवहार करने से रोका जा रहा है। यह बात एकदम बेबुनियाद और सच्चाई से कोसों दूर है। उन्होंने आगे लिखा, भारत की संस्कृति की रक्षा करने में सिख समाज की जो बड़ी भूमिका रही है, उसको पूरा देश मानता है और उनका सम्मान करता है। उनके बारे में इस तरह की मनगढ़ंत बातें करना, विपक्ष के नेता को शोभा नहीं देता। राहुल गांधी का यह दावा कि एनडीए सरकार आरक्षण को समाप्त कर देना चाहती है, यह भी एकदम निराधार है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के चीन नीति को लेकर केंद्र सरकार की आलोचना करने पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, इसी तरह भारत-चीन सीमा विवाद को लेकर भी जिस तरह के दावे उन्होंने अमेरिका की धरती पर किए हैं, वे भी भ्रामक और तथ्यों से परे हैं। लगता है कि मोहब्बत की दुकान चलाते-चलाते राहुल झूठ की दुकान खोल कर बैठ गए हैं। इस तरह की गलतबयानी से राहुल को परहेज करना चाहिए।

# मणिपुर : छात्रों और पुलिस के बीच झड़प के बाद स्थिति तनावपूर्ण

### कर्फ्यू जारी, अतिरिक्त सुरक्षाबलों को किया गया तैनात

प्रात : किरण

इंफाल/एजेंसी। मणिपुर में एक दिन पहले राजभवन की ओर कूच करने का प्रयास कर रहे छात्रों और सुरक्षाबलों के बीच झड़प होने के बाद बुधवार को यहां स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में रही। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मणिपुर की राजधानी में मंगलवार दोपहर को लगाया गया कर्फ्यू बुधवारसुबह भी जारी रहा, जबकि अतिरिक्त सुरक्षाबलों को तैनात कर दिया गया है और किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए पुलिसकर्मी इंफाल में लगातार गश्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा, स्थिति तनावपूर्ण, लेकिन नियंत्रण में है। राज्य में मंगलवार को राजभवन की ओर कूच करने के दौरान छात्रों और सुरक्षाबलों के बीच झड़प हो गई थी। मणिपुर सरकार ने मंगलवार शाम एक संशोधित आदेश जारी करके कहा कि छात्रों के उग्र आंदोलन के मद्देनजर इंटरनेट सेवा राज्य के केवल पांच जिलों में निलंबित रहेगी।मणिपुर के पुलिस महानिदेशक और राज्य के सुरक्षा सलाहकार को पद से हटाने की मांग को लेकर दबाव बनाने के लिए प्रदर्शनकारी छात्रों ने राजभवन की ओर कूच करने का प्रयास किया था।

# जब तक भाजपा है, आरक्षण को कोई छू भी नहीं सकता : शाह

### कहा- देश को तोड़ने वाली ताकतों के साथ खड़े होना राहुल गांधी की आदत बन गई

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि देशविरोधी बातें करना और देश को तोड़ने वाली ताकतों के साथ खड़े होना उनकी और कांग्रेस पार्टी की आदत सी बन गई है। अमित शाह ने इसके साथ ही आरक्षण को लेकर राहुल गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि जब तक भाजपा है, आरक्षण को कोई छू भी नहीं सकता और देश की एकता के साथ कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता। अमित शाह ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, देशविरोधी बातें करना और देश को तोड़ने वाली ताकतों के साथ खड़े होना राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की आदत सी बन गई है। चाहे जम्मू-कश्मीर में जेकेएनसी के देश विरोधी और आरक्षण विरोधी एजेंडे का समर्थन करना हो, या फिर विदेशी मंचों पर भारत विरोधी बातें करनी हो, राहुल गांधी ने देश की सुरक्षा और भावना को हमेशा आहत किया है। उन्होंने आगे कहा, भाषा से भाषा, क्षेत्र से क्षेत्र और धर्म से धर्म में भेदभाव लाने की बात करना राहुल गांधी की विभाजनकारी सोच को दशार्ता है। आरक्षण को लेकर राहुल गांधी के बयान की कड़ी आलोचना करते हुए अमित शाह ने आगे कहा, राहुल गांधी ने देश से आरक्षण को समाप्त करने की बात कह कर कांग्रेस का आरक्षण विरोधी चेहरा एक बार फिर से देश के सामने लाने का काम किया है।

## उद्घाटन — प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली में इंडिया एक्सपो मार्ट में सेमीकॉन इंडिया का किया उद्घाटन

# ऊर्जा परिवर्तन और स्थिरता अब वैश्विक चर्चा के केंद्र में : मोदी

प्रात : किरण



ग्रेटर नोएडा/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से कुछ दूर यहां इंडिया एक्सपो मार्ट में सेमीकॉन इंडिया-2024 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ऊर्जा परिवर्तन और स्थिरता अब वैश्विक चर्चा के केंद्र में है। भारत स्वच्छ और हरित ग्रह बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, हम हरित ऊर्जा पर अपनी पेरिस प्रतिबद्धता को पूरा करने वाले जी 20 देशों में से पहले थे। यह प्रतिबद्धता 2030 के लक्ष्य से नौ साल पहले ही पूरी कर ली गई। पिछले 10 वर्ष में भारत की स्थापित गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता में लगभग 300 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पिछले एक दशक में भारत की सौर ऊर्जा क्षमता 3,000 प्रतिशत से अधिक बढ़ी है। लेकिन हम ऐसी उपलब्धियों पर आराम नहीं कर रहे। हम मौजूदा समाधानों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हम नए और नवोन्वेषी क्षेत्रों पर भी विचार कर रहे हैं। यहीं पर हरित हाइड्रोजन तस्वीर में आती है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हरित हाइड्रोजन विश्व के ऊर्जा परिदृश्य में एक आशाजनक वृद्धि के रूप में उभर रहा है। यह उन उद्योगों को डी-कार्बोनाईजिंग करने में मदद कर सकता है जिन्हें विद्युतीकृत करना मुश्किल है। मुझे विश्वास है कि यह सम्मेलन बेहतरी के लिए कई विचारों के आदान-प्रदान में मदद करेगा। अतीत में मानवता को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। हर बार, हमने सामूहिक और नवीन समाधानों के माध्यम से प्रतिकूलताओं पर विजय प्राप्त की। सामूहिक और नवोन्वेषी कार्यों की इसी भावना के साथ हम एक स्थायी भविष्य की ओर आगे बढ़ेंगे।

**हमारा सपना है, दुनिया के हर उपकरण में लगे भारत में बनी चिप :**

ग्रेटर नोएडा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सेमीकंडक्टर के घरेलू विनिर्माण में निवेश को बढ़ावा देने का बुधवार को आह्वान करते हुए कहा कि आपूर्ति श्रृंखलाओं की मजबूती अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। मोदी ने कहा कि सेमीकंडक्टर स्मार्टफोन से लेकर इलेक्ट्रिक वाहन और कृत्रिम मेधा तक हर चीज का आधार है। प्रधानमंत्री ने भारत की सुधारवादी सरकार, स्थिर नीतियों व बाजार के बारे में भी बात की जिसने सेमीकंडक्टर विनिर्माण में निवेश के लिए मजबूत आधार तैयार करने को प्रौद्योगिकी का सहारा लिया है। उन्होंने कहा, हमारा सपना है कि दुनिया के हर उपकरण में भारत में बनी चिप हो। प्रधानमंत्री ने कहा, हम भारत को सेमीकंडक्टर क्षेत्र में महाशक्ति बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर विनिर्माण में 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश पहले ही किया जा चुका है और कई परियोजनाएं पाइपलाइन में हैं। इस दशक के अंत तक हम अपने इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र को 500 अरब डॉलर से अधिक पर पहुंचाना चाहते हैं। इससे 60 लाख रोजगार के अवसरों का सृजन हो सकता है।

# भारत बना चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा 5जी बाजार

प्रात : किरण




नई दिल्ली/एजेंसी। भारत पहली बार चीन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा 5जी हैंडसेट बाजार बन गया है। भारत ने यह पोजीशन अमेरिका को पछाड़कर हासिल की है। जानकारी के अनुसार, 2024 की पहली छमाही में वैश्विक 5जी हैंडसेट शिपमेंट में 20 प्रतिशत (साल-दर-साल) की वृद्धि हुई। एप्पल 5जी हैंडसेट शिपमेंट में 25 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी के साथ सबसे आगे रहा।

एप्पल ने वैश्विक स्तर पर 5जी हैंडसेट शिपमेंट का नेतृत्व किया, जिसकी हिस्सेदारी 25 प्रतिशत से अधिक है, जो आईफोन 15 और आईफोन 14 वेरिएंट की वजह से मजबूत हुआ है। 5जी हैंडसेट शिपमेंट लगातार बढ़ रहा है और बजट सेगमेंट में 5जी हैंडसेट की बढ़ती उपलब्धता के साथ उभरते बाजारों में इस सेगमेंट में तेज वृद्धि देखी गई है। विश्लेषक प्राचीर सिंह ने कहा, भारत पहली छमाही के दौरान अमेरिका को पछाड़कर दूसरा सबसे बड़ा 5जी हैंडसेट बाजार बन गया। बजट सेगमेंट में श्याओमी, विवो, सैमसंग और अन्य ब्रांडों की मजबूत शिपमेंट इसका मुख्य कारण थी। गैलेक्सी ए सीरीज और एस24 सीरीज के दम पर सैमसंग 21 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी हासिल करके दूसरे स्थान पर रहा है। 2024 की पहली छमाही में 5जी मॉडल फोन के लिए शीर्ष -10 सूची में एप्पल और सेमसंग ने पांच स्थान प्राप्त किए, जिसमें एप्पल शीर्ष चार स्थान पर रहा। कुल वैश्विक नेट ऐड में एशिया-पैसिफिक की हिस्सेदारी 63 प्रतिशत रही और 5जी शिपमेंट हिस्सेदारी 58 प्रतिशत रही। यूरोप और मध्य पूर्व और अफ्रीका (एमईए) क्षेत्रों में भी, 5जी हैंडसेट शिपमेंट में दोहरे अंकों में वृद्धि देखी गई। अनुसंधान निदेशक तरूण पाठक ने कहा कि जैसे-जैसे कम कीमत वाले खंडों में 5जी की पहुंच बढ़ेगी, 5जी नेटवर्क का विस्तार होगा और 5जी हैंडसेट की उपलब्धता बढ़ेगी, यह प्रवृत्ति और बढ़ेगी। अन्य उभरते बाजारों में भी 5जी हैंडसेट में उच्च वृद्धि देखी गई। उभरते बाजारों में उपभोक्ता 5जी हैंडसेट यहां तक कि कम कीमत वाले सेगमेंट में भी को अपने डिवाइस के अपग्रेड के रूप में देख रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सफाई निरीक्षक व लिपिक पर पांच-पांच हजार का जुर्माना

**हरिद्वार, एजेंसी।** राज्य सूचना आयोग को भ्रामक सूचना देने पर नगर निगम के मुख्य सफाई निरीक्षक श्रीकांत व लिपिक आदित्य तेश्वर पर पांच-पांच हजार का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माने की राशि आदेश की तिथि के तीन माह के अंदर चालान के माध्यम से राजकोष में जमा करनी होगी। अपीलकर्ता कनखल निवासी गंगा प्रसाद निषाद ने नवंबर 2020 में नगर निगम में मौजूद खराद मशीन व अन्य सामग्री के संबंध में सूचना मांगी थी। उन्हें भ्रामक सूचना दी गई। मामले में उन्होंने राज्य सूचना आयोग में अपील की थी। जिस पर आयोग ने नगर निगम प्रशासन को सूचना से संबंधित तथ्यों के साथ आयोग में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थे। आयोग के समक्ष प्रस्तुत किए गए तथ्यों को सूचना आयोग ने भ्रामक बताते हुए मुख्य सफाई निरीक्षक श्रीकांत व लिपिक आदित्य तेश्वर पर पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया। आयोग ने दोनों को भविष्य में गलती करने पर सूचना अधिनियम के तहत कड़ी कार्यवाही करने की चेतावनी भी दी।

### विवाहिता को प्रताड़ित करने पर पति, सास-सासुर सहित चार नामजद

**हरिद्वार, एजेंसी।** विवाहिता का शादी के बाद से ही उत्पीड़न करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने महिला हेल्पलाइन में चली काउंसलिंग के बाद आरोपी पति और सास-ससुर सहित चार के खिलाफ मारपीट, दहेज उत्पीड़न की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार साक्षी निवासी आर्यनगर ज्वालापुर ने शिकायत दी। बताया कि उसका विवाह अंकुर बांगा निवासी आर्य मोहल्ला अंबाला, हरियाणा के साथ सात दिसंबर 2023 को हुआ था। शादी में माता-पिता ने सभी सामान दिया था। अंकुर, सास सुनीता बांगा, ससुर चंद्रमोहन बांगा, देवर दीपक बांगा दहेज के लिए ताने देने लगे। शादी के छह दिन बाद हनीमून के लिए कश्मीर गए। जहां पति मोबाइल फोन पर किसी महिला से चैटिंग में व्यस्त रहता था। आरोप है कि बीती चार जनवरी को पति के फोन में एक महिला की चैट व व्हाट्सएप कॉल देखी। तब पति से पूछा तो गाली-गलौज कर दी। सास ने भी टालमटोल कर दी। फिर से मोबाइल में चैट देखकर बात करना चाहा तो अंकुर ने थप्पड़ मारते हुए गला दबाने का प्रयास किया। अंकुर लैपटॉप पर व्यस्त रहकर उसे अनदेखा कर रहा था। बात करने के लिए कोशिश की तो मारपीट कर दी। माता-पिता भाई को पता चला तो वह उसे हरिद्वार लेकर आ गए। एसएसआई राजेश बिष्ट ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है।

### अधर में लटका पंचायत भवन का काम

**पथरी, एजेंसी।** नवगठित ग्राम पंचायत मिस्सरपुर में पंचायत भवन का निर्माण कार्य अधर में लटक गया है। ग्राम प्रधान ने डीएम और संबंधित अधिकारियों से भवन निर्माण के लिए जल्द बजट उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने बताया है कि पंचायत भवन न बनने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि गांव में पंचायत घर नहीं होने से परिवार रजिस्टर की नकल व जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए भटकना पड़ता है। ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सदस्य इसलिए परेशान हैं कि पंचायत की बैठक कहां करें। बगैर पंचायत भवन के पंचायत प्रतिनिधियों को बैठक करने में परेशानी उठानी पड़ती है। गांव में बैठने के लिए उपयुक्त स्थान नहीं होने से अन्य विभागों के अधिकारी भी कार्यक्रम नहीं करते हैं। पंचायत की ओर से पंचायत भवन के निर्माण के लिए 23 लाख रुपये का प्रस्ताव बनाकर अधिकारियों को भेजा जा चुका है।

### छात्राओं को दी कॅरिअर और रोजगार की जानकारी

**हरिद्वार, एजेंसी।** गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय के कॉरपोरेट अफेयर्स एंड आउटरीच सेल ने कन्या गुरुकुल परिसर के गणित विभाग में छात्राओं के लिए व्याख्यानमाला का आयोजन किया। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. राजुल भारद्वाज ने छात्राओं को कॅरिअर एवं रोजगार के बारे में जानकारी दी।

## रात को शराब की दुकान बंद होते ही खुल जाती है छोटी खिड़की, मनमाने दामों पर बेची जाती है शराब

**रूड़की, एजेंसी।** उत्तराखंड के रुड़की में शराब माफियाओं के हौसले इतने बुलंद है कि रात को दुकान बंद करने के बाद भी छोटी खिड़की से शराब बेचने का खेल जारी है। रुड़की में ऐसी शराब की दुकान है जहां रात को दुकान बंद होते ही छोटी खिड़की खुल जाती है और ओवर रेटिंग में शराब को बेचा जाता है।

दरअसल, यह छोटी खिड़की का कारनामा करने वाली शराब की दुकान जिले के मालवीय चौक पर स्थित है। जहां रात को तकरीबन साढ़े ग्यारह बजे शराब की दुकान के शटर तो बंद थे, लेकिन शराब छोटी खिड़की से बेची जा रही थी। इस दौरान सेल्समेन खिड़की से शराब मनमाने दामों पर बेचते हैं। वहीं प्रशासन की मुस्तैदी के दावों के बीच शराब ठेकों पर धड़ल्ले से रात दिन शराब बेची जा रही है। इसमें शराब लेने के लिए शटर में बनी स्पेशल खिड़की या फिर शटर को ही खटखटाने पर कारिंदा सौदा करता है। वहीं सेल्समेन नाइट चार्ज के बिना कोई शराब की बोतल नहीं देता। इस दौरान नकद लेने के बाद ही शराब की बोतल खरीदार को दी जाती है।



वहीं इस मामले में आबकारी अधिकारी का कहना है कि जो लोग नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। कोतवाली गंगनहर प्रभारी गोविंद कुमार का कहना है कि लगातार शिकायत मिल रही थी कि शराब ठेकों के बाहर गलत तरीके से शराब पिलाई जा रही है। इसके चलते इन शराब के ठेकों पर पुलिस के द्वारा छापामारी का अभियान चलाया गया है। साथ ही छोटी खिड़की से शराब बेचने के मामले को लेकर आबकारी इंस्पेक्टर को रिपोर्ट बनाकर भेजी जाएगी। इसके अतिरिक्त संबंधित मामले में कार्रवाई की जाएगी।

## बारिश बनी बाधा, सोनप्रयाग से ही रोक दी गई धाम के लिए पैदल यात्रा, भूस्खलन का बना हुआ है खतरा

**रुद्रप्रयाग , एजेंसी।** केदारनाथ यात्रा में मौसम बड़ी बाधा बना है। बारिश के चलते सुबह 8.30 बजे से केदारनाथ पैदल यात्रा सोनप्रयाग से ही रोक दी गई है। बारिश से भूस्खलन का खतरा बना हुआ है। ऐसे में जिला प्रशासन भी अतिरिक्त सावधानी रख रहा है।

गत दो माह में केदारनाथ यात्रा मार्ग पर भूस्खलन व अतिवृष्टि से यात्रियों व स्थानीय समेत 20 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 20 लापता हैं। सोनप्रयाग से केदारनाथ तक हाईवे और पैदल मार्ग भूस्खलन की दृष्टि से अति संवेदनशील है और यहां पग-पग पर जानमाल की क्षति का खतरा बना है।

गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर बीते 21 जुलाई को तड़के चार बजे चीरबासा में भारी भूस्खलन की चपेट में आने से तीन यात्रियों की मौत हो गई थी। इस दौरान पहाड़ी से बड़े-बड़े बोल्डर और टनों मलबा गिरा था, जिससे पांच यात्री घायल भी हो गए थे। इसके बाद बीते 31 जुलाई की देर शाम को भीमबली से लिनचोली के बीच अतिवृष्टि से हजारों यात्री फंस गए थे। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, डीडीआरएफ, पुलिस, होमगार्ड सहित स्थानीय लोगों के द्वारा 13 हजार से अधिक लोगों का रेस्क्यू किया गया।




वहीं जिलाधिकारी सौरभ गहरवार और पुलिस अधीक्षक अजय प्रह्लाद कोंडे ने सोनप्रयाग में भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने यात्रियों व स्थानीय लोगों की सुरक्षा को लेकर शाम पांच बजे के बाद सोनप्रयाग से गौरीकुंड के बीच दोतरफा आवाजाही पर रोक लगाने के निर्देश दिए। कहा कि, बारिश होने की स्थिति में यात्रियों की आवाजाही को रोकें। लाधिकारी ने मंगलवार शाम को प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण कर यात्रियों की आवाजाही के तहत सतर्कता और सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने को कहा। इस दौरान उन्होंने पुलिस और यात्रा ड्यूटी पर तैनात सेक्टर अधिकारियों को एक-एक यात्री का ध्यान रखते हुए उन्हें सकुशल रास्ता पार कराने को कहा। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण खंड, लोनिवि के अधिशासी अभियंता को भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र के स्थायी ट्रीटमेंट और सुचारू यातायात के लिए ठोस नीति बनाने के निर्देश भी दिए। वहीं पुलिस अधीक्षक अक्षय कोंडे ने यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर सोनप्रयाग से गौरीकुंड और गौरीकुंड से सोनप्रयाग तक शाम पांच बजे के बाद आवाजाही पर अस्थायी रोक लगा दी है। वहीं बारिश होने की स्थिति में पुलिस को अपने विवेकानुसार यात्रा रोकने व संचालित करने को कहा।

## एआई केवल वर्तमान और भविष्य के सवालों का जवाब देने में सक्षम -प्रो शिरीष मौर्य

**हरिद्वार, एजेंसी।** हिन्दी भाषा और साहित्य पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता अनुप्रयोग महत्व एवं चुनौतियां विषय पर गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय में तीन दिवसीय व्याख्यानमाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के दूसरे दिन सोमवार को कुमाऊं विवि के प्रो. शिरीष मौर्य ने हिंदी लेखन और एआई का दौर विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि भले ही एआई के कारण कुछ सुविधाएं विकसित हुई हैं, मगर एआई का उपयोग मनुष्य के बौद्धिक व्यायाम और चिंतन में एक बड़ी बाधा उत्पन्न कर रहा है। इसके प्रति सचेत होने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मेधा कभी भी बनावटी नहीं हो सकती है क्योंकि मेधा के विकास की यात्रा मनुष्य के विकास की यात्रा है। समाज, संस्कृति और इतिहास को समझने के लिए मानव मस्तिष्क ही प्रभावी है। एआई केवल वर्तमान और भविष्य के सवालों से संभावित उत्तर दे सकता है। गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय में हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. मृदुल जोशी ने कहा कि वर्तमान समय में एआई के कारण कई चैटबॉट उपलब्ध हैं। इनकी सहायता से भाषा और साहित्य के विद्यार्थी सूचनाओं का व्यवस्थित उपयोग कर सकते हैं। एआई मूल ग्रन्थों के अध्ययन का विकल्प नहीं बनना चाहिए। प्रो. ब्रह्मदेव ने कहा कि भाषा मनुष्य की चेतना की प्रतीक है। भाषा के माध्यम से सभी को आगे बढ़ना चाहिए।

### सीवर लाइन का विधायक ने किया उद्घाटन

**हरिद्वार, एजेंसी।** भूपतवाला में क्षेत्रीय विधायक मदन कौशिक ने सीवर लाइन का उद्घाटन किया। विधायक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने जनता से जो वादे पूरे किए हैं, उन्हें पूरा करने का काम भी बीजेपी कर रही है। इसी कड़ी में भूपतवाला में सीवर की समस्या का समाधान किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करना हमारा लक्ष्य है। प्रदेश में धामी सरकार के नेतृत्व में प्रदेश आगे बढ़ रहा है। हरिद्वार विश्व में पर्यटन और धार्मिक स्थल के रूप में विश्व में अलग पहचान बना रहा है। भाजपा नेता प्रकाश भाटी ने कहा कि लंबे समय से लोग सीवर लाइन बनाने की मांग कर रहे थे। लोगों की इस मांग को पूरा करने का काम बीजेपी की सरकार में हुआ है। इस दौरान तरुण नैय्यर,अनिल मिश्रा, अनिरुद्ध भाटी, सुनीता शर्मा, अनिल वशिष्ठ, शरद यादव आदि मौजूद रहे।

## भाजपा सरकार में तेजी से बढ़ रहा अपराध का ग्राफ : कांग्रेस

**हरिद्वार, एजेंसी।** जिला महानगर कांग्रेस कमेटी की ओर से बढ़ते अपराधों के विरोध में भाजपा सरकार का पुतला दहन किया। कहा कि भाजपा सरकार में अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। इससे शहर और प्रदेश का आमजन चिंतित है।

कांग्रेसियों ने देवपुरा चौक पर भाजपा सरकार का पुतला दहन कर अपराधों पर अंकुश लगाने की मांग की गई। इस दौरान महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमन गर्ग और उत्तराखंड स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुरली मनोहर ने कहा कि हरिद्वार में दिनदहाड़े हुई डकैती का खुलासा नहीं हो रहा है। इससे सरकार के खिलाफ जनता में आक्रोश पनप रहा है। कहा कि अगर जल्द ही डकैती का खुलासा कर शत प्रतिशत रिकवरी नहीं हुई तो कांग्रेस बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

पूर्व विधायक रामयश सिंह और ओपी चौहान ने कहा कि उत्तराखंड में भाजपा ने न भय, न भ्रष्टाचार का नारा देकर सत्ता तो हासिल कर ली है, लेकिन अब राज्य में चारों तरफ भय और भ्रष्टाचार ही है। महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष संतोष चौहान और युवा नेता वरुण बालियान ने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाएं और व्यापारी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। महिलाओं और व्यापारियों की सुरक्षा के लिए सरकार को कदम उठाने चाहिए।

वरिष्ठ नेता मनोज सैनी और लता जोशी ने कहा कि भाजपा सरकार में लगातार चेन स्नेचिंग की बढ़ती घटनाओं से महिलाएं असुरक्षित महसूस कर रही हैं, जिससे शहर की महिलाएं आक्रोशित हैं।

## बदमाशों की तलाश में ढाई हजार से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे खंगाले

**हरिद्वार, एजेंसी।** श्रीबालाजी ज्वेलर्स शोरूम में डकैती डालने वाले बदमाशों की धरपकड़ में जुटी पुलिस-सीआईयू की टीमें ढाई हजार से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल चुकी हैं। सीसीटीवी और सर्विलांस के जरिये बदमाशों को ट्रेस करते हुए पुलिस टीमें आरोपियों के पीछे लगी हुई हैं। सामने आया कि बदमाश चंडीगढ़ की तरफ से होते हुए शिमला की तरफ निकले हैं। कई टीमें चंडीगढ़ में डेरा डाले हुए हैं और फुटेज खंगालते हुए आगे की तरफ बढ़ रही हैं। हालांकि अभी कोई खास सफलता बदमाशों के बारें में नहीं लग पाई है। बीते रविवार की दोपहर हथियारबंद बदमाशों ने रानीपुर मोड़ के पास सराफा कारोबारी अतुल गर्ग के श्रीबालाजी ज्वैलर्स शोरूम में डकैती डाली थी। पांच बदमाश सोने-हीरे के आभूषण लूटकर फरार हो गए थे। वारदात को पूरा एक सप्ताह बीत चुका है। पुलिस-सीआईयू के बाद एसटीएफ की टीम भी डकैतों की तलाश में लगी हुई है। बदमाशों के फरार होने वाले मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरे चेक करने के साथ ही सर्विलांस के माध्यम से पुलिस टीमें बदमाशों के पीछे लगी हुई हैं, मगर अभी तक बदमाश हाथ नहीं लग पाए हैं। सीसीटीवी कैमरों के साथ ही अन्य माध्यमों से मिले सुराग के आधार पर टीमें दिल्ली एनसीआर, हरियाणा, पंजाब, यूपी के बाद अब चंडीगढ़ तक जा पहुंची हैं। पुलिस सूत्रों की मानें तो बदमाशों के हिमाचल प्रदेश की तरफ जाने की बात सामने आ रही है। इसके बाद कई टीमें चंडीगढ़ पहुंचने के बाद अब आगे की तरफ रवाना हो चुकी हैं।

## रुड़की में श्री गणेश महोत्सव को लेकर नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन, प्रतिभागियों ने देश भक्ति और धार्मिक गीतों पर दी प्रस्तुतियां

**रूड़की, एजेंसी।** उत्तराखंड में रुड़की के नेहरू स्टेडियम में चल रही चार दिवसीय श्री गणेश महोत्सव के दूसरे दिन नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में नगर के विभिन्न हिस्सों एवं आसपास के क्षेत्र से पहुंचे सबसे अधिक प्रतिभागियों ने देशभक्ति और धार्मिक गीतों पर अपनी प्रस्तुतियां दी। जानकारी के अनुसार बीती रात रुड़की के नेहरू स्टेडियम में श्री गणेश महोत्सव के अवसर पर नृत्य प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बच्चों ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग लिया। जिसमें बच्चों की प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाई। वहीं इस अवसर पर निर्णायक मंडल में शामिल रुचि चावला,मीनू पुंडीर, पूजा नंदा व सीमा आर्या ने 23 बच्चों को फाइनल राउंड के लिए चुना। उनमें से प्रथम ग्यारह प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही अन्य सभी प्रतिभागियों को भी सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक कमल चावला ने बताया कि च्चों को धर्म और राष्ट्र के प्रति जागरूक करने के साथ एक ऐसा मंच देने का प्रयास किया गया है जिससे वह आगे



बढ़कर शहर और प्रदेश का नाम रोशन कर सकें। इसी के साथ कार्यक्रम सहसंयोजक अरविंद कश्यप ने कहा कि आज यानी मंगलवार को भंडारे और शोभायात्रा के बाद श्री गणेश जी की मूर्ति को विसर्जित किया जाएगा।

### दो अक्टूबर तक चलेगा स्वच्छता पखवाड़ा

**हरिद्वार, एजेंसी।** जिला सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिक[illegible] ने सोमवार से दो अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता पखवाड़े की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता पखवाड़े के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया जाएगा। जिसमें जन प्रतिनिधियों के साथ स्थानीय लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने सभी से पखवाड़े को स्वच्छ भारत दिवस उत्सव के रूप में मनाने की अपील करते हुए कहा कि पखवाड़े के तहत जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## पत्र भेजकर पूर्व प्रधान से मांगी छह लाख की रंगदारी

**नैनीताल, एजेंसी।** ग्राम गौजानी के पूर्व प्रधान को पत्र भेजकर छह लाख रुपये की रंगदारी मांगने का प्रकरण सामने आया है। पूर्व प्रधान ने ग्रामीणों के साथ कोतवाली पहुंचकर पुलिस से इसकी शिकायत की। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। फिलहाल केस दर्ज नहीं किया गया है।

रामनगर ग्राम गौजानी के पूर्व प्रधान को पत्र भेजकर छह लाख रुपये की रंगदारी मांगने का प्रकरण सामने आया है। पूर्व प्रधान ने ग्रामीणों के साथ कोतवाली पहुंचकर पुलिस से इसकी शिकायत की। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। फिलहाल केस दर्ज नहीं किया गया है।

ग्राम गौजानी में वर्तमान में पूर्व प्रधान कमरुद्दीन की पुत्रवधू सना प्रधान हैं। कमरुद्दीन के अनुसार शनिवार को गांव के आफताब को अपनी दुकान के बाहर एक पत्र मिला। पत्र में किसी अज्ञात ने अपने किसी नुकसान का हवाला देते हुए कमरुद्दीन से छह लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। पुलिस या किसी और को पत्र के बारे में बताने पर 20 लाख रुपये देने की चेतावनी दी गई है। पत्र में लिखा गया है कि पिछली बार तुम्हें तुम्हारे पड़ोसियों ने बचा लिया था लेकिन इस बार कोई नहीं बचा पाएगा। पत्र में रकम पहुंचाने के लिए फिल्मी स्टाइल में दो-तीन जगह सुझाई गई हैं।

## अखाड़े की जांच शुरू, पर पुलिस की जांच का इंतजार

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** यहां जेल में बंद अंडरवर्ल्ड डॉन प्रकाश पांडे उर्फ पीपी को जूना अखाड़े के संतों द्वारा दीक्षा देने के बहुचर्चित मामले में जूना अखाड़े की ओर बनाई गई समिति ने तो जांच शुरू कर दी है लेकिन शासन द्वारा बैठाई गई जांच का अभी इंतजार किया जा रहा है।

सूत्रों ने बताया कि अखाड़े की ओर से बनाई गई जांच समिति के कुमाऊं क्षेत्र के तीन सदस्यों ने दीक्षा देने का दावा करने वाले अंशेश्वर मठ के पीठाधीश्वर राजेंद्र गिरि और उनके दो साथियों से पूछताछ की है। हालांकि, अभी किसी नतीजे पर समिति नहीं पहुंची है क्योंकि जांच अभी लंबी चलेगी।

पांच सितंबर को अंशेश्वर मठ के सभापति राजेंद्र गिरि और कुछ अन्य संतों ने जेल में पीपी से मुलाकात करने के बाद दावा किया था कि पीपी को दीक्षा देकर जूना अखाड़े से जोड़ दिया गया है और उसे अखाड़े की पांच संस्थाओं का उत्तराधिकारी भी बनाने का दावा किया गया था। इस पर अखाड़े के हरिद्वार स्थित मुख्यालय ने इस पूरे प्रकरण से अखाड़े को अलग कर जांच समिति बैठा दी थी। इस सात सदस्यीय समिति में तीन संत कुमाऊं क्षेत्र से भी हैं। इनमें बागेश्वर स्थित आश्रम के परमाध्यक्ष शंकर गिरि महाराज, पुष्कर राज गिरि और निरंजन देव गिरि शामिल हैं।

सूत्रों ने बताया कि इस समिति के सदस्यों ने प्राइमरी जांच शुरू कर दी है और राजेंद्र गिरि तथा दो अन्य संतों से पूछताछ की गई है। अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक श्रीमहंत हरिगिरि महाराज ने बताया कि अब समिति के सदस्यों को दशहरे पर अपरी रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है। अखाड़े में दशहरे का पर्व बड़े समारोह के साथ मनाया जाता है। इसमें अखाड़े के सभी संत शामिल होते हैं। माना जा रहा है कि इस बार दशहरे पर होने वाले महोत्सव में यह मामला गरम मुद्दे के रूप में छाने वाला है। वहीं, दीक्षा देने वाले संत राजेंद्र गिरि का कहना है कि पूछताछ जैसी कोई बात नहीं है। हम सारे साधु परिवार के सदस्य हैं। आपस में बात होती रहती है और एक दूसरे के यहां आश्रम में आ- जाते रहते हैं।

## मसूरी में लगातार दो महीने से रुक-रुककर हो रही बारिश

**मसूरी, एजेंसी।** पहाड़ों की रानी मसूरी में बीते दो महीने से रुक-रुक कर हर दिन बारिश हो रही है। बारिश के साथ ही शहर में घना कोहरा भी छा जाता है, जिससे यहां मौसम खुशनुमा बना हुआ है।

सोमवार को भी शहर में सुबह से धूप खिली थी, लेकिन दोपहर बाद मौसम ने करवट बदली और जमकर बारिश हुई। जिससे जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। कोहरा छाने से यहां तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। वहीं, सुबह शाम के मौसम में हल्की ठंड होने लगी है।

शहर में हर दिन बारिश होने से लोगों के कामकाज भी प्रभावित हो रहे हैं। बारिश के चलते शहर में पर्यटकों की संख्या में भारी कमी आई है , इससे पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों के माथे पर चिंता की लकीरें पड़ी हैं।



दिल्ली से आए पर्यटक आशीष त्रिपाठी और राहुल सिन्हा ने कहा कि मसूरी में बारिश के बाद मौसम अच्छा है, लेकिन घूमने में परेशानी हो रही है। सड़कों पर गड्ढे बने हैं। मसूरी होटल एसोसिएशन अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने बताया कि इस समय मसूरी में 25 फीसदी ही पर्यटक पहुंच रहे है। अब अक्तूबर के प्रथम सप्ताह में पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से देहरादून समेत नैनीताल और चंपावत जिले के कुछ इलाकों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा हरिद्वार, पौड़ी, बागेश्वर, पिथौरागढ़, अल्मोड़ा, उत्तरकाशी, टिहरी, रुद्रप्रयाग, अल्मोड़ा, ऊधमसिंह नगर और चमोली जिले के कुछ हिस्सों में गर्जन के साथ तेज दौर की बारिश होने के आसार हैं।

THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY AND IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT. THIS DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE TO SECURITIES. THIS PUBLIC ANNOUNCEMENT IS NOT INTENDED FOR PUBLICATION OR DISTRIBUTION, DIRECTLY OR INDIRECTLY OUTSIDE INDIA.

MY MUDRA
BHAROSE KA DUSRA NAAM

# MY MUDRA FINCORP LIMITED

Our Company was originally incorporated as a Private Limited Company under the name "My Mudra Fincorp Private Limited" on September 11, 2013 bearing CIN U65191DL2013PTC257611 under the provisions of the Companies Act, 1956 with the Registrar of Companies, National Capital Territory of Delhi and Haryana. Further, pursuant to Special Resolution passed by the shareholders at the Extra Ordinary General Meeting held on August 11, 2023 our company was converted into a Public Limited Company and consequently the name of our Company was changed from "My Mudra Fincorp Private Limited" to "My Mudra Fincorp Limited" vide a fresh Certificate of Incorporation consequent upon conversion from private company to public company dated October 19, 2023 issued by the Registrar of Companies, Delhi, bearing CIN U65191DL2013PLC257611.

**Registered Office:** 17A/45, 2nd Floor, w.e.a. Karol Bagh, Central Delhi, New Delhi, Delhi- 110005, India.; **Corporate Office:** 17A/45, 3rd Floor, w.e.a. Karol Bagh, Central Delhi, New Delhi, Delhi- 110005, India.
**Tel No:** +91-011- 47010500; **E-mail:** cosec@mymudra.com; **Website:** www.mymudra.com ; **CIN:** U65191DL2013PLC257611; **Contact Person:** Piyushi Jindal, Company Secretary & Compliance Officer

**OUR PROMOTERS: VAIBHAV KULSHRESTHA AND NISHA KULSHRESTHA**

**"THE ISSUE IS BEING MADE IN ACCORDANCE WITH CHAPTER IX OF THE SEBI ICDR REGULATIONS (IPO OF SMALL AND MEDIUM ENTERPRISES) AND THE EQUITY SHARES ARE PROPOSED TO BE LISTED ON SME PLATFORM OF NSE (NSE EMERGE)."**

Our Company functions as a Channel Partner (DSA) for major Banks and NBFCs operating in India.

## BASIS OF ALLOTMENT

**INITIAL PUBLIC OFFER OF 30,24,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹10/- EACH (THE "EQUITY SHARES") OF MY MUDRA FINCORP LIMITED ("OUR COMPANY" OR "THE ISSUER") AT AN ISSUE PRICE OF ₹110/- PER EQUITY SHARE (INCLUDING SHARE PREMIUM OF ₹100/- PER EQUITY SHARE) FOR CASH, AGGREGATING UP TO ₹3326.40 LAKHS ("PUBLIC ISSUE") OUT OF WHICH 1,53,600 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹10/- EACH, AT AN ISSUE PRICE OF ₹110/- PER EQUITY SHARE FOR CASH, AGGREGATING ₹168.96 LAKHS WILL BE RESERVED FOR SUBSCRIPTION BY THE MARKET MAKER TO THE ISSUE (THE "MARKET MAKER RESERVATION PORTION"). THE PUBLIC ISSUE LESS MARKET MAKER RESERVATION PORTION I.E. ISSUE OF 28,70,400 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹10/- EACH, AT AN ISSUE PRICE OF ₹110/- PER EQUITY SHARE FOR CASH, AGGREGATING UPTO ₹3157.44 LAKHS IS HEREIN AFTER REFERRED TO AS THE "NET ISSUE". THE PUBLIC ISSUE AND NET ISSUE WILL CONSTITUTE 26.55% AND 25.20% RESPECTIVELY OF THE POST- ISSUE PAID-UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY.**

**THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARE IS RS.10/- AND ISSUE PRICE IS RS. 110/- THE ISSUE PRICE IS 11 TIMES OF THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARE**
**ANCHOR INVESTOR ISSUE PRICE: RS. 110/- PER EQUITY SHARE. THE ISSUE PRICE IS 11 TIMES OF THE FACE VALUE**

**BID/ ISSUE PERIOD**
**ANCHOR INVESTOR BIDDING DATE WAS: WEDNESDAY, SEPTEMBER 04, 2024**
**BID / ISSUE OPENED ON: THURSDAY, SEPTEMBER 05, 2024**
**BID / ISSUE CLOSED ON: MONDAY, SEPTEMBER 09, 2024**

### RISKS TO INVESTORS:

a) Our business is depended on our relationship with Banks & NBFCs. We have entered into agreements with major Banks and NBFCs, any termination of these existing relationship would adversely affect our business, results of operations, financial condition and prospects.
b) A substantial portion of the revenue is generated from our banking partners and financial institutions. Our banking partners and financial institutions are regulated by the Reserve Bank of India ("RBI") and any change in the RBI's policies, decisions and regulatory framework could adversely affect our business, cash flows, results of operations and financial conditions.
c) The Merchant Banker associated with the Issue has handled 55 SME public issue in the past three years out of which 1 SME Public Issue closed below the Issue Price on listing date.
d) Average cost of acquisition of Equity Shares held by the Individual Promoter is

| Sr. No. | Name of the Promoters | Average cost of Acquisition (in ₹) |
|---|---|---|
| 1. | Vaibhav Kulshrestha | - |
| 2. | Nisha Kulshrestha | 0.02 |

and the Issue Price at the upper end of the Price Band is Rs. 110/- per Equity Share.

e) The Price/ Earnings ratio based on Diluted EPS for Fiscal 2024 for the company at the upper end of the Price Band is 10.90.
f) Weighted Average Return on Net worth for Fiscals 2024, 2023, 2022 is 40.34%.
g) The Weighted average cost of acquisition of all Equity Shares transacted in the last one year, 18 months and 3 years from the date of Prospectus is as given below:

| Period | Weighted Average Cost of Acquisition (in Rs.) | Upper end of the Price Band (Rs. 110/-) is "X" times the weighted Average cost of Acquisition | Range of acquisition price: Lowest Price – Highest Price (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| Last 1 year and 18 months | 2.45 | 44.90 | 0-15200 |
| Last 3 years | 3.16 | 34.78 | 0-15200 |

h) The Weighted average cost of acquisition compared to Floor Price and Cap Price

| Types of transactions | Weighted average cost of acquisition (₹ per Equity Shares) | Floor price (i.e. ₹ 104/-) | Cap price (i.e. ₹ 110/-) |
|---|---|---|---|
| WACA of primary issuance(exceeding 5% of the pre issue capital) | NA^ | NA^ | NA^ |
| WACA for secondary sale / acquisition (exceeding 5% of the pre issue capital) | 21.71 | 4.79 | 5.07 |

***Note:***
*^There were no primary/ new issue of shares (equity/ convertible securities) other than Bonus shares in last 18 months from the date of the Prospectus.*

### PROPOSED LISTING: THURSDAY, SEPTEMBER 12, 2024*

The Issue was being made through the Book Building Process, in terms of Rule 19(2)(b)(i) of the Securities Contracts (Regulation) Rules, 1957, as amended ("SCRR") read with Regulation 253 of the SEBI ICDR Regulations, as amended, wherein not more than 50% of the Net Issue was available for allocation on a proportionate basis to Qualified Institutional Buyers ("QIBs", the "QIB Portion"), Our Company in consultation with the Book Running Lead Manager has allocated upto 60% of the QIB Portion to Anchor Investors on a discretionary basis in accordance with the SEBI ICDR Regulations ("Anchor Investor Portion"). Further, not less than 15% of the Net Issue shall be available for allocation on a proportionate basis to Non-Institutional Bidders and not less than 35% of the Net Issue was made available for allocation to Retail Individual Bidders in accordance with the SEBI (ICDR) Regulations, subject to valid Bids being received at or above the Issue Price. All potential Bidders (except Anchor Investors) were required to mandatorily utilise the Application Supported by Blocked Amount ("ASBA") process providing details of their respective ASBA accounts, and UPI ID in case of RIBs using the UPI Mechanism, if applicable, in which the corresponding Bid Amounts will be blocked by the SCSBs or by the Sponsor Bank under the UPI Mechanism, as the case may be, to the extent of respective Bid Amounts. Anchor Investors were not permitted to participate in the Issue through the ASBA process. For details, see ***"Issue Procedure"*** beginning on page 238 of the Prospectus.
The investors are advised to refer to the Prospectus for the full text of the Disclaimer clause pertaining to NSE. For the purpose of this Issue, the Designated Stock Exchange will be the National Stock Exchange of India Limited. The trading is proposed to be commenced on or before Thursday, September 12, 2024*
**Subject to the receipt of listing and trading approval from the NSE (NSE Emerge).*

### SUBSCRIPTION DETAILS

The bidding for Anchor Investors opened and closed on Wednesday, September 04, 2024. The Company received 7 Anchor Investors applications for 13,15,200 Equity Shares. The Anchor Investor Allocation price was finalized at Rs. 110/- per Equity Share. A total of 8,59,200 Equity Shares were allotted under the Anchor Investors portion aggregating to Rs. 9,45,12,000/-.
The Issue (excluding Anchor Investors Portion) received 108794 Applications for 21,92,73,600 Equity Shares (after considering invalid bids, Other than RC10 Transaction declined by Investors, RC10 Mandate not accepted by Investors and Withdrawal/ Cancelled Bids reported by SCSB and technical rejections) resulting 101.29 times subscription (including reserved portion of market maker and excluding anchor investor portion). The details of the Applications received in the Issue from various categories are as under (before technical rejections):

**Detail of the Applications Received (excluding Anchor Investors Portion):**

| Sr. No. | Category | Number of Applications | No. of Equity Shares applied | Equity Shares Reserved as per Prospectus | No. of times Subscribed | Amount (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Market Maker | 1 | 1,53,600 | 1,53,600 | 1.00 | 1,68,96,000 |
| 2 | QIB (excluding Anchor investor portion) | 22 | 2,80,56,000 | 5,74,800 | 48.81 | 3,08,61,60,000 |
| 3 | Non-Institutional Investor | 7610 | 6,96,70,800 | 4,30,800 | 160.4 | 7,66,36,28,400 |
| 4 | Retail Individual Investors | 101161 | 12,13,93,200 | 10,05,600 | 118.64 | 13,35,23,47,200 |
| | **TOTAL** | **108794** | **21,92,73,600** | **21,64,800** | | **24,11,90,31,600** |

**Final Demand:**
A summary of the final demand as per NSE as on the Bid/ Issue Closing Date at different Bid prices is as under:

| Sr. No | Bid Price | Bids Quantity | % to Total | Cumulative Total | % Cumulative Total |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 104 | 1,16,400 | 0.05 | 1,16,400 | 0.05 |
| 2 | 105 | 36,000 | 0.02 | 1,52,400 | 0.07 |
| 3 | 106 | 21,600 | 0.01 | 1,74,000 | 0.08 |
| 4 | 107 | 14,400 | 0.01 | 1,88,400 | 0.09 |
| 5 | 108 | 16,800 | 0.01 | 2,05,200 | 0.09 |
| 6 | 109 | 14,400 | 0.01 | 2,19,600 | 0.10 |
| 7 | 110 | 13,33,96,800 | 60.96 | 13,36,16,400 | 61.06 |
| 8 | Cut Off | 8,52,00,000 | 38.94 | 21,88,16,400 | 100.00 |
| | TOTAL | 21,88,16,400 | 100.00 | | |

The Basis of Allotment was finalized in consultation with the Designated Stock Exchange, being National Stock Exchange of India Limited (NSE Emerge) on September 10, 2024.

**1) Allotment to Retail Individual Investors (After Technical Rejections):**
The Basis of Allotment to the Retail Individual Investors, who have Bid at cut-off Price or at or above the Issue Price of Rs. 110/- per Equity Share, was finalized in consultation with NSE. The category has been subscribed to the extent of 118.64 times. The total number of Equity Shares Allotted in this category is 1005600 Equity Shares to 838 successful applicants. The details of the Basis of Allotment of the said category are as under:

| No. of Shares Applied for (Category wise) | No. of Applications Received | % of Total | Total No. of Shares Applied | % to Total | No. of Equity Shares Allotted per Applicant | Ratio | Total No. of Shares Allotted |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1200** | 99419 | 100 | 11,93,02,800 | 100 | 1200 | 838:99419 | 1005600 |

**2) Allotment to Non-Institutional Investors (After Technical Rejections):**
The Basis of Allotment to the Non-Institutional Investors, who have bid at the Issue Price of Rs. 110/- or above per Equity Share was finalized in consultation with NSE. The category has been subscribed to the extent of 160.4 times (after technical rejection). The total number of Equity Shares Allotted in this category is 430800 Equity Shares to 309 successful applicants. The details of the Basis of Allotment of the said category are as under *(Sample Basis)*:

| No. of Shares applied for (Category wise) | Number of applications received | % to total | Total No. of Shares applied in each category | % to total | No of Equity Shares allotted per applicant | Ratio of allottees to applicants | Total No. of shares allocated/allotted |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2400 | 4497 | 59.89 | 1,07,92,800 | 15.62 | 1,200 | 56:4497 | 67,200 |
| 3600 | 707 | 9.42 | 25,45,200 | 3.68 | 1,200 | 13:707 | 15,600 |
| 4800 | 285 | 3.80 | 1368000 | 1.98 | 1,200 | 7:285 | 8400 |
| 6000 | 291 | 3.88 | 1746000 | 2.53 | 1,200 | 3:97 | 10800 |
| 7200 | 128 | 1.70 | 921600 | 1.33 | 1,200 | 5:128 | 6000 |
| 8400 | 181 | 2.41 | 15,20,400 | 2.20 | 1,200 | 8:181 | 9,600 |
| 9600 | 526 | 7.00 | 50,49,600 | 7.31 | 1,200 | 13:263 | 31,200 |
| 10800 | 106 | 1.41 | 11,44,800 | 1.66 | 1,200 | 3:53 | 7,200 |
| 12000 | 195 | 2.60 | 23,40,000 | 3.39 | 1,200 | 4:65 | 14,400 |
| 15600 | 24 | 0.32 | 3,74,400 | 0.54 | 1,200 | 1:12 | 2,400 |
| 26400 | 4 | 0.05 | 1,05,600 | 0.15 | 1,200 | 1:4 | 1,200 |
| 32400 | 14 | 0.19 | 4,53,600 | 0.66 | 1,200 | 1:7 | 2,400 |
| 45600 | 11 | 0.15 | 5,01,600 | 0.73 | 1,200 | 3:11 | 3,600 |
| 51600 | 3 | 0.04 | 1,54,800 | 0.22 | 1,200 | 1:3 | 1,200 |
| 56400 | 3 | 0.04 | 1,69,200 | 0.24 | 1,200 | 1:3 | 1,200 |
| 66000 | 2 | 0.03 | 1,32,000 | 0.19 | 1,200 | 1:2 | 1,200 |
| 84000 | 2 | 0.03 | 1,68,000 | 0.24 | 1,200 | 1:2 | 1,200 |

| No. of Shares applied for (Category wise) | Number of applications received | % to total | Total No. of Shares applied in each category | % to total | No of Equity Shares allotted per applicant | Ratio of allottees to applicants | Total No. of shares allocated/allotted |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 105600 | 2 | 0.03 | 2,11,200 | 0.31 | 1,200 | 1:2 | 1,200 |
| 122400 | 1 | 0.01 | 1,22,400 | 0.18 | 1,200 | 1:1 | 1,200 |
| 139200 | 1 | 0.01 | 1,39,200 | 0.20 | 1,200 | 1:1 | 1,200 |
| 153600 | 2 | 0.03 | 3,07,200 | 0.44 | 1,200 | 1:1 | 2,400 |
| 168000 | 2 | 0.03 | 3,36,000 | 0.49 | 1,200 | 1:1 | 2,400 |
| 174000 | 1 | 0.01 | 1,74,000 | 0.25 | 1,200 | 1:1 | 1,200 |
| 183600 | 1 | 0.01 | 1,83,600 | 0.27 | 1,200 | 1:1 | 1,200 |
| 217200 | 1 | 0.01 | 2,17,200 | 0.31 | 1,200 | 1:1 | 1,200 |
| 250800 | 1 | 0.01 | 2,50,800 | 0.36 | 1,200 | 1:1 | 1,200 |
| 294000 | 1 | 0.01 | 2,94,000 | 0.43 | 2,400 | 1:1 | 2,400 |
| 360000 | 1 | 0.01 | 3,60,000 | 0.52 | 2,400 | 1:1 | 2,400 |
| 498000 | 1 | 0.01 | 4,98,000 | 0.72 | 3,600 | 1:1 | 3,600 |
| 972000 | 1 | 0.01 | 9,72,000 | 1.41 | 6,000 | 1:1 | 6,000 |
| 1146000 | 1 | 0.01 | 11,46,000 | 1.66 | 7,200 | 1:1 | 7,200 |
| 1345200 | 1 | 0.01 | 13,45,200 | 1.95 | 8,400 | 1:1 | 8,400 |

**3) Allotment to Market Maker:** The Basis of Allotment to Market Maker who have bid at Issue Price of ₹110/- per Equity Shares or above, was finalized in consultation with NSE. The category was subscribed by 1.00 times i.e. for 1,53,600 Equity shares the total number of shares allotted in this category is 1,53,600 Equity Shares. The category wise details of the Basis of Allotment are as under:

| No. of Shares Applied for (Category wise) | No. of Applications received | % to total | Total No. of Equity Shares applied in this Category | % of total | No. of Equity Shares allocated/ allotted per Applicant | Ratio | Total No. of shares allocated/allotted |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1,53,600 | 1 | 100.00 | 1,53,600 | 100.00 | 1,53,600 | 1:1 | 1,53,600 |

**4) Allotment to QIBs excluding Anchor Investors (After Technical Rejections):**
Allotment to QIBs, who have bid at the Issue Price of Rs. 110/- or above per Equity Share has been done on a proportionate basis in consultation with NSE. This category has been subscribed to the extent of 48.81 times of QIB portion. The total number of Equity Shares allotted in the QIB category is 574800 Equity Shares, which were allotted to 21 successful Applicants.

| CATEGORY | FIS/BANKS | MF'S | IC'S | NBFC'S | AIF | FPI | VC'S | TOTAL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **QIB** | 0 | 0 | 15,600 | 1,34,400 | 1,59,600 | 1,24,800 | 1,40,400 | **5,74,800** |

**5) Allotment to Anchor Investors (After Technical Rejections):**
The Company in consultation with the BRLM has allocated 8,59,200 Equity Shares to 7 Anchor Investors at the Anchor Investor Issue Price of Rs. 110/- per Equity Shares in accordance with the SEBI (ICDR) Regulations. This represents upto 60% of the QIB Category.

| CATEGORY | FIS/BANKS | MF'S | IC'S | NBFC'S | AIF | FPI | OTHERS | TOTAL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **ANCHOR** | 0 | 0 | 0 | 4,03,200 | 1,82,400 | 2,73,600 | 0 | **8,59,200** |

The Board of Directors of our Company at its meeting held on September 10, 2024 has taken on record the basis of allotment of Equity Shares approved by the Designated Stock Exchange, being NSE and has allotted the Equity Shares to various successful applicants. The Allotment Advice Cum Refund Intimation will be dispatched to the address of the investors as registered with the depositories. Further, instructions to the SCSBs have been dispatched/ mailed for unblocking of funds and transfer to the Public Issue Account on or before September 10, 2024. In case the same is not received within ten days, Investors may contact the Registrar to the Issue at the address given below. The Equity Shares allotted to the successful allottees shall be uploaded on September 10, 2024 for credit into the respective beneficiary accounts subject to validation of the account details with the depositories concerned. The Company is in the process of obtaining the listing and trading approval from NSE and the trading of the Equity Shares is expected to commence trading on September 12, 2024.
**Note:** All capitalized terms used and not defined herein shall have the respective meanings assigned to them in the Prospectus dated September 10, 2024 filed with the Registrar of Companies, National Capital Territory of Delhi and Haryana ("RoC").

**INVESTORS, PLEASE NOTE**

**The details of the allotment made has been hosted on the website of the Registrar to the Issue, Skyline Financial Services Private Limited at website: https://sklylinerta.com/**
**TRACK RECORD OF BOOK RUNNING LEAD MANAGER:** The Merchant Banker associated with the Issue has handled 55 SME Public Issues in the past three years out of which 1 SME Public Issue was closed below the Issue Price on listing date.

All future correspondence in this regard may kindly be addressed to the Registrar to the Issue quoting full name of the First/ Sole Bidder Serial number of the ASBA form, number of Equity Shares bid for, Bidder DP ID, Client ID, PAN, date of submission of the Bid cum Application Form, address of the Bidder, the name and address of the Designated Intermediary where the Bid cum Application Form was submitted by the Bidder and copy of the Acknowledgment Slip received from the Designated Intermediary and payment details at the address given below:

Skyline Financial Services Pvt. Ltd. Towards Excellence

**SKYLINE FINANCIAL SERVICES PRIVATE LIMITED**
**Address:** D-153A, First Floor, Okhla Industrial Area, Phase -I, New Delhi, Delhi - 110 020, India; **Tel No:** +91-11-40450193-97
**Email:** ipo@skylinerta.com; **Investor Grievance Email:** info@skylinerta.com; **Website:** www.skylinerta.com
**Contact Person:** Anuj Rana; **SEBI Reg. No.:** INR000003241; **CIN:** U74899DL1995PTC071324

**Place: New Delhi**
**Date: September 11, 2024**

**On behalf of Board of Directors**
**MY MUDRA FINCORP LIMITED**
**Sd/-**
**PIYUSHI JINDAL**
**Company Secretary and Compliance Officer**

**THE LEVEL OF SUBSCRIPTION SHOULD NOT BE TAKEN TO BE INDICATIVE OF EITHER THE MARKET PRICE OF THE EQUITY SHARES ON LISTING OR THE BUSINESS PROSPECTS OF MY MUDRA FINCORP LIMITED**

***Disclaimer:*** *My Mudra Fincorp Limited has filed the Prospectus with the RoC on September 10, 2024 and thereafter with SEBI and the Stock Exchange. The Prospectus is available on the website of the BRLM, Hem Securities Limited at www.hemsecurities.com and the Company at: www.mymudra.com, and shall also be available on the website of the NSE and SEBI. Investors should note that investment in Equity Shares involves a high degree of risk and for details relating to the same, please see* ***"Risk Factors"*** *beginning on page 25 of the Prospectus.*
*The Equity Shares have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933, as amended (the* ***"Securities Act"****) or any state securities laws in the United States, and unless so registered, and may not be issued or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the Securities Act and in accordance with any applicable U.S. state securities laws. The Equity Shares are being Issued and sold outside the United States in 'offshore transactions' in reliance on Regulation under the Securities Act and the applicable laws of each jurisdiction where such Issues and sales are made. There will be no public Issuing in the United States.*

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें
पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com

नई दिल्ली, गुरुवार, 12 सितम्बर, 2024

# बायो डी कंपोजर के छिड़काव से किसानों को पराली नहीं जलानी पड़ेगी

## वायु प्रदूषण नहीं होगा और खेतों की उर्वरा शक्ति भी बढ़ेगीः गोपाल राय

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



पिछले साल की तरह इस साल भी दिल्ली सरकार पांच हजार एकड़ से अधिक खेतों में निःशुल्क बायो डी-कंपोजर का छिड़कावा कराएगी- गोपाल राय- बायो डी-कंपोजर के छिड़काव के लिए अभी तक 841 किसानों ने फॉर्म भरा है- गोपाल राय- कृषि विभाग बायो डी-कंपोजर के छिड़काव को लेकर किसानों को जागरूक भी कर रहा है- गोपाल राय- विकास मंत्री गोपाल राय ने बायो डी-कंपोजर के छिड़काव की तैयारियों को लेकर कृषि विभाग और पूसा कृषि अनुसंधान संस्थान के साथ की बैठकनई दिल्ली, 11 सितंबर, 2024केजरीवाल सरकार इस साल भी धान की पराली गलाने के लिए खेतों में बायो डी-कंपोजर का निःशुल्क छिड़काव करेगी। इसके छिड़काव से किसानों को पराली नहीं जलानी पड़ेगी, जिससे वायु प्रदूषण भी नहीं होगा और खेतों की उपजाऊ क्षमता भी बढ़ेगी। इस संबंध में विकास मंत्री गोपाल राय ने बुधवार को कृषि विभाग और पूसा कृषि अनुसंधान संस्थान के अधिकारियों के साथ बैठक की। गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली में खेतों में पैदा किए जा रहे बासमती और गैर बासमती धान के सभी खेतों में सरकार मुफ्त में बायो डी-कंपोजर का छिड़काव किया जाएगा। इसके छिड़काव के लिए अभी तक 841 किसानों ने फॉर्म भर दिया है। सरकार इस साल 5 हजार एकड़ से ज्यादा खेतों में बायो डी-कंपोजर का छिड़काव करने का लक्ष्य रखा है। मंत्री गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली के अंदर सर्दियों के मौसम में होने वाली प्रदूषण की समस्या के समाधान के लिए सरकार लगातार अलग-अलग विभागों के साथ बैठक कर अपना विंटर एक्शन प्लान बनाने की तरफ बढ़ रही है।

सभी विभागों को विंटर एक्शन प्लान को लेकर 21 फोकस बिंदुओं पर अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसके तहत पर्यावरण विभाग विंटर एक्शन प्लान की संयुक्त कार्य योजना तैयार कर रही है। इस वर्ष के 21 फोकस बिंदुओं में शामिल पराली जलाना भी सर्दियों के मौसम में प्रदूषण की समस्या को बढ़ाने में एक एहम भूमिका निभाता है। ऐसे में इस समस्या पर समय रहते उचित कदम उठाए जा सकें, इसलिए हमारी सरकार ने पिछले साल की तरह इस बार भी पराली गलाने के लिए खेतों में बायो डी-कंपोजर का निःशुल्क छिड़काव करने के लिए तैयारी शुरू कर दी है।मंत्री गोपाल राय ने कहा कि सरकार द्वारा इस साल पराली गलाने के लिए 5000 एकड़ से ज्यादा खेतों में निःशुल्क बायो डी-कंपोजर का छिड़काव कराया जाएगा। अभी किसानों से फॉर्म भरवाया जा रहा है। अगर जरूरत हुई तो और भी खेतों में इसका छिड़काव कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूसा संस्थान बायो डी-कंपोजर दिल्ली सरकार को मुहैया करा रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के अंदर कुछ हिस्सों में ही धान की खेती की जाती है। दिल्ली में पराली से प्रदूषण न हो। इसके लिए सरकार ने पिछले साल बायो डी-कंपोजर का निःशुल्क छिड़काव कराया था और इसका बहुत ही सकारात्मक परिणाम रहा है।

# केजरीवाल सरकार का एलानः मुख्यमंत्री प्रतिभाशाली विद्यार्थी कोचिंग योजना में छात्राओं के लिए बढ़ायेंगे 100 सीटें

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




अरविंद केजरीवाल सरकार ने बड़ा ऐलान करते हुए मुख्यमंत्री प्रतिभाशाली विद्यार्थी कोचिंग योजना में छात्राओं के लिए 100 सीटें बढ़ाने का फैसला लिया है। इस स्कीम का लाभ ले रहे बच्चों से बातचीत के दौरान शिक्षा मंत्री आतिशी ने इसकी घोषणा की। बता डे कि, मुख्यमंत्री प्रतिभाशाली विद्यार्थी कोचिंग योजना के जरिए दिल्ली सरकार अपने स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का डॉक्टर-इंजीनियर बनने का सपना पूरा कर रही है। इस स्कीम के जरिए हर साल कक्षा 9वीं और 11वीं के 300 बच्चों की टॉप कोचिंग संस्थानों में जेईई-नीट की फ्री कोचिंग के लिए चुना जाता है। शिक्षा मंत्री आतिशी ने प्रख्यात संस्थानों में नीट-जेईई की फ्री कोचिंग पा रहे छात्रों से बातचीत की, कोचिंग के उनके अनुभवों को जाना और उनका उत्साह बढ़ाया।इस मौके पर शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि, सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे अपने सपने पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करें; सरकार पैसों की कमी कभी भी उनके सपनों के आड़े नहीं आने देगी। उन्होंने कहा कि,सीएम अरविंद केजरीवाल जी का विजन है कि अमीर हो या गरीब हर परिवार का बच्चा आगे बढ़े अपने सपने पूरे करें इसलिए हमनें इस स्कीम की शुरूआत की।

## आजम खान के खिलाफ यूपी में दर्ज मामलों को राज्य से बाहर ट्रांसफर करने की मांग

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने समाजवादी पार्टी नेता आजम खान के खिलाफ उत्तर प्रदेश में दर्ज मामलों को राज्य से बाहर ट्रांसफर करने की मांग पर सुनवाई टाल दी है। जस्टिस एमएम सुंदरेश की अध्यक्षता वाली बेंच ने इस मामले पर दो हफ्ते बाद सुनवाई करने का आदेश दिया। दरअसल, आज आजम खान की ओर से पेश होने वाले वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल मौजूद नहीं थे, जिसकी वजह से सुनवाई टल गई। पहले की सुनवाई के दौरान आजम खान की ओर से पेश वकील कपिल सिब्बल ने कहा था कि आजम खान को उत्तर प्रदेश में निष्पक्ष न्याय नहीं मिलेगा। आजम खान के खिलाफ सौ से ज्यादा एफआईआर दर्ज की गई हैं। कोर्ट ने 11 अक्टूबर, 2023 को अब्दुल्ला आजम खान की दोषसिद्धि पर अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया था।

# संयुक्त संघर्ष समिति का चुनाव संपन्न, 73 मतों से अजय सक्सेना विजय घोषित

प्रात : किरण संवाददाता



रामपुर।संयुक्त संघर्ष समिति का चुनाव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठाकुरद्वारा में शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ।इस चुनाव प्रक्रिया में दिनांक 6-9-24 से नामांकन प्राप्त किए जा रहे थे। जिसके तहत आशु गुप्ता, अजय सक्सेना एवं रंजित सिंह द्वारा अध्यक्ष पद हेतु नामांकन कराया गया। नामांकन प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत नामांकन पत्रों की जाँच की गई जिसमें सभी तीनों नामांकन वैध पाए गये तत्पश्चात जिला शाखा की दिशा निदेर्शानुसार बुधवार को 2 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठाकुरद्वारा में मतदान प्रारंभ हुआ। मतदान शांतिपूर्वक तथा अवधि में 4 बजे समाप्त हुआ। तत्पश्चात मतों की गिनती की गई जिसमें सर्वाधिक 73 मत पाकर अजय सक्सेना विजयी घोषित किए गए। दूसरे स्थान पर आशु गुप्ता 37 मत पाकर उपविजेता रहे वहीं तीसरे स्थान पर रंजित सिंह 23 मत पाकर रनर अप घोषित किए गए। चुनाव की सम्पूर्ण प्रक्रिया वेसिक हेल्थ वर्कर एसोसिएशन जनपद शाखा मुरादाबाद के जिला मंत्री एवं में स्थानीय शाखा के संयोजक नरेश सिंह एवं संयुक्त संघर्ष समिति जनपद शाखा मुरादाबाद के जिला मंत्री विनोद कुमार शर्मा के दिशा निदेर्शानुसार सम्पन्न हुआ। इस चुनावी प्रक्रिया में डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष पाकेश गुप्ता जिला मंत्री हेमंत चौधरी स्थानीय शाखा भोजपुर के अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार शर्मा, भोजपुर शाखा के उपाध्यक्ष राहुल देव पुष्कर स्वतंत्र पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे।

एवं चुनाव प्रक्रिया को पूर्ण कराया है चुनाव के उपरांत सर्वसम्मति से वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर निखलेश कुमार, उपाध्यक्ष पद पर पूजा रानी, शाखा मंत्री कुलवंत सिंह, संगठन मंत्री शोएब खान सर्वसम्मति से चुने गये।थानीय शाखा के चुनाव में चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजपाल स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह, अंकुर शर्मा, रामपाल सिंह, अमित भारद्वाज, आशीष कुमार शर्मा,एवं समस्त कर्मचारी समुदाय उपस्थित रहा। उक्त जानकारी नरेश सिंह संयोजक द्वारा दी गई।

## ऊर्जा परिवर्तन और स्थिरता अब वैश्विक चर्चा के केंद्र में : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज ग्रीन हाइड्रोजन पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि ऊर्जा परिवर्तन और स्थिरता अब वैश्विक चर्चा के केंद्र में है। भारत स्वच्छ और हरित ग्रह बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, हम हरित ऊर्जा पर अपनी पेरिस प्रतिबद्धता को पूरा करने वाले जी 20 देशों में से पहले थे। यह प्रतिबद्धता 2030 के लक्ष्य से नौ साल पहले ही पूरी कर ली गई। पिछले 10 वर्ष में भारत की स्थापित गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता में लगभग 300 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पिछले एक दशक में भारत की सौर ऊर्जा क्षमता 3,000 प्रतिशत से अधिक बढ़ी है। लेकिन हम ऐसी उपलब्धियों पर आराम नहीं कर रहे । हम मौजूदा समाधानों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हम नए और नवोन्वेषी क्षेत्रों पर भी विचार कर रहे हैं। यहीं पर हरित हाइड्रोजन तस्वीर में आती है। हरित हाइड्रोजन विश्व के ऊर्जा परिदृश्य में एक आशाजनक वृद्धि के रूप में उभर रहा है। यह उन उद्योगों को डी-कार्बोनाईजिंग करने में मदद कर सकता है जिन्हें विद्युतीकृत करना मुश्किल है। मुझे विश्वास है कि यह सम्मेलन बेहतरी के लिए कई विचारों के आदान-प्रदान में मदद करेगा।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सिंह सैनी का हुआ भव्य स्वागत

## भाजपा कार्यालय पर कार्यकताओं एवं पदाधिकारीयो ने किया जोरदार स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता





रामपुर।भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व द्वारा भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुनीता सिंह सैनी को राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश का सदस्य बनाए जाने पर पर कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत प्रथम बार रागमपुर आगमन पर जगह-जगह फूल मालाओं से स्वागत किया गया भाजपा कार्यालय पर सुनीता सैनी का भव्य एवं जोरदार स्वागत किया गया तथा महिला मोर्चा की महिलाओं ने तथा पार्टी के पदाधिकारीयो ने सुनीता सिंह सैनी का फूल मालाओं से पटका पहनाकर तथा बुके देकर जोरदार स्वागत किया इस मौके पर उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया तथा तन मन धन से कार्य करने के का वचन दिया। तथा कार्यालय से घर तक ढोल नगाड़ों के साथ उनका जगह-जगह स्वागत किया गया तथा महिलाओं नृत्य करके अपनी खुशी व्यक्त की इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष अभय गुप्ता ,भारत भूषण गुप्ता, पश्चिमी यूपी संयोजक प्रमोद आहूजा, ओबीसी मोर्चा के जिलाअध्यक्ष चेतन स्वरूप मौर्य ,जिला महामंत्री सतनाम सिंह, हरीश गंगवार, राजीव मांगलिक ,नगर पंचायत मसवासी के निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष भूप सिंह मौर्य, जिला महामंत्री दुर्गेश बाबू गंगवार, जागन सिंह गंगवार, विजयलक्ष्मी शर्मा ,ओवीसी जिला मीडिया प्रभारी संजीव कुमार वर्मा, अतर सिंह मौर्य,विनेश मौर्य, लाखन मौर्य,रमेश दिवाकर आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# ‘व्यापारियों का उत्पीड़न सहन नही किया जाएगा’

प्रात : किरण संवाददाता



स्योहारा। व्यापार और व्यापारी के हितों के लिये बनाये गये संगठन ‖उत्तर प्रदेश उधोग व्यापार मंडल‖ के उत्तर प्रदेश की कार्यकारिणी के लिये हुए चुनाव में निर्वाचित हुए पदाधिकारियों की घोषणा में मुकुंद मिश्रा को पुनः प्रदेश अध्यक्ष ,राजेंद्र गुप्ता महामंत्री, दिलीप सेठ महामंत्री व अरुण कुमार वर्मा को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। अरुण कुमार वर्मा को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल में एक बार फिर प्रदेश उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर व्यापारी समाज व अरुण कुमार वर्मा के मित्रो, शुभचिंतकों तथा परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई इस मौके पर व्यापार मंडल के नवनिर्वाचित प्रदेश उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा ने सभी व्यापारीयो एवं प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि प्रदेश अध्यक्ष एवं व्यापारी समाज ने जो सम्मान दोबारा से मुझे दिया है उसका मैं सदा आभारी रहूंगा और व्यापारियों की समस्याओं को हल करने के लिये के पहले से और अधिक प्रमुखता से उठाता रहूंगा। अरुण कुमार वर्मा ने आगे कहा कि व्यापार मंडल का यह संगठन व्यापारियों के साथ-साथ समाज के हितों के लिए भी कार्य करता है बेसहाराओ का सहारा बनकर उन्हें न्याय दिलाने का कार्य करता है व्यापारियों की समस्याओं को अधिकारियों से लेकर सरकार तक के समक्ष रखता है हम पूरे संगठन को साथ लेकर निष्पक्ष रूप से व्यापारियों के हितों के लिये संघर्ष करते है। उन्होंने अपने साथ बने अन्य सभी पदाधिकारीयो को भी बधाई दी

THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY AND IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT. THIS DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE TO SECURITIES. THIS PUBLIC ANNOUNCEMENT IS NOT INTENDED FOR PUBLICATION OR DISTRIBUTION, DIRECTLY OR INDIRECTLY OUTSIDE INDIA.

ÖSEL® **OSEL DEVICES LIMITED**

Scan this QR code to view Corrigendum

**Corporate Identity Number:** U72200DL2006PLC152027

Osel Devices Limited (the "Company" or the "Issuer") was incorporated on August 14, 2006 as a private limited company under the name and style of 'Innovative Infratech Soultions Private Limited', under the Companies Act, 1956, pursuant to a certificate of incorporation dated August 14, 2006 issued by the Registrar of Companies, National Capital Territory of Delhi and Haryana. Subsequently, in order to rectify the transposition error in the name of our Company, pursuant to a resolution passed by our Board of Directors in its meeting held on November 6, 2013, and by the Shareholders in their Extraordinary General Meeting held on November 8, 2013, the name of our Company was changed to 'Innovative Infratech Solutions Private Limited' and a fresh certificate of incorporation dated November 22, 2013 was issued by the Registrar of Companies, National Capital Territory of Delhi and Haryana. Subsequently, pursuant to a resolution passed by our Board of Directors in its meeting held on November 13, 2023, and by the Shareholders in their extraordinary general meeting held on December 15, 2023, in order to reflect the main business activity of the Company and for better branding, the name of our Company was changed to 'Osel Devices Private Limited' and a fresh certificate of incorporation dated January 16, 2024 was issued by the Registrar of Companies, Delhi and Haryana at Delhi. Further, our Company was converted into a public limited company pursuant to a resolution passed by our Board of Directors in its meeting held on March 15, 2024, and by the Shareholders in an extraordinary general meeting held on March 22, 2024 and consequently the name of our Company was changed to 'Osel Devices Limited' and a fresh certificate of incorporation dated May 2, 2024 was issued by the Registrar of Companies, Central Processing Centre. For details of change in Registered Office of our Company, please refer to the chapter titled "History and Certain Corporate Matters" on page 165 of the Red Herring Prospectus.

**Registered office:** Office No.- 712, Naurang House K.G. Marg, Connaught Place, Central Delhi, New Delhi- 110 001, Delhi, India.
**Telephone:** +91 116 666 7621 | **Facsimile:** N.A.
**Corporate Office (Address where the books of accounts of our Company are maintained):** Signature Tower, 1st Floor Plot No 3, Sector Knowledge Park-III, Sector 34, Gautam Buddha Nagar, Noida – 201 307, Uttar Pradesh, India.
**Telephone:** +91 120 635 1600 | **Facsimile:** N.A. | **E-mail:** info@oseldevices.com | **Website:** www.oseldevices.com
**Contact Person:** Sandeep Kumar, Company Secretary & Compliance Officer

**OUR PROMOTERS: RAJENDRA RAVI SHANKER MISHRA AND JYOTSNA JAWAHAR**

**THE ISSUE IS BEING MADE IN ACCORDANCE WITH CHAPTER IX OF THE SEBI ICDR REGULATIONS (IPO OF SMALL AND MEDIUM ENTERPRISES) AND THE EQUITY SHARES ARE PROPOSED TO BE LISTED ON SME PLATFORM OF NSE Limited (NSE EMERGE).**

**THE ISSUE**

**INITIAL PUBLIC OFFER OF UPTO 44,16,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10/- EACH ("EQUITY SHARES") OF OUR COMPANY AT AN ISSUE PRICE OF ₹ [●] PER EQUITY SHARE (INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹ [●] PER EQUITY SHARE) FOR CASH, AGGREGATING UP TO ₹ [●] LACS ("PUBLIC ISSUE") OUT OF WHICH 2,21,600 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10/- EACH, AT AN ISSUE PRICE OF ₹ [●] PER EQUITY SHARE FOR CASH, AGGREGATING ₹ [●] LACS WILL BE RESERVED FOR SUBSCRIPTION BY THE MARKET MAKER TO THE ISSUE (THE "MARKET MAKER RESERVATION PORTION"). THE PUBLIC ISSUE LESS MARKET MAKER RESERVATION PORTION I.E. ISSUE OF 41,94,400 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10/- EACH, AT AN ISSUE PRICE OF ₹ [●] PER EQUITY SHARE FOR CASH, AGGREGATING UP TO ₹ [●] LACS IS HEREINAFTER REFERRED TO AS THE "NET ISSUE". THE PUBLIC ISSUE AND NET ISSUE WILL CONSTITUTE 27.38% AND 26.01% RESPECTIVELY OF THE POST- ISSUE PAID-UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY.**

**ATTENTION INVESTORS – CORRIGENDUM**

**REVISED BID / ISSUE PROGRAMME#**

**BID/ISSUE OPENS FOR ANCHOR INVESTORS ON : FRIDAY, SEPTEMBER 13, 2024**

**BID/ISSUE OPENS ON : MONDAY, SEPTEMBER 16, 2024**

**BID/ISSUE CLOSES ON#: THURSDAY, SEPTEMBER 19, 2024**

*#The Issue was scheduled to close on September 18, 2024, however, the Bid/ Issue Period has been extended by one (1) Working days on account of the Bank holiday on Monday, September 16, 2024 on the occasion of Eid Milad-un-Nabi. Therefore, in accordance with Regulation 266(3) of the SEBI ICDR Regulations, the Issue will now close on Thursday, September 19, 2024. All other terms and conditions prescribed in the RHP dated September 9, 2024, Price Band and Pre-Issue Advertisement and the Corrigendum, shall continue to be applicable.*

**The Bid/Issue Program on page nos. 68, 268 and 274 of the RHP dated September 9, 2024, shall be read as under:**

| Event | Indicative Dates |
|---|---|
| Anchor Portion Issue Opens/Closes On* | Friday, September 13, 2024 |
| Bid/Issue Opening Date ^ | Monday, September 16, 2024 |
| Bid/Issue Closing Date | Thursday, September 19, 2024 |
| Finalization of Basis of Allotment with the Designated Stock Exchange | On or before Friday, September 20, 2024 |
| Initiation of Allotment / Refunds / Unblocking of Funds from ASBA Account or UPI ID linked bank account | On or before Monday, September 23, 2024 |
| Credit of Equity Shares to Demat accounts of Allottees | On or before Monday, September 23, 2024 |
| Commencement of trading of the Equity Shares on the Stock Exchange | On or before Tuesday, September 24, 2024 |

**Our Company may, in consultation with the Book Running Lead Manager, has decided participation by Anchor Investors in accordance with the SEBI ICDR Regulations.*

**PROPOSED LISTING:** The Equity Shares offered through the Red Herring Prospectus are proposed to be listed on the Emerge Platform of the National Stock Exchange of India Limited ("NSE") in terms of the Chapter IX of the SEBI (ICDR) Regulations, 2018 as amended from time to time. Our Company has received an 'in-principle' approval letter dated September 3, 2024 from NSE for using its name in the Offer Documents for listing our shares on the Emerge Platform of NSE. For the purpose of this Issue, the Designated Stock Exchange will be NSE.

**DISCLAIMER CLAUSE OF SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA (SEBI"):** Since the Issue is being made in terms of Chapter IX of the SEBI (ICDR) Regulations, 2018, the Red Herring Prospectus has been filed with SEBI. In terms of the SEBI Regulations, the SEBI shall not issue any observation on the Offer Document. Hence there is no such specific disclaimer clause of SEBI. However, investors may refer to the entire Disclaimer Clause of SEBI beginning on page 257 of the Red Herring Prospectus.

**DISCLAIMER CLAUSE OF NSE EMERGE (THE DESIGNATED STOCK EXCHANGE):** "It is to be distinctly understood that the permission given by NSE should not in any way be deemed or construed that the Offer Document has been cleared or approved by NSE nor does it certify the correctness or completeness of any of the contents of the Offer Document. The investors are advised to refer to the Offer Document for the full text of the 'Disclaimer Clause of NSE".

**GENERAL RISK:** Investments in equity and equity-related securities involve a degree of risk and investors should not invest any funds in the Issue unless they can afford to take the risk of losing their entire investment. Investors are advised to read the risk factors carefully before taking an investment decision in the Issue. For taking an investment decision, investors must rely on their own examination of our Company and the Issue, including the risks involved. The Equity Shares in the Issue have not been recommended or approved by the Securities and Exchange Board of India ("SEBI"), nor does SEBI guarantee the accuracy or adequacy of the contents of the Red Herring Prospectus. Specific attention of the investors is invited to the section titled "Risk Factors" on page 26 of the Red Herring Prospectus.

| BOOK RUNNING LEAD MANAGER TO THE ISSUE | REGISTRAR TO THE ISSUE | COMPANY SECRETARY AND COMPLIANCE OFFICER |
|---|---|---|
| **Horizon Management Private Limited**<br>19 R N Mukherjee Road, Main Building,<br>2nd Floor, Kolkata- 700 001,West Bengal, India.<br>**Telephone:** +91 33 4600 0607<br>**Facsimile:** +91 33 4600 0607<br>**Email ID:** smeipo@horizon.net.co<br>**Website:** www.horizonmanagement.in<br>**Investor Grievance ID:**<br>investor.relations@horizon.net.co<br>**Contact Person:** Manav Goenka<br>**SEBI Registration Number:** INM000012926 | **MAS Services Limited**<br>T-34, 2nd Floor, Okhla Industrial Area,<br>Phase - II, New Delhi -110 020, Delhi, India<br>**Telephone:** +91 112 638 7281/83<br>**Facsimile:** +91 112 638 7384<br>**Email ID:** info@masserv.com<br>**Website:** www.masserv.com<br>**Investor grievance:**<br>investor@masserv.com<br>**Contact Person:** N C Pal<br>**SEBI Registration:** INR 000000049<br>**Validity:** Permanent | ÖSEL®<br>**OSEL DEVICES LIMITED**<br>Sandeep Kumar, Company Secretary and Compliance Officer<br>Signature Tower, 1st Floor Plot No 3, Sector Knowledge Park-III, Sector 34, Gautam Buddha Nagar, Noida – 201 307, Uttar Pradesh, India \| **Tel:** +91 120 635 1600<br>**Email:** info@oseldevices.com \| **Website:** www.oseldevices.com<br>**CIN:** U72200DL2006PLC152027<br>Bidders are advised to contact the Company Secretary and Compliance Officer, the BRLM and/or the Registrar to the Issue in case of any pre-Issue or post-Issue related problems such as non-receipt of letters of Allotment, credit of Allotted Equity Shares in the respective beneficiary account, non-receipt of funds by electronic mode etc. |

**AVAILABILITY OF RHP AND CORRIGENDUM:** Investors are advised to refer to the RHP, Price Band and Pre-Issue Advertisement and this Corrigendum and the "Risk Factors" beginning on page 26 of the RHP before applying in the Issue. A copy of the RHP is available on the website of the SEBI at www.sebi.gov.in, the website of the BRLM at www.horizonmanagement.in and the Stock Exchange at www.nseindia.com.

**AVAILABILITY OF BID CUM APPLICATION FORM: Bid cum Application Form can be obtained from the Registered Office of Company, Osel Devices Limited: Tel:** +91 120 635 1600; **Fax:** NA ; **BRLM: Horizon Management Private Limited Telephone:** +91 33 4600 0607; **Facsimile:** +91 33 4600 0607; and at selected locations of Sub-Syndicate Members, Registered Brokers, SCSBs, Designated RTA Locations and Designated CDP Locations for participating in the Issue. Bid cum Application Forms will also be available on the websites of the Stock Exchange at www.nseindia.com and at all the Designated Branches of SCSBs, the list of which is available on the websites of the Stock Exchange and SEBI.

**BANKER(S) TO THE ISSUE:** Axis Bank Limited.

**PUBLIC ISSUE ACCOUNT BANK/REFUND BANK/ SPONSOR BANK:** Axis Bank Limited.

**All capitalised terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in the RHP.**

**For OSEL DEVICES LIMITED**
Sd/-
**Rajendra Ravi Shanker Mishra**
**Managing Director**

**Place:** Noida
**Date:** September 10, 2024

**Disclaimer: Osel Devices Limited** is proposing, subject to applicable statutory and regulatory requirements, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to make an initial public offer of its Equity Shares and has filed the RHP with the Registrar of Companies, Delhi, on September 9, 2024, and thereafter with SEBI and the Stock Exchange. The RHP is available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in, NSE at www.nseindia.com and is available on the website of the BRLM at www.horizonmanagement.in. Any potential investors should note that investment in equity shares involves a high degree of risk and for details relating to the same, please refer to the RHP including the section titled "Risk Factors" beginning on page 26 of the Red Herring Prospectus.

The Equity Shares have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933, as amended (the "Securities Act") or any state securities laws in the United States, and unless so registered, and may not be issued or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the Securities Act and in accordance with any applicable U.S. state securities laws. The Equity Shares are being issued and sold outside the United States in 'offshore transactions' in reliance on Regulation "S" under the Securities Act and the applicable laws of each jurisdiction where such issues and sales are made. There will be no public offering in the United States.

AdBaaz

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, गुरुवार, 12 सितम्बर, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### जमीन सर्वे में आवश्यक कागजात जुटाने में लोगों की बढ़ी भाग-दौड़

गिद्धौर। गिद्धौर प्रखंड सहित सभी स्थानों में जमीन सर्वे का कार्य शुरु होने वाला है। सर्वे में आवश्यक कागजात तैयार करने के लिए भूस्वामियों की भाग-दौड़ बढ़ गई है। यही कारण है कि अंचल कार्यालय से लेकर पंचायतों के हल्का कार्यालयों में सुबह से शाम तक लोगों की काफी भीड़ देखी जा रही है सर्वे के लिए सरकार की ओर से भूस्वामियों को निर्धारित प्रपत्र में अपना कागजात जमा करने की ताकीद की गई है, जिसको लेकर किसी को लगान रसीद कटाने के लिए परेशानी है तो किसी का दाखिल खारिज एवं परिमार्जन का मामला लटका हुआ है,जिसकी वजह से प्रत्येक दिन काफी लोग अंचल कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। वहीं लोगों के लिए भूमि सर्वे में अपने पूर्वजों की जमीन बंटवारे को लेकर वंशावली बनवाना टेढ़ी खीर साबित हो रही है।जिसके लिए लोग सरपंच के पीछे दौड़ रहे थे।

### 11 लीटर देसी महुआ शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

संग्रामपुर (मुंगेर)। अवैध शराब कारोबारी के खिलाफ लगातार पुलिस की दबिश के बावजूद भी काली कमाई के लालच में शराब कारोबारी इस अवैध धंधे का मोह त्याग नहीं पाए हैं। संग्रामपुर पुलिस ने मंगलवार की संध्या बाइक से देसी शराब की डिलीवरी देने जा रहे एक शराब कारोबारी को 11 लीटर देसी शराब के साथ हिरासत में ले लिया। शराब कारोबारी की बाइक भी जप्त कर थाने ले आई गई। शराब कारोबारी की पहचान बेलहर थाना क्षेत्र के देवनडीह गांव निवासी प्रेम कुमार के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की संध्या संग्रामपुर पुलिस ए एस आई विजय सिंह के नेतृत्व में संध्या गश्ती पर थी। सुल्तानगंज देवघर मार्ग पर धनकुंडा के समीप संदेह के आधार पर एक बाइक सवार को रुकने को कहा गया। पुलिस को देखकर बाइक सवार गाड़ी को पीछे मोड़कर भागना चाह रहा था परंतु पुलिसकर्मियों के द्वारा उसे पकड़ लिया गया।उसकी तलाशी लेने पर झोले में रखी 11 लीटर देसी शराब बरामद की गई।

# घायल मुंशी के 15 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस की पकड़ से दूर है अपराधी

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई/गिद्धौर:- खैरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोल्हुआ के घनश्याम स्थान के निकट अवैध रूप से जोगा झींगोई बालू घाट चलाए जा रहे हैं। बालू डंप यार्ड पर गोलीबारी की घटना को दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी खैरा पुलिस को अब तक मामले में एक नामजद आरोपी पिंटू राम को ही पकड़ पाई है। बाकी पांच नामजद आरोपी अब तक पुलिस प्रशासन के पकड़ से बाहर चल रहे हैं ।वहीं पीड़ित परिवार की मानो तो फरार चल रहे आरोपित केस उठाने का दवाव रात में आकर घर पर बना रहे हैं ।जिससे घायल मुंशी कुंदन कुमार का पूरा परिवार डर के साए में जिंदगी जीने को विवश है। वहीं मंगलवार को कुंदन की मां सुशीला देवी, पत्नी अंजली देवी, भाई प्रदीप राम सहित दर्जनों कोल्हुआ के ग्रामीण झाझा विधायक दामोदर रावत से उनके आवास पर जाकर मुलाकात कर न्याय दिलाने की गुहार लगाई ।

वही कुंदन राम की मां सुशीला देवी ने विधायक दामोदर रावत को बताया कि खैरा थाना पुलिस कुछ नहीं कर रही है गोलीबारी मामले में नामजद फरार सभी नामजद आरोपी देर रात्रि कोल्हुआ स्थित अपने घर आते जाते हैं और घर का सामान इधर से उधर लेकर चले जा रहे हैं रात्रि में सभी लोग नदी किनारे रखे बालू डंप यार्ड और मेरे घर के इधर उधर बाइक से चक्कर लगाते हैं रात्रि में घर के समीप बाइक रोक कैसे उठाने की धमकी देकर चला जाता है। जिससे हम सब परिवार डर की जिंदगी जीने को विवश है। कभी भी हम सबों के साथ उन लोगों द्वारा अप्रिये घटना को अंजाम दिया जा सकता है। वही खैरा थाना पुलिस के द्वारा स्थानीय चौकीदार के द्वारा ही उसका घर का सुरक्षा दिया जा रहा है। वही चौकीदार घर के आसपास रात में कहीं दिखाई नहीं पड़ता है। वही सुशीला देवी ने बताया कि विधायक जी को जब हम सारे परिवार मिलकर उनसे मदद मांगने गए तो विधायक जी ने बताया कि सभी का पता दीजिए कहां रहता है पुलिस को सूचना देंगे वही सुशीला की मानो तो विधायक जी से भी इस कांड में मदद नहीं करने से नाराज दिखाई पड़ रही थी। संचालक के इशारे पर चलवाई थी गोली और अब तक नहीं हुई कार्रवाई खैरा प्रखंड क्षेत्र के जौगा झींगोय की जगह गिद्धौर के कोल्हुआ घनश्याम स्थान वरनार नदी के किनारे बिना विभागीय अनुमति के डंपिंग यार्ड के संचालक पर जिला प्रशासन द्वारा अब तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है। गोलीबारी में घायल मुंशी कुंदन जिंदगी और मौत से लड़ रहे हैं। भाई प्रदीप व पत्नी अंजली देवी ने खनन विभाग डंप संचालक पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि ड़ंप संचालक के इशारे पर गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया है। स्थानीय बालू तस्करों द्वारा अंजाम दिया गया कुंदन को तीन गोली मारी गई थी लेकिन पुलिस द्वारा उक्त दो गोली ही लगने की बात बताई गई जबकि डॉक्टर ने कुंदन के सिर में दो गोली फंसे होने की बात बताई है। और एक गोली हाथ के ऊपर हिस्से पर लगी थी जिसे निकाल दिया गया है। बताया कि कुंदन के सिर में लगी गोली डॉक्टर द्वारा अब तक नहीं निकाला जा सका है। जिसकी वजह से कुंदन पिछले 12 दिनों से बेहोश पड़ा हुआ है। मालूम हो कि मामले में नामजद आरोपित जिला परिषद अनीता देवी के पति ललन राम, नरेश राम, देवर दिवाकर राम ,अशोक राम, दिलीप राम सभी पुलिस से फरार चल रहे हैं। खैर जो भी हो अवैध बालू तस्करी रुकने का नाम गिद्धौर प्रखंड भर में नहीं ले रही है और जिला प्रशासन सिर्फ मूक दर्शक बनकर देख रहे हैं ।

## आंगनबाड़ी सेविका ने मोटे अनाज का रंगोली बनाकर कुपोषण के प्रति किया जागरूक

### पोषण अभियान के तहत निकाली गई प्रभात फेरी



प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। 1 सितंबर से 30 सितंबर तक चलने वाले पोषण माह के तहत बुधवार को सदर मुंगेर प्रखंड के नौवागढ़ी दक्षिणी तारापुर दियारा पंचायत की सेविकाओं द्वारा संयुक्त रूप से पोषण माह कार्यक्रम आंगनबाड़ी केंद्र संख्या- 136पर आयोजित की गई। दोनों पंचायत की सेविकाओं ने मोटे अनाज की रंगोली बनाकर लोगों को जागरूक किया। इसके पूर्व सेविकाओं ने पंचायत में कुपोषण के प्रति जागरूकता को लेकर प्रभात फेरी भी निकाली। वहीं, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, मुंगेर ग्रामीण, प्रियदर्शनी ने मौके पर उपस्थित गर्भवती धात्री महिलाओं के बीच कुपोषण से बचाव के तहत किए जाने वाले उपायों का विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि, किस प्रकार से हम लोग सही भोजन का प्रयोग करेंगे और कुपोषण का शिकार नहीं होंगे। वहीं, कार्यक्रम में महिला पर्यवेक्षक का सोनी कुमारी, आंगनबाड़ी सेविका रेणु देवी, अर्चना कुमारी, सीता कुमारी, प्रियंका कुमारी, पूनम कुमारी, बेबी कुमारी, रंजना कुमारी मनीषा कुमारी,ममता कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, सहायिका-प्रेम शिला कुमारी ,रिंकू कुमारी सहित अन्य सेविका सहायिका तथा गर्भवती धात्री महिलाओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

## 18 सितंबर से होगी बी बॉस की परीक्षा वेबसाइट से प्रवेश पत्र को डाउनलोड कर सकेंगे

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। बिहार बोर्ड द्वारा संचालित बिहार मुक्त विद्यालय शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (बी बॉस) की दसवीं व 12 वीं की सैद्धांतिक परीक्षा जिले में 18 सितंबर से 26 सितंबर को आयोजित होगी। जबकि 12 वीं की परीक्षा 1 अक्टूबर को समाप्त होगी। इसको लेकर परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। दसवीं की प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन बुदवार से 13 सितंबर के बीच आयोजित की जा रही है। 12 वीं की प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन 12 से 14 सितंबर के बीच होगी। परीक्षा को लेकर प्रवेश पत्र भी बोर्ड के वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है ।अध्ययन केंद्र के को-ऑर्डिनेटर बोर्ड की वेबसाइट से प्रवेश पत्र को डाउनलोड करेंगे ।दसवीं की परीक्षा में पहले दिन 18 सितंबर को प्रथम पाली में विज्ञान व द्वितीय पाली में योग एवं शारीरिक शिक्षा की परीक्षा आयोजित होगी। 19 सितंबर को गृह विज्ञान व बेसिक कंप्यूटर,20 सितंबर को चित्रकला व गणित और 21 सितंबर को हिंदी व संस्कृत की परीक्षा होगी। 23 सितंबर को अंग्रेजी व सामाजिक विज्ञान,24 सितंबर को उर्दू व भारतीय संस्कृति एवं विरासत,25 सितंबर को व्यवसाय अध्ययन व मैथिली,जबकि 26 सितंबर को प्रथम पाली में भोजपुरी व बंगाल की परीक्षा होगी। द्वितीय पाली में अरबी व फारसी की परीक्षा होगी। 12 वीं परीक्षा का समापन 1 अक्टूबर को होगा 12वीं की सैद्धांतिक परीक्षा भी 18 सितंबर से शुरू होगी। 18 सितंबर को हिंदी व अंग्रेजी,19 सितंबर को गणित पर रसायन विज्ञान,20 सितंबर को जीव विज्ञान व भौतिकी, 21 सितंबर को भूगोल व इतिहास, 23 सितंबर को मैथिली,बांग्ला व लेखा शास्त्र और भोजपुरी विषय की परीक्षा होगी। 24 सितंबर को संस्कृत,अरबी व मनोविज्ञान,25 सितंबर को अर्थशास्त्र व गृह विज्ञान, 26 सितंबर को राजनीतिक विज्ञान व समाजशास्त्र,27 सितंबर को योग एवं शारीरिक शिक्षा व कंप्यूटर विज्ञान,28 सितंबर को संगीत व चित्रकला,30 सितंबर को व्यवसाय अध्ययन व शिक्षाशास्त्र व दर्शनशास्त्र,1 अक्टूबर को मगही व उर्दू विषय की परीक्षा होगी।

### शराबी पति से तंग आकर पत्नी ने दर्ज कराई प्राथमिकी

जमुई [ झाझा ] एक पत्नी ने अपने शराबी पति से तंग आकर उसके खिलाफ थाना में आवेदन देकर उसपर प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस संदर्भ में सोनो स्वास्थ्यकेंद्र में कार्यरत महिला कर्मी बबीता कुमारी ने बताया कि वे अपने बच्चों के साथ झाझा नगर क्षेत्र स्थित छोटी चांदवारी के पास किराए के मकान में रहता है। मंगलवार की देर शाम को पति भूलो महतो शराब पीकर घर आया और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। महिला ने बताया कि शराब पीकर आने पर वह बच्चों के साथ भी मारपीट करता है। जिससे मकान मालिक भी घर खाली करने के लिए कहता है। वही महिला की शिकायत पर पुलिस ने शराबी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

## अभा युवा कुशवाहा समाज का परिचय सह संगठन विस्तार कार्यक्रम आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

सोनो जमुई : अखिल भारतीय युवा कुशवाहा समाज जमुई के द्वारा मंगलवार को जमुई जिले के बटिया स्थित एक होटल के परिसर में सक्रिय सदस्यों एवं पदाधिकारियों के साथ परिचय सह संगठन विस्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष हरिओम कुशवाहा ने संगठन की सदस्यता अभियान को तेज करने एवं अधिक से अधिक लोगों को सदस्य बनाने का अपील करते हुए कहा कि हमारे समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है ।हमने अपने परिश्रम , ईमानदारी व त्याग से बड़े से बड़ा मुकाम हासिल किया है । इसे पाने के लिए हम सभी को एकजुट होने की जरूरत है ।तभी हम अखण्ड भारत का पुनः निर्माण कर सकेंगे ।श्री कुशवाहा ने संगठन के द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम कार्यशाला पर परिचर्चा के बारे में विस्तृत जानकारी दिये ।इस कार्यशाला में मुख्य विषय राजनीति , शिक्षा , रोजगार , स्वास्थ्य , पर्यावरण बचाओ अभियान , समाज में व्याप्त दहेज प्रथा को समाप्त किया जाये तथा एकता एवं संगठन का विस्तार करना , बल्ड बैंक शिविर आदि पर आप सभी जिले के प्रत्येक गॉव में संगठन के द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम पर परिचर्चा करें। जदयू जिला अध्यक्ष सह प्रदेश उपाध्यक्ष शेलेंद्र महतो ने कहा कि इतिहास उन्हीं को याद रखता है जो इतिहास बनाने का काम करते हैं ।आपका एक कदम और उत्साही सोच समाज में क्रांति पैदा कर सकती है । साथ ही कहा की किसी समाज की उन्नति के लिए प्रत्येक व्यक्ति का योगदान जरूरी है । पूर्व विधान सभा प्रत्याशी चकाई विधानसभा सह संगठन प्रदेश उपाध्यक्ष संजय मंडल ने कहा की आबादी की अनुकूल अपनी भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए आप सभी गोलबंद हों क्योंकि आने वाला समय हमारा है ।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश चिकित्सा सलाहकार अवधेश कुशवाहा ने कहा की निरंतर प्रयास से ही समाज का विकास संभव है ।प्रदेश उपाध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधी अयोध्या मंडल ने कहा की समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आपसी द्वेष भावना को छोड़कर समाज की उन्नति के लिए कार्य करना चाहिए ताकि समाज का विकास हो सके ।प्रदेश महासचिव नीतीश कुमार ने कहा की कुशवाहा समाज के लोगों की एकता को मजबूत करना है। साथ ही संगठन से जुड़ने के लिये टोल फ्री मिस्ड कॉल नंबर 9958036006 की जानकारी दिए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष जगदीश कुमार मेहता , जिला कृषि सलाकार बिंदेशरी मंडल , जिला उपाध्यक्ष सागर महतो , सोनो प्रखंड अध्यक्ष चंदन कुशवाहा , झाझा प्रखंड अध्यक्ष कपिल देव प्रसाद , संजीत कुमार , पिंटू कुमार , अशोक वर्मा , बिनोद कुमार समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजुद थे। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र एवं फूल मालाओं के साथ किया गया ।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जागरूकता रथ को किया गया रवाना



प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर (बिहार)। बुधवार के दिन जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार के आलोक गुप्ता एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार के दिनेश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर प्रचार रथ को रवाना किया ।इस मौके पर अरविंद कुमार शर्मा प्रधान न्यायाधीश प्रबल दत्ता अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय प्रदीप चौधरी विशेष न्यायाधीश पॉक्सो धीरज कुमार मिश्रा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंचम लाल बिहारी पासवान मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी भोला सिंह प्रधान न्यायिक दंडाधिकारी श्रीमती संगीता कुमारी अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी श्रीमती कविता अग्रहरि मुंशिफ प्रथम ब्रजकिशोर चौधरी मुंशिफ द्वितीय एवं रत्नेश कुमार द्विवेदी न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी श्रीमती निष्ठा सुश्री अनन्या एवं शक्तिमान भारती न्यायिक दंडाधिकारी द्वितीय श्रेणी भी मौजूद रहे ।इस मौके पर अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि यह प्रचार रथ सुदूर ग्रामीण क्षेत्र एवं शहरी क्षेत्र में जाकर लोगों को इस राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रति जागरूक करेगा ताकि आम जनमानस राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रति जागरूक हो ।इस राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निष्पादन के लिए अधिक से अधिक पक्षकारों को नोटिस निर्गत किया जाना चाहिए तथा पक्षकारों के साथ सभी न्यायिक पदाधिकारी गण प्रति दिन फ्रिसेटिंग करे हैं। जिससे कि अधिक से अधिक वादों का निष्पादन किया जा सकेगा। लोक अदालत द्वारा पारित अवार्ड को सिविल कोर्ट की डिग्री की तरह कानूनी मान्यता प्राप्त है अगर कोई न्यायिक शुल्क दिया गया हो तो वाद के निस्तारण के उपरांत उसे वापस कर दिया जाता है। लोक अदालत में मामलों के निस्तारण दोनों पक्षों की सहमति से होता है इसलिए किसी पक्ष की हार या जीत नहीं होती है दोनों पक्षों के बीच सौहार्द्र बना रहता है इसलिए इस मौके पर सभी न्यायिक पदाधिकारी गण व्यवहार न्यायालय मुंगेर उपस्थित थे।

## मुंगेर जिले के स्वच्छता कर्मियों ने उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को सौंपा मांग- पत्र



प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर ।बिहार प्रदेश स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं स्वच्छता कर्मी संघ, बिहार के प्रदेश अध्यक्ष सह मुंगेर सदर प्रखंड अंतर्गत नौवागढ़ी दक्षिणी पंचायत के स्वच्छता पर्यवेक्षक श्रवण कुमार के नेतृत्व में शकुनी चौधरी कॉलेज तारापुर मुंगेर में स्वच्छता कर्मियों का एक प्रतिनिधिमंडल ने मुंगेर के बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने उपमुख्यमंत्री को अपनी 5 मांगों से संबंधित एक मांग- पत्र सौंपा। मांग पत्र में स्वच्छता कर्मियों ने कहा है कि, हमारे नियुक्ति संविदा के आधार पर हुई है। परंतु, संविदा के मापदंडों का लाभ हमें नहीं मिल रहा है। हमें संविदा से संबंधित एवं मापदंडों के अनुरूप सभी तरह के लाभ दिए जाएं और हमें उचित मानदेय दिया जाए।। हमें जो मानदेय दिया जा रहा है वह हमारे कार्यों को देखते हुए काफी कम है। हम सभी स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं स्वच्छता कर्मी हमेशा आर्थिक कठिनाइयों से घिरे रहते हैं। ऐसे में पूर्व में पंचायत राज विभाग द्वारा निर्गत पत्र के आलोक में हमारा मानदेय बढ़ाकर 20000 रुपया किया जाए। इसके साथ ही सरकार द्वारा पूर्व में जारी पत्र के अनुसार हमारे बैठने की व्यवस्था पंचायत सरकार भवन अथवा पंचायत भवन में किया जाए। इसके अतिरिक्त पत्र में कहा गया है कि, हमारा काम साफ- सफाई का है। इस क्रम में हम गंदगी से घिरे रहते हैं। ऐसे में स्वच्छता पर्यवेक्षकों एवं स्वच्छता कर्मियों को विभिन्न तरह का भयंकर बीमारी होने का खतरा बना रहता है। इसलिए, कार्य की प्रकृति एवं उससे होने वाले विभिन्न बीमारियों के खतरों को देखते हुए हमारा हेल्थ कार्ड बनाया जाए।

### पुलिस वाला बनकर किया बाइक की छिनतई

संग्रामपुर ( मुंगेर)। संग्रामपुर बाजार से अपने बाइक से घर जा रहे एक व्यक्ति से पुलिस वाला बनकर बाइक छीन लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले को लेकर सरकटिया गांव निवासी विकास यादव पिता मदन यादव के द्वारा संग्रामपुर थाने में आवेदन दिया गया है। संग्रामपुर थाना में दिए गए आवेदन में पीड़ित विकास यादव ने बताया है कि मंगलवार की संध्या सात बजे वह अपने बाइक पैशन प्रो जिसका नंबर इफ10र-4102 है, संग्रामपुर बाजार से अपने घर सरकटिया की ओर जा रहा था। सरकटिया गांव पहुंचने के कुछ पहले पीछे से आ रहे एक अपाची बाइक पर सवार दो व्यक्तियों ने उन्हें गाड़ी रोकने को कहा। जब मैंने बाइक रोकी तो उन दोनों के द्वारा खुद को पुलिस वाला बताकर हमसे जांच के लिए बाइक की कागजात मांगी गई ।मेरे कागजात को देखने के बाद उन्होंने कहा कि कागज में कमी है तुम्हारी गाड़ी को थाना ले जा रहे हैं वहां से आकर अपना गाड़ी ले जाना। इसके बाद जब संग्रामपुर थाना मैं जाकर जानकारी ली गई तो मेरी गाड़ी वहां नहीं थी एवं वहां का कोई पुलिस कर्मी संध्या में उधर गस्ती में नहीं गई थी। बाइक के संबंध में आबकारी थाना तारापुर में भी जानकारी ली गई परंतु वहां भी बाइक नहीं थी।

## आस्था-औद्योगिक प्रतिष्ठानों में होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम, तैयारी हुई शुरू

### विश्वकर्मा पूजा के साथ अनंत चतुर्दशी भी

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। इस वर्ष 17 सितंबर को अनंत चतुर्दशी व्रत एवं भगवान विश्वकर्मा की पूजा दोनों एक ही दिन है। इसको लेकर भक्त तैयारीयों में जुट गए हैं। जिले में इस दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी तैयारी है। 17 सितंबर को श्रद्धालु विशेष पूजा अर्चना कर भगवान अनंत और देव शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की आराधना करेंगे। अनंत चतुर्दशी व्रत भाद्रपद मास की शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी को मनाया जाता है। इस दिन भगवान विष्णु के अनंत स्वरूप की पूजा की जाती है। मान्यता है की अनंत चतुर्दशी व्रत करने से भक्तों को सभी प्रकार के दुखों से मुक्ति मिलती है और वे अनंत सुख-समृद्धि पाते हैं। भक्त अनंत सूत्र को धारण करते हैं और भगवान विष्णु के अनंत रूप का ध्यान कर उनसे अपने जीवन में सुख शांति की कामना करते हैं। औद्योगिक प्रतिष्ठानों में भगवान शिल्पकार की पूजा 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा भी है। भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि के निर्माणकर्ता और देवताओं के शिल्पकार के रूप में पूजा किया जाता है। इस दिन विशेषकर कारखानों,औद्योगिक प्रतिष्ठानों और कार्यस्थलों पर विश्वकर्मा भगवान की पूजा की जाएगी। इस दिन विशेष रूप से उन लोगों के लिए महत्वपूर्ण है,जो निर्माण,इंजीनियरिंग और औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत है। विश्वकर्मा पूजा में औजारों और मशीनों की सफाई कर उनकी पूजा की जाती है उनसे अपने कार्यों में कुशलता और समृद्धि की कामना की जाती है। लोग अपने घरों में भी मशीनों को औजारों के साथ ही वाहनों की पूजा भी करेंगे। भगवान श्रीकृष्ण के कहने पर पांडवों ने किया था अनंत चतुर्दशी व्रत बता दें की अनंत चतुर्दशी के दिन अनंत भगवान की पूजा करके संकटों के रक्षा करने वाले अनंत सूत्र बांधा जाता है। कहा जाता है कि जब पांडव धृत क्रीड़ा में अपना सारा राज-पाठ हारकर वन में कष्ट भोग रहे थे,तब भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें अनंत चतुर्दशी का व्रत करने की सलाह दी थी। धर्मराज युधिष्ठिर ने अपने भाइयों तथा द्रोपदी के साथ पूरे विधि-विधान से यह व्रत किया तथा अनंत सूत्र धारण किया। अनंत चतुर्दशी-व्रत के प्रभाव से पांडव सभी प्रकार के संकटों से मुक्त हो गए।

## लाइन बॉक्स के बदले ट्रॉली बैग दिए जाने के तुगलकी फरमान को ले गाड़ी प्रबंधक ने दिया एक दिवसीय धरना

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई [ झाझा ] गार्ड को दी जाने वाली लाइन बॉक्स के बदले ट्रॉली बैग दिए जाने के तुगलकी फरमान रेल प्रशासन के द्वारा दिए जाने से ऑल इंडिया गार्डस काउंसिल के केंद्रीय कमेटी के आवाहन पर झाझा और क्यूिल मुख्यालय के गाड़ी प्रबंधक की ओर से झाझा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या तीन स्टेशन प्रबंधक कार्यालय के पास एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। जिसकी अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष गुंजन कुमार के द्वारा किया गया। एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का मार्गदर्शन एम इ एच ताहिर और शाखा सचिव रंजीत बनिया ने किया। धरना प्रदर्शन में गाड़ी प्रबंधक ने रेल प्रशासन के द्वारा गाड़ी प्रबंधक के साथ अव्यावहारिक व अमानवीय फैसले के विरूद्ध नाराजगी जताते हुए जमकर नारेबाजी कर तुगलकी फरमान को वापस लेने की मांग उठाया। लोगों ने कहा कि हम इस धरना प्रदर्शन के माध्यम से रेलवे प्रशासन को यह बता देना चाहते हैं कि हम रेलवे के आधुनिकरण के खिलाफ नहीं है। लाइन बॉक्स में गाड़ी प्रबंधक के व्यक्तिगत सामान नहीं होते है। यह सुरक्षित एवं संरक्षित परिचालन को परिचालित करने के लिए गाड़ी प्रबंधकों को उसके कार्य स्थल पर उपलब्ध कराए गए आवश्यक उपकरण की पेटी है। अध्यक्ष ने कहा कि लाइन बॉक्स की जगह ट्रॉली बैग दिया जा रहा है जबकि पहले लाइन बॉक्स रहने पर उसे बॉक्स पोर्टर गाड़ी में चढ़ाते थे लेकिन यह जिम्मेवारी गाड़ी प्रबंधक के उपर लाद दिया गया है। इसके अलावे करेक्सन सिल्प संख्या 10 के आईटम संख्या 7 जिसमें गाड़ी प्रबंधकों को मालगाड़ियों के बोगियों के हैनंड ब्रेक कसने को कहा गया है। सचिव ने कहा कि हम गाड़ी प्रबंधक इसे न सिर्फ अपने आप में मान सम्मान की लड़ाई मान बैठे है अपितु यह उनके जीवन और मरण का सवाल है। रनिंग कर्मचारी ऐसे ही विपरीत परिस्थितियों और विपरीत मौसम में कार्य करते है। उनकी सामन्य दिनचर्या ऐसे ही अन्य कर्मचारियों से बिल्कुल अलग होता है। अपने डयूटी के लिए जब घर से निकलते है तो उन्हे 72 घंटा तक बाहर रहना पड़ सकता है। ऐसे में उनकी पर्सनल बिलॅन्गिंग्स ही इतना ज्यादा होता है कि उसे ही ढोने में बढ़ती उम्र के साथ परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उसमें भी मालगाड़ी में कार्य करने वाले गाड़ी प्रबंधक 10-15 घण्टा तक अपनी डयूटी लोहे की बनी तख्ती रूपी कुर्सी पर बिना पानी के अरेंजमेंट के करते है। इस प्रकार मालगाड़ी के गाड़ी प्रबंधक को खाने पीने और शौच के लिए अतिरिक्त 5 लीटर पानी लेकर चलना पड़ता है खुरदरी रास्ते और लॉन्ग हाल जैसे लंबी गाड़ी में कार्य करने के लिए बोझ उठाना असंभव सा प्रतीत होता है। हम रेलवे प्रशासन से पहले भी मांग कर चुके हैं और इस धरना के माध्यम से भी मांग कर रहे हैं की आप हमारे उपकरण को हमारे एसएलआर / ब्रेकयान में इनबिल्ट बॉक्स में उपलब्ध करा दीजिए। गुड्स ब्रेकवान में पानी और बिजली की व्यवस्था कर दीजिए, बैठने के लिए अच्छी कुर्सी तथा पेपर वर्क करने के लिए एक टेबल का व्यवस्था कर दीजिए। हमें लाइन बॉक्स के बदले किसी ट्रॉली बैग की आवश्यकता ही नहीं है। उसमें जो आप खर्च करना चाहते हैं उसे भी बचा लीजिए। यह धरना शुरूआत मात्र है। हम रेलवे के कर्मचारी होने के साथ-साथ स्वतंत्र भारत के नागरिक भी हैं। हम स्नातक योग्यता के साथ गाड़ी के इंचार्ज के रूप में कार्य करते हैं। हमें कुली बनना मंजूर नहीं है। रेलवे प्रशासन यह जान ले की गाड़ी प्रबंधक अपनी मान सम्मान की रक्षा के लिए ऑल इंडिया गार्डस काउंसिल के केंद्रीय कमेटी के नेतृत्व में किसी भी हद तक जा सकती है। इस मान सम्मान की लड़ाई को सफल बनाने मे बीरेंद्र कुमार, रजनीश रंजन, मो. इरफान, यूके यादव, अशोक कुमार, एलजे ठाकुर, शैलेश कुमार, भीम कुमार, सोनू कुमार, अजित कुमार, विनीत कुमार सहित झाझा, किउल सहित अन्य जगहों से भारी संख्या गाड़ी प्रबंधकों ने भाग लिया तथा ईसीआर मेंस कॉग्रेस और भारतीय मजदुर युनियन जैसे कर्मचारी ट्रेड यूनियनो ने अपनी उपस्थिति देकर समर्थन दिया।

### एक युवक के साथ तीन लोगों ने कि मारपीट

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] पिता का दवा लाने बाइक से छोटी चांदवारी जा रहे एक युवक के साथ तीन लोगों के द्वारा मारपीट कर घायल कर दिए जाने का मामला थाना में दर्ज कि गई है। इस संदर्भ में हेलाजोत चरघरा के रहने वाले सुधीर पासवान के पुत्र मनीष कुमार के द्वारा दर्ज आवेदन में बताया गया कि मंगलवार की रात्रि लगभग 9 बजे दवा लाने के लिए बाइक से जा रहा था कि तभी बजरंगी कुमार, नीतीश कुमार, सुमन कुमार साकिन भलुआ गणेश जी की प्रतिमा विसर्जन करने जा रहा था तो मै अपने बाइक को साईड करने में थोड़ा बिलंब कर दिया जिससे गुस्साएं तीनों युवकों ने मुझे लाठी आदि से मारपीट करते हुए घायल कर दिया और मुझे जाति सूचक शब्द कहते अशब्द भाषा का प्रयोग किया और कहा कि अगर थाना में केस करोगे तो जान मार देगे। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस के द्वारा नामजद लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## शोभायात्रा निकालकर गणेश प्रतिमा का किया विसर्जन

प्रात : किरण संवाददाता



गिद्धौर। प्ररवंड क्षेत्र में बाबा बूढ़ानाथ मंदिर परिसर में स्थापित विध्नहर्ता गणेश की प्रतिमा का विर्सजन मंगलवार की देर शाम भक्ति भाव पूर्ण माहौल में गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकालकर किया गया। इस अवसर पर यज्ञशाला कमिटि गिद्धौर के द्वारा बाबा बूढ़ानाथ मंदिर में भव्य पूजा पंडाल में स्थापित भगवान श्री गणेश की प्रतिमा का विसर्जन मंगलवार की देर संध्या धूमधाम से गाजे-बाजे के साथ बजार,जमुई रोड़,कलाली रोड़,राज पैलेश का भ्रमण कर त्रिपुरासुंदरी मंदिर तलाब में किया गया। भगवान श्री गणेश की प्रतिमा की शोभायात्रा गांव भ्रमण करते हुए त्रिपुरासुंदरी मंदिर तलाब में श्रद्धा पूर्ण माहौल में भगवान श्री गणेश की आरती प्रार्थना कर विसर्जन कर दिया गया। विसर्जन शोभायात्रा में काफी संख्या में श्रद्धालु एवं पूजा समिति के सदस्य शामिल थे। विसर्जन शोभायात्रा में गणपति बप्पा मोरिया की जय कारा से क्षेत्र गुंजायमान होते रहा ।इस दौरान पूजा समिति के सदस्यों द्वारा महाप्रसाद का भी वितरण किया जा रहा था। इस मौके पर पूजा समिति के आशुतोष वैभव (मोनू) विकाश कुमार,सोनू सागर,रवि राज,अमित कुमार,राकेश कुमार,सोनू कुमार,गुलशन कुमार,छोटू कुमार सहित सैकड़ो भक्त उपस्थित थे ।विसर्जन के दौरान स्थानीये प्रशासन दलबल के साथ मौजूद थे।

सम्पादकीय

## महिला सुरक्षा भी होगा चुनावों में बड़ा मुद्दा

निर्मल रानी

ओलम्पियन विनेश फोगाट के कांग्रेस में शामिल होने तथा जुलाना विधानसभा क्षेत्र से अपनी चुनावी पारी की शुरूआत करने के बाद एक बात यह भी स्पष्ट हो गयी है कि कांग्रेस विनेश का इस्तेमाल केवल स्पोर्ट्स स्टार और जाट चेहरे मात्र के रूप में ही नहीं करेगी बल्कि वह इस सुप्रसिद्ध व लोकप्रिय ओलम्पियन के बहाने भारतीय जनता पार्टी को महिला सुरक्षा के नाम पर देशभर में घेरने का भी प्रयास करेगी। भाजपा ने ह्यबेटी बचाओ बेटी पढ़ाओह्व का नारा देकर तथा इस योजना के प्रचार पर सैकड़ों करोड़ रुपए खर्च कर देश की जनता को यह सन्देश देने की कोशिश की थी कि भाजपा ही बेटी / महिलाओं की एकमात्र हितैषी पार्टी है तथा भाजपा के राज में ही महिलाओं के हितों की पूरी रक्षा व मान सम्मान संभव है। परन्तु यह भी अजीब संयोग है कि इसी भाजपा के राज में देश के अनेक प्रांतों में ऐसी सैकड़ों घटनाएं हो चुकीं जो महिलाओं पर होने वाले अत्याचार में एक मिसाल बन गयीं। क्या मणिपुर तो क्या बंगाल, राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश जैसे राज्यों से तो ऐसी रूह कांपने वाली अनेक घटनाएं हो चुकीं जिनकी दूसरी कोई मिसाल नहीं मिलती। महिला उत्पीड़न, बलात्कार व हत्या जैसे घृणित अपराधों में यह भी देखा गया है कि ऐसे कई भाजपा शासित राज्यों में होने वाली ऐसी सनसनीखेज वारदातों में भाजपा की ओर से खामोशी बरती गयी जबकि किसी गैर भाजपा शासित राज्य खासकर बंगाल में यदि कोई घटना घटी तो उसे भाजपा द्वारा इस हद तक उछाला गया कि बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाये जाने की चर्चा तक छिड़ गयी? जबकि मणिपुर में महिलाओं के साथ जैसे जुल्म हुये वह स्वतंत्र भारत के इतिहास में आज तक कहीं भी नहीं हुये। परन्तु चूँकि मणिपुर भाजपा शासित राज्य है इसलिये इन घटनाओं के लिये न तो वहां के मुख्यमंत्री को जिम्मेदार ठहराया गया न ही किसी से त्याग पात्र माँगा गया? उत्तरांचल में भी ऊंचे रसूख रखने वाले भाजपाई नेता के पुत्र बलात्कार, हत्या जैसे मामलों में शामिल पाए गये। भाजपा शासित राज्यों में घटी ऐसे अनेक घटनायें सरकार की ह्यबेटी बचाओ बेटी पढ़ाओह्व की मुनादी पर सवाल खड़ा कर रही हैं। इसी बीच ओलम्पियन विनेश फोगाट का कांग्रेस का दामन थामना भी भाजपा के लिये बड़ा सिर दर्द साबित हो सकता है। क्योंकि विनेश फोगाट उन विश्वस्तरीय ओलम्पिक पदक विजेता पहलवानों में एक है जिसने उत्तर प्रदेश के पूर्व भाजपा सांसद व भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृज भूषण सिंह द्वारा कुछ महिला पहलवानों के साथ कथित रूप से किये गये दुर्व्यवहार के विरुद्ध मोर्चा खोलते हुये जंतर मंतर पर धरना दिया था। यह धरना गत वर्ष 28 मई 2023 को उस समय और भी सुर्खियों में छा गया था जबकि उस दिन नये संसद भवन के उद्घाटन के अवसर पर बृज भूषण सिंह के विरुद्ध धरनारत इन पहलवानों को दिल्ली पुलिस ने बलपूर्वक जंतर मंतर से घसीट कर धरना समाप्त करा दिया था। उस दिन देश ने ह्यबेटी बचाओ बेटी पढ़ाओह्व का नारा देने वाली भाजपा के दो चरित्र व चेहरे देखे थे। एक तरफ तो उत्पीड़न की शिकार देश का मान सम्मान विश्व में बढ़ने वाली बेटियां पुलिस जुल्म का शिकार हो रही थीं उन्हें सड़कों पर घसीटा जा रहा था। जबकि ठीक उसी समय नारी उत्पीड़न का आरोपी बृज भूषण सिंह मुस्कुराता हुआ नवनिर्मित संसद भवन के उद्घाटन समारोह की शोभा बढ़ा रहा था। इन्हीं धरनारत पहलवानों में दिल्ली पुलिस की ज्यादतियों का शिकार एक खिलाड़ी विनेश फोगट भी थी जो अब कांग्रेस में शामिल होकर पूरे देश को भाजपा के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओह्व के खोखले दावों और इसकी हकीकत में अंतर से परिचय कराएगी। इसी महिला सम्मान के सवाल को लेकर एक और सेल्फ गोल करते हुये भाजपा द्वारा हरियाणा विधानसभा चुनाव में चरखी दादरी से पूर्व जेलर सुनील सांगवान को टिकट दिया गया है। सुनील सांगवान की विशेषता यह है कि रोहतक की सुनारिया जेल में उनके जेल अधीक्षक के कार्यकाल के दौरान रेप व हत्या के दोषी गुरमीत राम रहीम को 6 बार पैरोल मिली थी। इस पैरोल को दिलाने में सहायता करने में जेलर सुनील सांगवान की विशेष भूमिका थी।

## बिहार में शराबबंदी की सच्चाई

पूर्णिया सांसद पप्पू यादव जब रूपौली प्रखंड मुख्यालय में औचक निरीक्षण करने पहुंचे तो वहां का प्रधान लिपिक शराब के नशे में धुत्त था। तब सांसद ने पुलिस को सूचना देकर उसे गिरफ्तार करवाया। इस घटनाक्रम से यह खुलासा तो हो ही गया है कि बिहार में शराबबंदी जरूर कर दी लेकिन बिहार में शराब की अवैध बिक्री चालू है। सांसद के आने की भनक सुनकर मौके से प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी के साथ ही अधिकतर कार्यालय कर्मी गायब हो गए। लेकिन, अंचल में तैनात प्रधान लिपिक आनंदकांत ठाकुर शराब के नशे में धुत्त अपने कक्ष कुर्सी पर डटे रहे। जैसे ही सांसद प्रधान लिपिक के पास पहुंचे शराब की दुर्गंध सूंघ भौचक रह गए। इससे सहज ही अंदाजा लगाया लगाया जा सकता है कि बिहार में सुशासन की गाडी.कैसे हांकी जा रही है। बिना देर किए ही सांसद ने प्रधान लिपिक से बात करने के बजाय सीधे रूपौली थानेदार को फोन लगा कर मौके पर बुलाया। इसके बाद थानेदार उदय कुमार प्रधान लिपिक को गिरफ्तार कर साथ लेकर चले गए। थानेदार उदय कुमार ने बताया कि प्रधान लिपिक को धमदाहा भेज कर ब्रेथएनलाइजर से जांच करवायी गयी। इसमें नशे की पुष्टि हुई। बिहार में हाल के कुछ दिनों में कई संदिग्ध मौतें हुई हैं जो ये बताती हैं कि बिहार में कागजों पर शराबबंदी लागू है लेकिन हकीकत इन दावों से जुदा है। सीतामढ़ी में 3 लोगों की संदिग्ध मौत से सवाल उठने लगे हैं। इसी बीच समस्तीपुर में भी 3 लोगों की संदिग्ध मौत हो गई। कटिहार और वैशाली में भी दो-दो लोगों की संदिग्ध मौतों ने सरकार के दावे पर सवाल खड़े कर दिए। इसी बीच सरकार अब शराबबंदी की सक्सेस को आंकने के लिए तीसरा सर्वे करा रही है। रांची की एक संस्था को बिहार में शराबबंदी की रिपोर्ट तैयार करने के लिए दी गई है। जीविका की मदद भी ली जा रही है। पहली दो रिपोर्ट में शराबबंदी को बिहार में सफल बताया गया। तीसरी रिपोर्ट में भी शराबबंदी के पक्ष में संकेत मिलने की बात मिल रही है, लेकिन इसके बावजूद प्रशांत किशोर से लेकर सहयोगी जीतनराम मांझी और विरोधी आरजेडी तक सवाल खडे.कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने तो यहां तक कह डाला कि बिहार के थानों में दारोगा, एसपी, जज, कलेक्टर शराब पी रहे हैं लेकिन उन्हें कोई गिरफ्तार करने वाला नहीं है, वहीं मेहनत मजदूरी करने वाले मजदूर को पाव भर शराब पीने पर गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है बड़े शराब तस्करों की गिरफ्तारी नहीं की जा रही है लेकिन छोटे पीने वाले को तुरंत गिरफ्तार किया जा रहा है। शराब और नशे के क्या दुष्परिणाम होते हैं यह हम पंजाब को देख कर समझ सकते हैं। एक अध्ययन के अनुसार शराब की लत में काफी बढ़ोतरी हुई। आज हर आठ में से एक व्यक्ति में शराब की लत पाई जा रही है। शराब ने न सिर्फ भारत बल्कि वैश्विक स्तर पर अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। चिकित्सकों और समाजविज्ञानियों का दावा है कि दुनिया में 14 करोड़ लोग अवसाद से प्रभावित हैं और वे शराब की वजह से होने वाली बीमारियों से जूझ रहे हैं। आज पूरी दुनिया में हेपेटाइटिस और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां बढ़ती जा रही है। भारत जैसे विकासशील देश ही नहीं विकसित अमेरिका और यूरोपीय देश भी इसकी चपेट में हैं। यह बात सही है कि किसी बीमारी का कोई एक कारण नहीं होता है, कई चीजों के एक साथ होने से कोई बीमारी होती है। लेकिन कुछ मूल कारण होते हैं जिससे ये रोग जन्मते हैं। कैंसर के मूल में जहां तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट और गुटखा का सेवन है वहीं लीवर संबंधी बीमारियों का कारण अत्यधिक शराब सेवन है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आकड़ों के अनुसार अल्कोहल की बढ़ती खपत सिर्फ रोग ही नहीं बल्कि कई अन्य समस्याओं का भी कारण है। शराब की वजह से दो सौ प्रकार के रोग होते हैं तो शराब पीकर वाहन चलाने से वैश्विक स्तर पर दुर्घटनाओं में मौतों की बाढ़ आ गई है। शराब के नशे में धुत होकर हत्या, बलात्कार और लूट की घटनाओं को हम दिन-प्रतिदिन देख-सुन रहे हैं। शराब पीने वालों में हम भारतीय भी पीछे नहीं हैं। एक आंकड़े के मुताबिक आज भारत के कुल वयस्क लोगों का तीस प्रतिशत शराब पी रहा है जो 2030 तक पचास फीसदी होने का अनुमान है। और एक दूसरे आंकड़े के अनुसार देश में प्रतिवर्ष लीवर के 10 लाख नए मरीज आ रहे हैं। ऐसे में सिर्फ इलाज के दम पर लीवर को ठीक नहीं किया जा सकता है। नशे को भारतीय समाज में कभी भी अच्छा नहीं माना गया। हमारे देश के महापुरुषों ने समय-समय पर शराब और नशे के खिलाफ जागरुकता अभियान चलाया।

# घुटती सांसों से कम होती औसत आयु की चिन्ता

**प्रश्न है कि पिछले कुछ सालों से लगातार इस महासंकट से जूझ रहे राष्ट्र को कोई समाधान की रोशनी क्यों नहीं मिलती? वास्तव में यह विभिन्न राज्य सरकारों का गैर जिम्मेदाराना व्यवहार है, जिसने सबको जहरीले वायुमंडल में रहने को विवश किया है। इस विषम एवं ज्वलंत समस्या से मुक्ति के लिये हर राजनीतिक दल एवं सरकारों को संवेदनशील एवं अन्तर्दृष्टि-सम्पन्न बनना होगा। प्रदूषण से ठीक उसी प्रकार लड़ना होगा जैसे एक नन्हा-सा दीपक गहन अंधेरे से लड़ता है। छोटी औकात, पर अंधेरे को पास नहीं आने देता। क्षण-क्षण अग्नि-परीक्षा देता है। पर हां! अग्नि परीक्षा से कोई अपने शरीर पर फूस लपेट कर नहीं निकल सकता।**





**ललित गर्ग**

**लेखक विख्यात अर्थशास्त्री है**

वायु प्रदूषण का संकट भारत की राष्ट्रव्यापी समस्या है। यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो की हाल ही में जारी रिपोर्ट इस चिन्ता को बढ़ाती है जिसमें कहा गया कि वायु प्रदूषण के चलते भारत में जीवन प्रत्याशा में गिरावट आ रही है। जिसमें फेफड़ों को नुकसान पहुंचाने वाले पी.एम. 2.5 कण की बड़ी भूमिका है। रिपोर्ट बताती है कि वैश्विक मानकों से कहीं अधिक प्रदूषण भारत में लोगों की औसत आयु तीन से पांच वर्ष एवं दिल्ली में दस से बाहर वर्ष कम कर रहा है। बहरहाल प्रदूषण के खिलाफ योजनाबद्ध ढंग से मुहिम छेड़ने की जरूरत है। अध्ययन कहता है कि देश की एक अरब से अधिक आबादी ऐसी जगहों पर रहती है जहां प्रदूषण डब्ल्यूएचओ के मानकों से कहीं अधिक है। दरअसल, देश के बड़े शहर आबादी के बोझ से त्रस्त हैं। बढ़ती आबादी के लिये रोजगार बढ़ाने व अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए जो औद्योगिक इकाइयां लगायी गई, उनकी भी प्रदूषण बढ़ाने में भूमिका रही है। डीजल-पेट्रोल के निजी वाहनों को बढ़ता काफिला, निर्माण कार्यों में लापरवाही, कचरे का निस्तारण न होना और जीवाश्म ईंधन ने प्रदूषण बढ़ाया है। यह बढता वायु प्रदूषण हमारी जीवन शैली से उपजे प्रदूषण की देन भी है। यह निराशाजनक खबरों के बीच उत्साहवर्धक खबर यह भी है कि भारत में सूक्ष्म कणों से पैदा होने वाले जानलेवा प्रदूषण में गिरावट आई है। लेकिन अभी जीवन प्रत्याशा घटाने वाले प्रदूषण को लेकर जारी लड़ाई खत्म नहीं हुई है। यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो के एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट ह्यवायु गुणवत्ता जीवन सूचकांक-2024ह्व बताती है कि भारत में साल 2021 की तुलना में 2022 के वायु प्रदूषण में 19.3 फीसदी की कमी आई है। हालांकि, यह उपलब्धि मौजूदा हालात में बहुत बड़ी तो नहीं कही जा सकती है, लेकिन यह बात उत्साहवर्धक है कि प्रत्येक भारतीय की जीवन प्रत्याशा में इक्यावन दिन की वृद्धि हुई है। हालांकि, हम अभी विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों की कसौटी पर खरे नहीं उतरे हैं, लेकिन एक विश्वास जगा है कि युद्ध स्तर पर प्रयासों से भयावह प्रदूषण के खिलाफ किसी हद तक जंग जीती भी जा सकती है। लेकिन इसके साथ ही सूचकांक-2024 में यह चेताया भी है कि यदि भारत में डब्ल्यूएचओ के वार्षिक पीएम 2.5 के सांद्रता मानक के लक्ष्य पूरे नहीं होते तो भारतीयों की जीवन प्रत्याशा में करीब साढ़े तीन साल की कमी आने की आशंका पैदा हो सकती है। पीएम 2.5 श्वसन प्रणाली में गहराई तक प्रवेश कर सकता है और सांस संबंधी समस्याओं को जन्म देता है। यह स्वास्थ्य को एक बड़ा खतरा है और वायु प्रदूषण का एक प्रमुख कारक है। हालांकि, राजधानी समेत कई अन्य राज्यों में मेट्रो ट्रेन शुरू होने के बाद प्रदूषण में काफी कमी आई है। इस दिशा में हमें दीर्घकालीन नीतियों के बारे में सोचना होगा। हमारी कोशिश हो कि घनी आबादी के बीच चलायी जा रही औद्योगिक इकाइयों को शहरों से दूर स्थापित किया जाए। हमारे उद्यमियों को भी जिम्मेदार नागरिक के रूप में प्रदूषण नियंत्रण में योगदान देना चाहिए। नीति-नियंताओं को सोचना चाहिए कि प्रदूषण में अप्रत्याशित वृद्धि के बाद दिल्ली आदि महानगरों में चलाये जाने वाले ग्रेडेड रेस्पॉन्स एक्शन प्लान यानी ग्रेप जैसी व्यवस्था को नियमित रूप से लागू क्यों नहीं किया जा सकता? ताजा कुछ अध्ययनों में बताया गया है कि बढ़ता प्रदूषण नवजात शिशुओं तथा बच्चों की जीवन प्रत्याशा पर बुरा प्रभाव डाल रहा है। ऐसे में हमें पराली के निस्तारण, औद्योगिक कचरे के नियमन तथा कार्बन उत्सर्जन करने वाले ईंधन पर रोक लगाने जैसे फौरी उपाय तुरंत करने चाहिए। ऐसे तमाम प्रदूषण स्त्रोतों को नियंत्रित करने की जरूरत है जो हमारे जीवन पर संकट पैदा कर रहे हैं। अध्ययन कहता है कि भारत के सबसे कम प्रदूषित शहर भी डब्ल्यूएचओ के निर्धारित मानकों से सात गुना अधिक प्रदूषित हैं। हम न भूलें कि देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की गिनती लगातार दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानियों में होती रही है। दीवाली के बाद जब दिल्ली गहरे प्रदूषण के आगोश में होती है तो कोर्ट से लेकर सरकार तक अति सक्रियता दशार्ते हैं। लेकिन थोड़ी स्थिति सामान्य होने पर परिणाम वही ह्यढाक के तीन पातह्व। कभी पेट्रोल-डीजल के नये मानक तय होते हैं तो कभी जीवाश्म ईंधन पर रोक लगती है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने वर्ष 2019 में प्रदूषण कम करने को राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम देश के सौ से अधिक शहरों में शुरू किया था। चार साल बाद पता चला कि किसी भी शहर ने अपने लक्ष्य को पूरा नहीं किया। विकासशील देश पहले ही निर्धारित वायु गुणवत्ता के मानक पूरा नहीं कर पा रहे हैं, वहीं डब्ल्यूएचओ ने मानकों को और कठोर बना दिया है। सभी सरकारों व नागरिकों का दायित्व बनता है कि अपने-अपने स्तर पर प्रदूषण को कम करने वाली जीवन शैली अपनाएं। हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि पूरी दुनिया में सत्तर लाख मौतें हर साल प्रदूषित वायु के चलते हो रही हैं। उल्लेखनीय है कि भारत के राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानक के अनुसार हवा में पीएम 2.5 और पीएम 10 के वार्षिक स्तर की सुरक्षित सीमा क्रमशः चालीस माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर और साठ माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर होनी चाहिए। हालांकि, ये मानक विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशानिदेर्शों के अनुसार निर्धारित मानकों से कहीं ज्यादा हैं। दरअसल, हमारे नीति-नियंता प्रदूषण कम करने के लिये नागरिकों को जागरूक करने में भी विफल रहे हैं। हमारी सुख-सुविधा की लालसा एवं भौतिकतावादी जीवनशैली की चमक ने भी वायु प्रदूषण बढ़ाया है। अब चाहे गाहे-बगाहे होने वाली आतिशबाजी हो, प्रतिबंध के बावजूद पराली जलाना हो, या फिर सार्वजनिक परिवहन सेवा से परहेज हो, तमाम कारण प्रदूषण बढ़ाने वाले हैं। कल्पना कीजिए बच्चों और दमा, एलर्जी व अन्य सांस के रोगों से जूझने वाले लोगों पर इस प्रदूषण का कितना घातक असर होगा? रिपोर्ट में उल्लेखित प्रदूषण में आई गिरावट की वजह अनुकूल मौसम संबंधी परिस्थितियां बतायी गई हैं। हालांकि, हकीकत यह भी है कि प्रदूषण नियंत्रण के लिये चलायी जा रही कई योजनाओं के सकारात्मक परिणामों का भी इसमें योगदान रहा है। खासकर भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत जिन शहरों को शामिल किया गया था, वहां भी पीएम-2.5 सांद्रता में गिरावट देखी गई है। वहीं स्वच्छ ईंधन कार्यक्रम का सकारात्मक प्रभाव प्रदूषण नियंत्रण पर नजर आया है। इससे भारत के रिहाइशी इलाकों में कार्बन उत्सर्जन कम करने में मदद मिली है। ऐसी योजनाओं को पूरे देश में लागू करने का सुझाव भी दिया गया है। बहरहाल, हमें वर्ष 2022 के उत्साहजनक परिणामों के सामने आने के बाद व्यापक लक्ष्यों के प्रति उदासीन नहीं होना है। यह एक लंबी लड़ाई है और इसमें सरकार व समाज की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। हमें इस भ्रम में नहीं रहना चाहिए कि सरकारों के भरोसे ही लगातार गहराते पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण किया जा सकता है। निश्चित ही वायु प्रदूषण से उत्पन्न दमघोटू माहौल का संकट जीवन का संकट बनता जा रहा हैं। वायु प्रदूषण का ऐसा विकराल जाल है जिसमें मनुष्य सहित सारे जीव-जंतु फंसकर छटपटा रहे हैं, जीवन सांसों पर छाये संकट से जूझ रहे हैं। यह समस्या साल-दर-साल गंभीर होती जा रही है। सरकारें अनेक लुभावने तर्क एवं तथ्य देकर समस्या को कमतर दिखाने की कोशिशें करती है। लेकिन हकीकत यही है कि लोगों का दम घुट रहा है। अगर वे सचमुच इससे पार पाने को लेकर गंभीर हैं, तो वह व्यावहारिक धरातल पर दिखना चाहिए।

# कबूतरबाज नहीं आ रहे बाज, विदेशों की चाह में लूटते भारतीय युवा?

**सरकार को ठगी करने वाले लोगों व फर्जी तरीके से विदेश भेजने वालों के खिलाफ छापेमारी करनी चाहिए तथा इनकी जमीन-जायदाद की नीलामी करवानी चाहिए। देश के प्रत्येक नागरिक को इसमें योगदान देना चाहिए तथा ऐसे लागों का पदार्फाश करना चाहिए। अवैध रुप से चल रही ट्रैवल एजेसियों पर प्रतिबन्ध लगाया जाए तथा इनके मालिको को गिरफ्तार करके कारावासों में डाला जाए। अगर सरकार सक्रिय हो जाए तो इस गोरखधंधे पर रोक लग सकती है और लोगो का पैसा भी सुरिक्षत रह सकेगा। ऐसे लोगों को नेस्तनाबूद करना होगा। लोगों को भी चाहिए कि पूरी औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद ही विदेश जाना चाहिए।**





**नरेन्द्र भारती**

**लेखक**

डालरों की चमक व सोने के सिक्कों की खनक की चाह में भारतीय युवाओं को कबूतरवाज जिस तरह से लूट रहे हैं किसी से छिपा नहीं है ठगी के मामलों बहुत इजाफा हो रहा है केंद्र सरकार को इन घटनाओं पर संज्ञान लेना चाहिए। प्रतिदिन समाचार पत्रों में युवाओं को विदेश भेजने के नाम पर ठगी के सैंकडों मामले सुर्खियां बनते है एक समाचार के अनुसार ऐसा ही एक ताजा मामला हिमाचल प्रदेश के मंडी व ऊना मे घटित हुआ है मंडी मे युवाओं को विदेश भेजनें के नाम पर 20 लाख की ठगी हुई है और ऊना मे 30 लाख की ठगी हुई है। ऐसे ठगों को आजीवन कारावास देना चाहिए। कुछ वर्ष पहले भी कांगडा.में ही दो युवकों से दस लाख रुपये की ठगी की गई थी पहले उन्हे विदेश बुला लिया और बाद में वीजा न लगने का कारण बताकर स्वदेश वापस भेज दिया दोनों युवकों से पांच-पांच लाख की रकम ठग ली थी। कुछ दिनों पहले हिमाचल के जिला मण्डी के युवको के साथ भी ऐसा ही हादसा हुआ था जो बड़ी मुशिकल से मलेशिया से वापस आए थें। ऐसे ठगी के मामले निरंतर बढ़ते जा रहे हैं लेकिन प्रशासन व सरकारें इस गोरखधन्धे पर रोक लगाने में नाकाम साबित हो रहा है कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक लोग कबूतरबाजों के कारण ठगे जा रहे हैं अगर केन्द्र सरकार इन कबूतरबाजों पर शिंकजा कसे तो यह मामले रुक सकते हैं। फर्जी ट्रेवल एजेटों का जाल हर जगह फैलता जा रहा है, मगर सरकारें हाथ पर हाथ धरे बैठी है जब कोई मामला प्रकाश में आता है तब जरा सी हलचल होती है मगर फिर वही सिलसिला बदस्तूर जारी रहता है। ठगो व कबूतरबाजों द्वारा आज तक देश में पता नहीं कितने लोगों को शिकार बनाया होगा। कबूतरबाजी में पुरुष ही नहीं महिलाएं भी लोगों को लाखों का चूना लगा रही हैं। महिलाओं के झासें में आकर काफी लोग अपनी संपतियां गंवा चुके हैं। लोग जमीन जायदाद बेचकर और खून पसीने की कमाई अपने बच्चों को रोजगार हेतू विदेश भेजते है मगर ऐजेंट लोग पैसा हड़प लेते हैं कभी तो ऐसे हालात बनते हैं कि इन्हे अवैध तरीके से ले जाते है और पकडे जाने पर जेलों में भेजे जाते हैं। आज पता नहीं कितने ही लोग जेलों में सड़ रहे हैं और नारकीय जीवन जिन्दगी बिता रहे हैं। कबूतरबाजी के ज्यादातर मामले पंजाब, हरियाणा, दिल्ली व उतरप्रदेश में हो रहे हैं हर रोज पंजाब के किसी न किसी कोने से ऐसी वारदातों की खबरें आती रहती हैं। हिमाचल प्रदेश में भी कबूतरबाजों का साया फैलता जा रहा है। समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचारों के मुताबिक बीते सालों में होशिरयारपुर में कनाडा भेजने के नाम पर एक युवक से 6 लाख 55 हजार रुपये की ठगी की गई। वर्ष 2009 में बंठिडा में जापान भेजने के नाम पर लुधियाना के एक युवक से 9 लाख रुपयों की ठगी हुई थी। गत वर्ष हिमाचल के मण्डी जिले की बल्ह घाटी के दर्जनों युवकों से भी एक एजेन्ट ने ठगी की थी। पुलिस ने एजेंट को पकड़ लिया था। 2012 में कांगड़ा के जसूर में भी एक महिला ने इराक भेजने के नाम पर युवकों को ठगा और विदेश में नौकरी के नाम पर आधा दर्जन युवको से 1.40 लाख, दूसरे युवक से 1.50 लाख और तीसरे युवक से 80 हजार रुपये ठगे। कागंडा के पालमपुर में भी एक युवक को मर्चेंट नेवी में नौकरी दिलाने के नाम पर पांच लाख रुपये की ठगी कर युवक को शिकार बनाया था एंजेट ने उसे विदेश तो भेज दिया मगर ओपचारिकताएं पूरी न होने के कारण उसे वहां से बैरंग लौटना पड़ा। युवक के पिता ने बेटे को विदेश भेजने के लिए अपनी जमीन तक बेच दी थी। एंजेट ने न तो पैसे लौटाए और न ही नौकरी दिलवाई। ऐसे बहुत से मामले हैं मगर प्रकाश में नहीं आते हैं लोागों की मेहनत का पैसा लूटा जा रहा है।। आज झूठे विज्ञापन देकर लोगों को गुमराह किया जा रहा है और पैसा लूटा जा रहा है। देश में हर रोज ऐसे मामले हो रहे हैं मगर युवाओं में विदेश जाने की ललक कम नहीं हो रही है। कुशल लोगों को तो विदेश में अच्छा पैसा मिलता है मगर अकुशल लोगों को मुशिकल होती है, अक्सर देखा गया है कि लोग भी साम, दाम, दंड, भेद से वीजा हासिल कर लेते है मगर जब फंसते हैं तब अक्ल आती है। केन्द्र सरकार को चाहिए कि विदेश भेजने के लिए देश कें प्रत्येक राज्यों के मुख्यालयों में सरकारी एंजैसियां स्थापित करनी चाहिए ताकि युवाओं को वैध तरीके से विदेश भेजा जाए। यदि सरकार ऐसे कदम उठाती है तो युवा ठगने से बच सकते हैं। क्योकि जब सारा काम वैध होगा तो लोगों में भी विदेश जाने की ललक बढेगी। कबूतर बाजों को उम्रकैद की सजा देनी चाहिए ताकि इस प्रवृति पर पूर्ण रुप से अकुश लगाया जा सके। दूतावासों के माध्यम से अगर लोगों को विदेश भेजने की योजना बनाई जाए तो लोग ठगने से बच सकते हैं।

# आम कश्मीरी की सोच बतांएगे विधान सभा चुनाव

अशोक मधुप

जम्मू-कश्मीर विधानसभा लिए 18 सितंबर से एक अक्टूबर 2024 तक तीन चरणों में चुनाव होने हैं। नतीजे आठ अक्टूबर 2024 को घोषित किए जाएंगे। इन चुनाव के परिणाम बताएंगे कि कश्मीर की जनता क्या चाहती है। आर्टिकल 370 हटने के बाद जम्मू झ कश्मीर में बडी तादाद में विकास हुआ। शांति लौटी। रोज की होने वाली पत्थरबाजी से जम्मू- कश्मीर की मुक्ति मिली। सिनेमा हाल खुल गए। पर्यटक आने लगे। मुहर्रम के जुलूस निकलने लगे। कश्मीर में बहुत कुछ बदल गया है, इसके बावजूद देखना यह है कि कश्मीर का मतदाता क्या इस विकास को पसंद करता है, या उसे मजहबी कट्टरता ही मंजूर है। जम्मू-कश्मीर में कुल 114 विधानसभा सीटें हैं लेकिन राज्य में विधानसभा सीटों के डिलीमिटेशन के बाद चुनाव केवल 90 सीटों पर ही होंगे। इसकी भी वजह है कि 24 सीटें पीओके यानि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के लिए हैं। राजनीतिक और प्रशासनिक परिवर्तनों के कारण इनमें से केवल 90 सीटों के लिए चुनाव होना तय है। वर्ष 2019 में जब जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 के जरिए जब आर्टिकल 370 को हटाया गया तो राज्य में चुनावी सीटों की सीमाओं को फिर से निर्धारित करने के लिए परिसीमन प्रक्रिया शुरू की। मार्च 2020 में एक परिसीमन आयोग की स्थापना की गई। इसकी अंतिम रिपोर्ट मई 2022 में जारी की गई। इस रिपोर्ट ने विधानसभा सीटों की संख्या 107 से बढ़ाकर 114 कर दी। इसमें छह सीटें जम्मू और एक कश्मीर में बढ़ी है। 114 सीटों में 24 सीटें पाकिस्तान प्रशासित कश्मीर के क्षेत्रों के लिए आरक्षित हैं, इसका अर्थ है कि उन पर चुनाव नहीं लड़ा जा सकता है. इसलिए, चुनाव के लिए उपलब्ध सीटों की प्रभावी संख्या 90 है. जम्मू संभाग में 43 और कश्मीर संभाग में 47. राज्य का विशेष दर्जा खत्म होने के बाद यहां पहली बार विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। राज्य में पिछले विधानसभा चुनाव दस साल पहले नवंबर-दिसंबर 2014 में हुए थे। चुनाव के बाद, जम्मू और कश्मीर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के गठबंधन ने राज्य सरकार बनाई। इसमें मुफ्ती मोहम्मद सईद मुख्यमंत्री बने. मुख्यमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद का सात जनवरी 2016 को निधन हो गया। राज्यपाल शासन लगा पर कम समय के लिए लगा। फिर महबूबा मुफ्ती ने वहां मुख्यमंत्री पद के लिए रूप में शपथ ली1 पिछली राज्य सरकार से जून 2018 में भाजपा ने पीडीपी के नेतृत्व वाली सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया। इसके बाद जम्मू-कश्मीर में राज्यपाल शासन लागू हो गया। नवंबर 2018 में, जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल सत्य पाल मलिक ने राज्य विधानसभा भंग कर दी। 20 दिसंबर 2018 को राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया। भाजपा की ओर से हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए आज अपना घोषणापत्र जारी किया। इसमें आतंकवाद के सफाए और हिंदू मंदिरों और धार्मिक स्थलों के पुनर्निर्माण से लेकर कश्मीरी पंडितों की सुरक्षित वापसी और पुनर्वास तक, भाजपा ने कई प्रमुख वादे किए हैं। अमित शाह ने कहा कि यह क्षेत्र में विकास, सुरक्षा और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए पार्टी के वादों और योजनाओं के अनुरूप है। नए जम्मू और कश्मीर के लिए 25 वादों में से, भाजपा ने ह्यजम्मू और कश्मीर को राष्ट्र के विकास और प्रगति में अग्रणी बनाने के लिए आतंकवाद और अलगाववाद को खत्म करने की कसम खाई। कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन ने जम्मू-कश्मीर को फिर से राज्य का दर्जा देने और अनुच्छेद 370 को हटाने से पहले की राजनीतिक स्थिति बहाल करने का भी वादा किया है। इस बीच नेशनल कॉन्फ्रेंस ने शंकराचार्य पहाड़ी का नाम बदलकर तख्त-ए-सुलेमान और हरि पर्वत का नाम बदलकर कोह-ए-मरान करने की बात कही है। इसे कश्मीर की मुस्लिम बहुल आबादी की भावनाओं को भुनाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है।

# स्वच्छता आयोजन को विधिवत और व्यवस्थित तरीके से करवाना है : जिलाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता




बेतिया( घनश्याम )। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में आगामी एक पखवाड़ा चलने वाला स्वच्छता मिशन को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक की शुरूआत जिलाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों का स्वागत करके किया। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान द्वारा स्वच्छता ही सेवा 2024 का आयोजन 14 सितंबर से 2 अक्टूबर तक किया जाना है। जिसका थीम ह्यस्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छताह्न है। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों से उनका मंतव्य जाना। आगामी कार्यक्रमों को कैसे सफलतापूर्वक धरातल पर उतारा जाए इसके बारे में गहन विचार-विमर्श किया। अधिकारियों के साथ ऐसे आयोजनों को लेकर अपने पूर्व के अनुभवों को भी साझा किया। उन्होंने कहा कि कई तरह की चुनौतियां हैं जो आप लोगों को काम करते वक़्त सतर्कता पूर्व हल करना होगा। गौरतलब है कि 14 सितंबर से जिले में स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ होगा। इसी दिन गांधी जी के पदचिन्ह स्थल, अन्य महत्वपूर्ण स्थल, पर्यटन स्थल पर श्रमदान किया जाएगा।स्कूली छात्र-छात्राओं की रैली होगी। साथ ही स्वच्छता शपथ भी लोगों को दिलवाया जाएगा। इसी प्रकार हर दिन स्वच्छता से जुड़े साफ सफाई जैसे कार्यक्रम श्रमदान के द्वारा पूरे ज़िले में चलाया जाएगा। साथ ही लाउडस्पीकर के द्वारा लोगों से अपील की जाएगी कि वह इस अभियान के हिस्सेदार बने। 17 सितंबर को भितिहरवा में सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन होगा। इसी दिन सरकारी कार्यालयों, स्कूलों, कॉलेजों और सरकारी संस्थानों में साफ-सफाई का अभियान चलाया जाएगा। स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए प्रखंडों के स्तर पर अभियान भी चलाया जाएगा। स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए पद यात्रा का आयोजन भी होगा। स्कूली बच्चों के बीच वाद-विवाद जैसे कार्यक्रम भी चलाए जाएंगे। चित्रकारी का भी आयोजन स्कूलों में करवाया जाएगा। 20 सितंबर और 25 सितंबर को स्वच्छता के प्रचार-प्रसार के लिए खेलों का आयोजन भी किया जाएगा। जिला स्तर पर और प्रखंड स्तर पर खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन होगा। जिसमें विभिन्न खेलों को शामिल किया गया है। जिसमें स्वच्छता दौड़, फुटबॉल, साइक्लोथोंन आदि खेल शामिल हैं। अधिकारियों को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि पूरे आयोजन को बहूत ही विधिवत और व्यवस्थित तरीके से संपन्न करवाना है। 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर हर विधा से लोग पुरस्कृत होंगे। ध्यान देना है कि कहीं कोई गड़बड़ी या पक्षपात न हो। बैठक में उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, अपर समाहर्ता विभागीय जाँच कुमार रवींद्र, अनुमंडल पदाधिकारी बेतिया सदर विनोद कुमार, जिला ग्रामीण विकास प्राधिकरण निदेशक अरुण प्रकाश, जिला शिक्षा पदाधिकारी रजनीकांत प्रवीण, जिला खेल पदाधिकारी विजय कुमार पंडित, विशेष कार्य पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा सुजीत कुमार, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी श्रीमती रोचना माद्री, जिला कला और संस्कृति पदाधिकारी श्री राकेश कुमार, प्रशिक्षु सहायक निदेशक-सह-जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, डॉ0 अजय कुमार सिंह, जिला प्रोजेक्ट मैनेजर जीविका श्री निखिल कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# जिला एवं सत्र न्यायाधीश के द्वारा हरी झंडी दिखाकर न्याय रथों को किया गया रवाना

प्रात : किरण संवाददाता



● राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर रथों के माध्यम से आम लोगों को किया जाएगा जागरूक

मोतिहारी। जिला एवं सत्र न्यायाधीश देवराज त्रिपाठी के द्वारा व्यवहार न्यायालय परिसर मोतिहारी से न्याय रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि इन रथों के माध्यम से राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार प्रसार किया जाएगा एवं इसको लेकर लोगों को जागरूक बनाया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय परिसर मोतिहारी में 14 सितंबर को पूर्वाह्न 10 बजे से हो रहा है। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनीष उपाध्याय एवं अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चंपारण मोतिहारी राकेश कुमार दुबे भी उपस्थित थे।

सचिव डालसा राजेश कुमार दुबे ने बताया कि बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी के तत्वाधान में 14 सितंबर को पूर्वाह्न 10 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन पूर्वी चंपारण व्यवहार न्यायालय परिसर मोतिहारी में किया जायेगा जिसमें सुलहनीय वादों का निष्पादन आपसी समझौते के आधार पर किया जायेगा। सुलहनीय वादों यथा आपराधिक मामले, दिवानी मामले, दुर्घटना बीमा दावा, पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद, भू-अधिग्रहण, राजस्व, बिजली, पानी एवं अन्य विपत्र से संबंधित एनआई एक्ट 138 के अन्तर्गत दर्ज केस, बैंक ऋण, कर्मचारियें के वेतन एवं पेंशन से संबंधित विवादित मामलों का निपटारा सुलह- समझौते के आधार पर किया जायेगा। संबंधित पक्षकार इस अवसर का लाभ उठाते हुए अपने विवादों को राष्ट्रीय लोक अदालत में बिना खर्च बिलकुल मुफ्त में तत्काल समाप्त करा सकते हैं।

# विधायक ने मांझी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण



प्रात : किरण संवाददाता

मांझी। माकपा विधायक डॉ सत्येंद्र यादव ने बुधवार को मांझी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक ने अस्पताल में एक भी महिला डॉक्टर नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की और तुरंत सारण सीएस को फोन लगा कर नियुक्ति के सम्बंध में बात की। उन्होंने काउंटर, दवा की उपलब्धता, लेबर रूम, सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया एवं अस्पताल में भर्ती कई मरीजों से भी बातचीत की। उसके बाद विधायक डॉ यादव ने अस्पताल की व्यवस्था को और दुरुस्त करने के लिए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रोहित कुमार को कई आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि अगर अस्पताल में सही उपचार मिल जाय तो लोगों को फर्जी डॉक्टरों के पास जाने की जरूरत नही पड़ेगी। उन्होंने कहा की आबादी के अनुसार सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों की संख्या बहुत कम है। मेडिकल कॉलेज कम होने व पढ़ाई महंगी होने के कारण आर्थिक रूप से कमजोर लोग डॉक्टर बनने से वंचित रह जाते हैं। सरकार कॉरपोरेट घराने को ज्यादा सपोर्ट करती है। बिहार में मेडिकल कालेज की संख्या और बढ़ाने की जरूरत है। निरीक्षण के दौरान मौके पर स्वास्थ्य कर्मी समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

# हर बुखार डेंगू नहीं होता, घबराएं नहीं, लक्षण देखकर जांच कराएं : डॉ जयमित अंकुर

## अचानक घटने लगती हैं प्लेटलेट्स; देर की तो हो सकता है खतरा

प्रात : किरण संवाददाता



पटना/आरा। हरबुखार डेंगू नहीं होता है। इसलिए बुखार आए तो आतंकित होने की जरूरत नहीं है। लक्षण के आधार पर जांच करा लेनी चाहिए। यदि जांच में डेंगू पॉजिटिव आता है, तो लक्षण के अनुसार सिम्टोमेटिक इलाज चलता है। यानी, बुखार है तो बुखार की दवा और दर्द है तो दर्द की दवा दी जाती है। डेंगू के लिए कोई विशेष इलाज नहीं है। यदि मरीज को ब्लीडिंग होने लगे या प्लाज्मा लीक करने लगे तो तुरंत अस्पताल में भर्ती होकर इलाज कराना चाहिए। यह कहना है शहर के वरीय प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ जयमित अंकुर का, आगे बताया कि डेंगू साधारण बुखार की तरह ही है। इससे घबराने की जरूरत नहीं है, बल्कि सजगता एवं सावधानी से ही बचाव संभव है। डेंगू का मच्छर साफ पानी में पनपता है। इसलिए बाल्टी, ड्रम एवं कूलर का पानी नियमित बदलें। घर के आसपास की सफाई रखें। कहीं भी जल जमाव न होने दें। इसका मच्छर सुबह-शाम ही काटता है, इसलिए पूरी बांह के कपड़े पहनकर रहें। अगर तीन-चार दिन तक तेज बुखार, सिरदर्द, बदन दर्द और कमजोरी महसूस करें तो जल्द डॉक्टरों को दिखाएं। पहले विश्व में सबसे अधिक लोग मलेरिया से पीड़ित होते थे। अब उस स्थान को डेंगू ने ले लिया है। डेंगू के मच्छर बहुत तेजी से पनपते हैं। वैसे एक हजार मीटर के ऊपर डेंगू के मच्छर नहीं मिलते हैं। मधुमेह, बीपी या फिर बुजुर्ग मरीज डेंगू के चपेट में आएं तो उन्हें अधिक सावधानी बरतने की जरूरत है। वैसे डेंगू का बुखार तीन से पांच दिन में उतरने लगता है। बुखार तेज आता है। दो दिन में 103-104 डिग्री फारेनहाइट आता है। प्लेटलेट्स काउंट यदि 10 हजार से कम हो जाए तो प्लेटलेट्स चढ़ाने की जरूरत पड़ती है। ध्यान देना चाहिए कि हर चार घंटे पर मरीज पेशाब करता है या नहीं। बरसात के मौसम में, हमें डेंगू बुखार के प्रसार के प्रति सतर्क रहना चाहिए, क्योंकि रोग के वाहक मच्छरों की संख्या बढ़ने के साथ यह तेजी से वायरल हो जाता है।

ऐसे में डेंगू का टेस्ट जरूर करवाएं और प्लेटलेट्स की जांच करते रहे। अगर डेंगू पॉजिटिव आता है तो विशेष सावधानी बरतनी जरूरी है। अगर प्लेटलेट्स कम आए तो घरेलू उपाय के अलावा डॉक्टर से परामर्श जरूर लें। खूब सारा पानी पिएँ, क्योंकि तेज बुखार या उल्टी के कारण डिहाइड्रेशन और सोडियम की कमी हो जाती है। खोए हुए तरल पदार्थ की पूर्ति के लिए इलेक्ट्रोलाइट पेय पदार्थों के थोड़े-थोड़े लेकिन लगातार घूँट लेते रहें,साथ ही अपने आसपास पानी ना लगने दे और मच्छरों से बचाव के लिए ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करें। घर पर मच्छरदानी लगाकर सोए। डेंगू के मच्छर ज्यादातर साफ पानी में ही पाए जाते हैं, इसलिए अपने आसपास पानी न लगने दें और डॉक्टर के द्वारा दी जाने वाली सलाह और दवाइयां का ही उपयोग करें।

# मछली मार रहे व्यक्ति पर मगरमच्छ ने किया हमला एक हाथ चबाया



प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। वाल्मीकिनगर थानांतर्गत सन्तपुर सोहरिया पंचायत के कनघुसरी गांव निवासी किसान 45 वर्षीय व्यास गोंड पर खेत से सटे साइफन मे लगे जाल से मछली मारने के दौरान मगरमच्छ ने अचानक हमला कर दिया।हमले में व्यास का एक हाथ बुरी तरह से जख्मी हो गया है। कनघुसरी गांव निवासी चन्द्रभान शर्मा ने बताया कि गांव से भेड़ियारी कम्पाट जाने वाले रास्ते मे मुख्य पूर्वी नहर स्थित छठ घाट के समीप ताल वाला बुनियादी साइफन के पास घटना घटी है।बताया जा रहा है कि पीड़ित गोंड गत रात्रि अपने खेत के समीप बुनियादी साइफन में मछली मारने वाला जाल फिट कर दिया था।जिसमे मछलियों आकर फंसी हुई थी।उसी जाल से सुबह व्यास गोंड मछली निकालने गया था।इसी दौरान नहर से खेत मे पहुंचे मगरमच्छ ने हमला कर दिया। चन्द्रभान ने बताया कि जब इसका एक हाथ मगरमच्छ के जबड़े में था तब व्यास ने हिम्मत नहीं हारी और मगरमच्छ के आँख पर दूसरे हाथ से हमला कर दिया। जिससे मगरमच्छ ने उसे छोड़ दिया।किसी तरह व्यास उस जगह से घर पहुंचा। लोगों ने उसे तुरंत वाल्मीकिनगर स्थित सीएससी लेकर गए जहां घायल का उपचार किया जा रहा है। बतादें की वाल्मीकिनगर और इसके आसपास के क्षेत्रों में नहरों का जाल बिछा हुआ है।ये सभी नहरें गंडक बराज से निकलती है। इस गंडक नदी में एशिया में दूसरी बड़ी संख्या में मगरमच्छ पाए जाते हैं।जो इन नहरों से होते हुए खेतो और नहर से सटे गांवों में पहुंच जाते है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी: बी एल बर्मा

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। सारण को सदस्यता बिहार में अव्वल बनाऐ मैं फिर आ कर आप सभी का सम्मान करुंगा - बीएल बर्मा, आज भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के तहत महा सदस्यता अभियान कार्यक्रम की शुरूआत के लिए स्नेही भवन में आयोजित विशेष महाअभियान कार्यक्रम की शुरूआत करने सारण पहुंचे देश के खाद्य संरक्षण उपभोक्ता मामलों के केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने कार्यक्रम की शुरूआत उपस्थित वशिष्ठ एवं बुद्धिजीवीओ को सदस्यता दिलाई कर की। उपस्थित प्रबुद्ध एवं वरिष्ठ लोगों को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी और आज कार्यकताओं के बदौलत ही विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और कार्यकताओं का मान सम्मान बीजेपी करती है। मूलतः भाजपा कार्यकताओं की पार्टी है। मै भी भाजपा का एक छोटा सा कार्यकर्ता था जिसे भारतीय जनता पार्टी ने विधान परिषद से लेकर राज्यसभा और केंद्रीय मंत्री बनाने का काम किया। भाजपा के लिए रास्ट्रीय सर्वोपरि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्र के लिए समर्पित पार्टी है, जो अपने एजेंडा में राष्ट्र को सर्वोपरी रखतीं हैं, भाजपा को छोड़ देश में अभी जितने भी राजनीतिक दल है वह सभी पारिवारिक दल है पारिवारिक पार्टी है इसके प्रमुख परिवार के लोग हैं, भाजपा कार्यकताओं को समर्पित पार्टी है, भाजपा कार्यकताओं के बल पर खड़ी है, कार्यकर्ता ही भारतीय जनता पार्टी की रीढ़ है। कार्यकताओं के बदौलत है भाजपा विकसित भारत का सपना सरकार करने में लगी है, केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने उपस्थित लोगों से आग्रह किया क्यों बीजेपी का सदस्य ज्यादा से ज्यादा बनाएं उन्होंने कहा कि पूरे बिहार में सारण को सदस्यता अभियान में अव्वल बनाना है। अव्वल बनेगा तो यहां के कार्यकताओं और सदस्यों को सम्मानित करने को फिर सारण की धरती पर आएंगे।आज के इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह ने की एवं संचालन नगर अध्यक्ष राजेश फैशन ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में सदस्यता अभियान के बिहार प्रदेश के सह संयोजक ओम प्रकाश भुवन, विधायक डॉक्टर सी एन गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष रमेश प्रसाद, महामंत्री विवेक कुमार सिंह, जिला मंत्री सत्यानंद सिंह, जिला मुख्य प्रवक्ता धर्मेंद्र चौहान, कार्यालय मंत्री अधेंदू शेखर,जिला मीडिया प्रभारी बलवंत सिंह, चरणदास, महिला मोर्चा अध्यक्ष ममता मिश्रा,हरेश्वर सिंह, शत्रुध्न चौधरी, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं बुद्धिजीवी वर्ग उपस्थित थे।

# पोषण सप्ताह के अंतर्गतआयोजित हुआ व्याख्यान

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा सदर। बुधवार को सेहत केंद्र और राष्ट्रीय सेवा योजना राजेंद्र कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में पोषण सप्ताह के अंतर्गत एक व्याख्यान का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो सुशील कुमार श्रीवास्तव ने करते हुए अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि युवावास्था जीवन का सबसे सक्रिय एवम महत्वपूर्ण काल होता है।इस दौरान शरीर तेजी से विकसित होता है और विभिन्न शारीरिक एवम मानसिक परिवर्तन के साथ ही ऊर्जा के स्त्रोत और रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने में इनका योगदान होता हैं।ऐसे में पौष्टिक आहार का महत्व और भी बढ़ जाता हैं।तत्पश्चात उन्होंने कहा कि भारतीय पारंपरिक सांस्कृतिक खान पान की शैली तथा भारतीय रसोईघर में अपनाए जाने वाले मोटे अनाज एवम मसाले उत्तम स्वास्थ्य की आधारशिला हैं। मंच संचालन करते हुए सेहत केंद्र की नोडल पदाधिकारी डॉ जया कुमारी पांडेय ने पोषण सप्ताह की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सभी को इस विषय में शिक्षित एवम जागरूक होने की आवश्यकता पर बल दिया। इसके लिए युवाओं को संसाधन एवम ज्ञानार्जन करना महत्वपूर्ण हैं। मुख्य वक्ता डॉ रंकेश कुमार जायसवाल ने सर्वप्रथम स्वास्थ्य एवम पोषण को परिभाषित करते हुए संतुलित आहार एवम व्यायाम को स्वस्थ शरीर तथा मन के लिए आवश्यक बताया। तत्पश्चात उन्होंने कहा कि पौष्टिक आहार से तात्पर्य एक ऐसे संतुलित आहार से है जिसमें सभी आवश्यक पोषक तत्वों का संतुलित मिश्रण होता है, जैसे कि काबोर्हाइड्रेट्स, प्रोटीन, वसा (स्वस्थ वसा), विटामिंस, मिनरल्स एवम फाइबर ।उन्होंने संतुलित आहार के इन सभी पोषक तत्वों के शरीर में कार्य एवम उत्पादकता पर विस्तार से जानकारी दी। फिर मोटे अनाज, फल, सब्जियों, दूध एवम उससे संबंधित पदार्थों की आवश्यकता, उनके ग्रहण करने की मात्रा पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ देवेश रंजन सहित सेहत केंद्र के पियर एजुकेटर विशाल साह, आरती कुमारी, सचिन कुमार चौरसिया, शिवम मिश्रा, तौहिद, तरन्नुम, रूपेश सहित बहुसंख्यक छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों ने सीडीपीओ से की पोषाहार नही वितरण करने की शिकायत

प्रात : किरण संवाददाता

चनपटिया। नौनिहालों को पोषाहार वितरण न करने पर आंगनबाड़ी की सहायिका चमचम देवी समेत दर्जनों ग्रामीणों ने बाल विकास परियोजना पदाधिकारी से शिकायत की है। चनपटिया प्रखंड के चरगाहां पंचायत स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-115 की सहायिका चमचम देवी का आरोप है कि पिछले 6 महीने से इस केंद्र के लाभार्थियों के बीच पोषाहार का वितरण नहीं किया जाता है। उन्होंने सीडीपीओ को दिए आवेदन में बताया है कि कुछ माह पूर्व केंद्र संख्या-115 की सेविका की मृत्यु हो गई। जिसके बाद विभाग ने उक्त केंद्र के संचालन की अनुमति केंद्र संख्या-225 की सेविका को दे दिया। तब से अब तक उक्त केंद्र की सेविका लाभार्थियों के बीच पोषाहार का वितरण नहीं कर रही है। जिससे आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों की उपस्थिति कम होती जा रही है। बच्चों को बुलाने जाने पर उनके अभिभावक सहायिका से तरह-तरह की शिकायत करते हैं। उनका कहना है कि आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चे चार-चार घंटे भूखे रहकर वापस घर आ जाते हैं। वही आंगनबाड़ी की सहायिका चमचम देवी का कहना है कि केंद्र संख्या-225 की सेविका द्वारा उन्हें पोषाहार सामग्री नहीं दिया जाता है। जिस कारण बच्चे पोषाहार से वंचित रहते हैं। पत्र में उन्होंने सीडीपीओ से किसी अन्य केंद्र द्वारा पोषाहार वितरण करवाने का अनुरोध किया है। इस संबंध में चनपटिया की सीडीपीओ सावित्री दास ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र की जांच कर जल्द ही बच्चों के बीच पोषाहार शुरू कराया जाएगा।

# पंचायत समिति के बैठक का हुआ आयोजन विकास के मुद्दे पर हुई चर्चा

प्रात : किरण संवाददाता

मांझी। मांझी प्रखंड मुख्यालय के सभागार में बुधवार को पंचायत समिति के बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मांझीपंचायत समिति के बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मांझी विधायक डॉक्टर सत्येंद्र यादव भी शामिल हुए ।बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख कमला देवी द्वारा किया गया ।बैठक में एक स्वर से विधुत विभाग द्वारा लगाये जा रहे स्मार्ट मीटर का विरोध किया गया ।बैठक में एक प्रस्ताव पारित कर समिति के सदस्यों ने कड़ी हिदायत देते हुए कहा कि स्मार्ट मीटर को लेकर जो आम आदमी पर एफ आई आर कर दिए जाने की धमकी दी जा रही है वह बंद किया जाए एवं मांझी प्रखंड के से स्मार्ट मीटर वापस किया जाए। वहीं प्रखंड प्रमुख कमला देवी द्वारा सरयू पार में उपस्वास्थ्य केंद्र , पुलिस चौकी की मांग की गई। जबकि विभिन्न योजनाओं पर चर्चा किया गया ।वहीं क्षेत्र में विकास को लेकर कई सवाल उठाए गए । सदस्यों ने पशु अस्पताल पर भी मुद्दा उठाया।मवेशी इलाज हेतु 1962 पर टोल फ्री का इस्तेमाल करने के लिए प्रमुख द्वारा कही गई। ताजपुर के फुलवरिया में उपस्वास्थ्य केंद्र के निर्माण पर चर्चा की गई इसके अलावा प्रखंड में बन रहे राशन कार्ड पर विशेष रूप से चर्चा की गई ।आगनवाड़ी,स्वास्थ्य, शिक्षा मनरेगा योजना जीविका जन्म ,मृत्यु ,नल जल, सड़क, पुल पुलिया आदि पर चर्चा किया गया। बैठक में सीओ सौरभ अभिषेक ,वीडियो रंजीत कुमार सिंह ,थाना अध्यक्ष अमित कुमार, चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर रोहित कुमार सहित सभी पंचायत के मुखिया आदि लोग मौजूद थे।

# नल जल राशि 15 लाख रुपया गबन का मामला दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता

बनियापुर। साहाजितपुर थाना क्षेत्र के सहाजितपुर पंचायत के पंचायत सचिव ने नल जल योजना की राशि प्राकलन के अनुसार नही कराकर राशि का गबन किए जाने के मामले वार्ड सदस्य एव वार्ड सचिव के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया है। पंचायत सचिव सहाजितपुर योगेंद्र माझी द्वारा थानाध्यक्ष को दिए आवेदन मे बताया गया है कि जिला पदाधिकारी (द्वितीय अपीलिय प्राधिकार) एव बीडीओ बनियापुर द्वारा आदेश निर्गत है कि सहाजितपुर वार्ड 2 के वार्ड सदस्य मीरा देवी पंहेरी टोला तथा वार्ड सचिव राजू चौधरी के विरुद्ध प्राकलन के अनुसार कार्य नही कराकर राशि का गबन करने अधिक राशि उठाव करने के मामले मे प्राथमिकी दर्ज कराने का आदेश प्राप्त है।वही 15 लाख रुपया का निकासी की गयी,जबकि मापी पुस्त मे 14 लाख बाईस हजार छ सौ सताइस रुपया का है।योजना वित्तीय वर्ष 2019-20 का जनवरी 2020 मे शुरू हुई थी,सचिव ने प्राथमिकी दर्ज कर दोनो के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गयी है।

# केंद्रीय राज्य मंत्री ने भाजपा के सदस्यता अभियान का किया शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता

दाउदपुर(मांझी)। दाउदपुर के चम्पा हॉस्पिटल के सभागार में मांझी विधानसभा स्तरीय आयोजित कार्यक्रम में बुधवार को केंद्रीय राज्य मंत्री बी एल वर्मा ने भाजपा के सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री बी एल वर्मा ने कहा कि आज भी हमारी पार्टी देश की सबसे बड़ी पार्टी है और यह पहले से ज्यादा मजबूत हो इसको लेकर काफी संख्या में सुयोग्य, कर्मठ, निष्ठावान लोगों को सदस्य बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोकप्रिय प्रधानमंत्री के प्रति लोगों में जो आशा व विश्वास है उसे कायम रखना है। पूरे देश में करोड़ों लोग बीजेपी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जागरूक, निष्ठावान, लगनशील कार्यकताओं के सहयोग से हीं पार्टी मजबूत होती है। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं से कहा कि पार्टी द्वारा 11 से 18 सितंबर तक चलाये जा रहे सक्रिय सदस्यता अभियान के तहत मांझी विधान सभा क्षेत्र से अधिक से अधिक लोगों को सदस्यता दिलाने का आह्वान किया। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं को सदस्य बनने और दूसरे को भी सदस्य बनाने के लिए प्रेरित किया। इससे पूर्व दाउदपुर पहुंचने पर बीजेपी के युवा नेता हरिमोहन सिंह गुड्डू के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर प्रो. शिवाजी सिंह, प्यारे अंगद, संजय सिंह, अनिल राम, पप्पू राम, चंदन सिंह, कुणाल सिंह, निशांत सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद थे।

# सारण में 5 स्वास्थ्य केंद्रों पर होगी हाईड्रोसील के मरीजों की सर्जरी



प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। छपरा में अब हाइड्रोसील के मरीजों को प्राइवेट अस्पतालों में महंगे दर ऑपरेशन करने से छुटकारा मिलेगा। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग ने पहल शुरू कर दी है। जिले के पांच सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों को चिन्हित किया गया है। जहां पर हाइड्रोसील के मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। छपरा सदर अस्पताल में सदर प्रखंड, रिवीलगंज, जलालपुर, लहलादपुर, बनियापुर, नगरा, गरखा स्वास्थ्य केंद्र के मरीजों का सर्जरी होगा। सदर अस्पताल में सर्जन डॉ अश्वनी कुमार, डॉ अखिलेश्वर कुमार, डॉ स्वेत शिखा के द्वारा ऑपरेशन किया जायेगा। अनुमंडलीय अस्पताल सोनपुर में सोनपुर, दरियापुर, दिघवारा के मरीजों का ऑपरेशन होगा। यहाँ सर्जन डॉ शशांक सौरभ और डॉ सौम्या को जिम्मेदारी दी गयी है। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों परसा में परसा, मकेर, अमनौर स्वास्थ्य को सबंद्ध किया गया है। यहाँ पर डॉ सुमन कुमार ऑपरेशन करेंगे। रेफरल अस्पताल मढ़ौरा को मढ़ौरा, मशरक, तरैया, पानापुर, इसुआपुर को टैग किया गया है। यहाँ सर्जन डॉ कृष्ण चंद्र और डॉ चंदन कुमार सर्जरी करेंगे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांझी को भी हाईड्रोसील के मरीजों के ऑपरेशन के लिए चयन किया गया है। यहाँ मांझी और एकमा के मरीजों का ऑपरेशन होगा। सर्जन डॉ आशुतोष कुमार को जिम्मेदारी दी गयी है।

# नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म मामले में पिता को 14 साल की सजा तथा अर्थ दण्ड

छपरा कोर्ट।स्थानीय व्यवहार न्यायालय के विशेष न्यायाधीश पोक्सो स्मिता राज ने महिला थाना कांड संख्या 19/22 के पोक्सो सत्र संख्या 19/22 में आरोपी पिता को आईपीसी की धारा 376 (2)ऋमे 14 साल सशर्म कारावास 25 हजार अर्थ दण्ड नहीं देने पर अतिरिक्त छह माह की सजा तथा पोक्सो की धारा 4 में 10 साल सशर्म कारावास और पच्चीस हजार अर्थ दण्ड एवं 6 में 14 साल सशर्म कारावास एवं 25 हजार अर्थ दण्ड तथा पीड़िता को 5 लाख रुपए आर्थिक सहायता हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकार को देने का आदेश दिया है। विदित हो की नाबालिक पीड़िता ने महिला थाना में 28 मार्च 2022 को अपनी दादी के साथ आकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें उसने अपने पिता को आरोपी दशार्या था। उसने अपने प्राथमिकी में कहा था कि मेरे पिता मेरी मां की मृत्यु के बाद दूसरी शादी कर लिए दूसरी पत्नी भी छह साल बाद आग लगाकर मर गई ।

# नगर पार्षदों के वार्ड में नगर आयुक्त ने रोकी लाखों की योजनाएं

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया। नगर आयुक्त शंभू कुमार के धांधली और मनमानी की शिकायत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तक पहुंची है। शिकायत वार्ड 32 के आजाद हुसैन और अन्य 4 दर्जन नागरिकों द्वारा की गई है। इसकी प्रतिलिपि विभागीय प्रधान सचिव, पश्चिम चंपारण के जिलाधिकारी से लेकर महापौर तक से की गई है। शिकायत में उल्लेख है कि बीते माह जून 2023 में नगर निगम में नगर आयुक्त द्वारा करोड़ों के भ्रष्टाचार और शिकायत करने वाले दर्जनों नगर पार्षदों नाराज होकर उनके वार्डों की विकास योजनाओं को बाधित करते हुए रोक लगा दिया है। मुख्यमंत्री को सौंपी गई शिकायत में यह भी उल्लेख है कि इसके बाद नगर आयुक्त के प्रभाव में आकर उनमें से कुछ नगर पार्षदों ने नगर आयुक्त को क्लीन चिट देते हुए अपना आरोप भी वापस ले लिया है। वही वार्ड 32 के नगर पार्षद द्वारा ऐसा नहीं करने और शिकायत के बाद भी कार्रवाई ना होने के कारण नगर आयुक्त शंभू कुमार के मनमानी और स्वेच्छाचारिता की रफ्तार और तेज हो गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### भोजपुर जिलाधिकारी का भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन



आरा।बिहार राज्य पूर्व सैनिक संघ के तरफ से भोजपुर के जिलाधिकारी श्री राजकुमार का विदाई समारोह मेजर राणा प्रताप सिंह के अध्यक्षता में जिला समरहालय सभागार में किया गया एवं नये जिलाधिकारी महोदय को स्वागत किया गया।साथी हि नई डी सी महोदय अनुपमा सिंह को भी स्वागत अंग वस्त्र देकर किया गया जिलाधिकारी महोदय श्री राजकुमार जी को वार मेमोरियल का मूवमेंतो देकर एवं अंग वस्त्र देकर उनका अभिनंदन किया गया श्री राजकुमार जिलाधिकारी हम लोगों को वार मेमोरियल बनाने में बहुत ही योगदान दिए थे यदि वह नहीं रहते तो हम लोगका वर मेमोरियल बनना मुश्किल था उन्हें की अगुवाई में वहां से टैंको जिलाधिकारी महोदय के ऑफिस में लाया गया और वहां पर योद्धा स्मारक बनाया गया यह हमारे डीएम श्री राजकुमार जी को देंन है मैं आज 17 वर्षों से देख रहा हूं कोई भी जिलाधिकारी महोदय इतना पूर्ण सैनिकों के लिए इंटरेस्ट नहीं लिया।

### चार वारंटी को पुलिस ने भेजा जेल

काराकाट (रोहतास) कछवां पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत धनहरा से एक और अमौना से तीन यानी कुल चार वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धनहरा से सुरेंद्र प्रसाद एवं ग्राम अमौना से महेश महतो, वीरेंद्र महतो और विनोद महतो को गिरफ्तार किया गया है ।उन्होंने कहा कि गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरुद्ध बिक्रमगंज व्यवहार न्यायालय से वारंट निर्गत था ।

### पूर्व शराब कांड के एक प्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार

दिनारा (रोहतास) पुलिस ने पूर्व शराब कांड के एक प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।भानस थानाध्यक्ष गुड़िया कुमारी ने बताया कि दिनारा(भानस) थाना कांड संख्या 335/24 के आलोक में सुसंगत धारा बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद संशोधन अधिनियम 2018 के प्राथमिकी अभियुक्त 45 वर्षीय रामा शंकर राम पिता स्वर्गीय रामा नंद राम ग्राम खैरही कला को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया ।उन्होंने कहा कि गिरफ्तार अभियुक्त को जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया ।

### बंदूक के नोक पर अपराधियों ने बाइक सवार को लूटा

काराकाट (रोहतास) काराकाट थाना क्षेत्र के बेनसागर गांव के निकट बाइक सवार तीन लुटेरों ने गन प्वाईंट पर बाइक सवार से तीस हजार रुपये नगद व मोबाइल फोन व बटुआ लूट लिया।लूट के बाद तीनों लुटेरा मौके से फरार हो गया ।इस संबंध में पीड़ित ने काराकाट पुलिस थाने में शिकायत दी है।बताया गया की राजपुर थाना क्षेत्र के बरना डिहरी निवासी विजय साह संझौली बाजार से अपना काम निपटा कर वापस अपना गांव बरना डिहरी की तरफ जा रहा था।रास्ते में बेनसागर गांव के नजदीक बाइक सवार तीन युवकों ने उसे पकड़ लिया और लूट शुरू कर दी।विजय साह ने लूट का विरोध किया तो उसे बंदूक दिखाकर गोली मारने की धमकी दी।विजय साह से तीस हजार रुपये और मोबाइल, बटुआ सहित अन्य सामान लूट कर तीनों लुटेरा मौके से फरार हो गया ।

### पुलिस ने पांच वारंटियों को भेजा जेल

काराकाट (रोहतास) काराकाट पुलिस ने न्यायालय से वांछित पॉच वारंटियों को गिरफ्तार करके जेल भेजा है।थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने बताया कि सभी वारंटी न्यायालय के समन प्राप्त करने के बाद भी कोर्ट नही पहुचें, जिसके बाद कार्यवाही की गई।थानाध्यक्ष ने बताया की पड़सर गांव निवासी रामपति रजक के दो पुत्र सुरेन्द्र रजक और ललन रजक, तथा लोरीबंध गांव निवासी अवधेश ठाकुर के दो पुत्र भीम ठाकुर और धर्मवीर ठाकुर सहित बुढ़वल गांव निवासी नथुनी साह के पुत्र दयाशंकर साह कोर्ट से समन मिलने के बाद भी कोर्ट में नहीं पहुचें।

### पत्रकार रजनीश त्रिपाठी की याद में श्रद्धांजलि सभा आयोजित

आरा।शहर के जेपी स्मारक मंच पर भोजपुर प्रेस क्लब के तत्वावधान में पत्रकार सह रंगकर्मी रजनीश त्रिपाठी की याद में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।सभा में उपस्थित लोगों ने दिवंगत पत्रकार रजनीश त्रिपाठी के तैल चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नम आंखों से विनम्र श्रद्धांजलि दी।अध्यक्षता पत्रकार प्रशांत रंजन एवं संचालन रंगकर्मी अशोक मानव ने किया। वहां मौजूद लोगों ने दिवंगत पत्रकार रजनीश त्रिपाठी के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना किया। सभा में उपस्थित लोगों ने रजनीश त्रिपाठी को एक निर्भीक पत्रकार के साथ-साथ कुशल रंगकर्मी बताया।

# ट्रिपल मर्डर का थाने से भागा हुआ आरोपी गिरफ्तार चाय के लिए मार डाला पत्नी और 2 बच्चों को

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। मंगलवार को पति ने पत्नी समेत 2 मासूम बच्चों की खंती से काट कर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई। इसी से नाराज पति ने पहले पत्नी का सिर धड़ से अलग किया। इसके बाद बेटे और बेटी को टुकड़ों में काट कर मार डाला।घटना अजीमाबाद थाना क्षेत्र के मिल्की गांव की है। मृतकों में सीमा देवी, बेटी सौम्या कुमारी (8) और बेटा दीदवंत कुमार (10 माह) शामिल है।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी पति लालू यादव ने पत्नी को चाय बनाने के लिए बोला था, लेकिन पत्नी ने चाय बनाने से मना कर दिया और पति का मजाक बनाते हुए हंसने लगी। इस बात से गुस्साए आरोपी ने कमरा बंद कर तीनों की हत्या कर दी। मर्डर के बाद उसने पत्नी के मायके वालों को फोन किया था और कहा था कि 'तहार बेटी के काट देले बानी। आके लाश ले जा लोग।'

मृतकों में सीमा देवी, बेटी सौम्या कुमारी (8) और बेटा द्विदान्त कुमार (8 माह) शामिल हैं। तीनों की लाश एक ही कमरे में अर्धनग्न अवस्था में पाई गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी लालू यादव (35) को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन वो थाना परिसर से मंगलवार की देर शाम भाग निकला था। भोजपुर एसपी के द्वारा एसडीपीओ पीरो के नेतृत्व में गठित विशेष टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस ने बताया कि शुरूआती जांच में पता चला है कि आरोपी पति मानसिक रूप से विक्षिप्त भी है। पत्नी से चाय बनाने को लेकर विवाद हुआ था। उसके बाद उसने इस वारदात को अंजाम दिया। घटना अजीमाबाद थाना क्षेत्र के मिल्की गांव की है। पीरो डीएसपी राहुल सिंह ने बताया कि आरोपी पति लालू यादव गिरफ्तारी के बाद पागल जैसा बर्ताव कर रहा थ। इस कारण उसे हथकड़ी नहीं लगाई गई थी। उसके साथ चौकीदार की ड्यूटी लगाई थी, लेकिन उसे झांसा देकर वो मंगलवार की रात थाने से फरार हो गया था। लेकिन भोजपुर एसपी के द्वारा गठित टीम द्वारा त्वरित कारवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

वहीं भोजपुर एसपी ने बताया कि कल अजीमाबाद थाना में पत्नी और बच्चों की हत्या के मामले में मानसिक रूप से विक्षिप्त गिरफ्तार अभियुक्त थाना हजत में बंद था। उसके बाद एक चौकीदार और स्त्र२ के द्वारा हाजत रजिस्टर पर कुछ हस्ताक्षर के लिए निकालने के क्रम में लोगों को धक्का देकर हत्या का आरोपी अभियुक्त फरार हो गया था। जिसे अब गिरफ्तार कर लिया गया है ।वहीं आरोपित को थाना हाजत से लापरवाही के कारण फरार होने के उपरांत एसपी भोजपुर के द्वारा थाना अध्यक्ष और एक पुलिस अधिकारी सहित ड्यूटी पर तैनात चौकीदार को निलंबित कर दिया गया है।

## 15 को टीबीटी अवार्ड सम्मान समारोह में शामिल होंगे बिहार विधान परिषद के सभापति

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। पटना लॉ कॉलेज पटना में 15 सितंबर को आयोजित होने वाले टीबीटी शिक्षक सम्मान समारोह में बिहार विधान परिषद सभापति श्री अवधेश नारायण सिंह शामिल होंगे ।जैसा कि टीबीटी फेसबुक मंच द्वारा प्रत्येक वर्ष उन शिक्षकों को राज्य स्तरीय सम्मान प्रदान किया जाता है जिन्होंने पूरे वर्ष नवाचार, गतिविधि एवं नए नए तकनीक से बच्चों को पढ़ाने का कार्य करते हैं !

टीबीटी फेसबुक मंच एक ऐसा ऑनलाइन शैक्षणिक मंच है जहां बिहार के सभी 38 जिलों के अनुभवी शिक्षक अपने ज्ञान, अनुभव ,कौशल, नई-नई तकनीकी विद्या ,नवाचार , गतिविधि इत्यादि के माध्यम से वीडियो बनाकर बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान करने का कार्य करते हैं। इस मंच से जुड़े सभी सरकारी विद्यालय के शिक्षक होते हैं जो किसी प्रकार का शुल्क नहीं लेते हैं ! इस बार के राज्य स्तरीय टीबीटी सम्मान समारोह में राज्य के लगभग सवा दो सौ शिक्षकों/शिक्षिकाओं को टीबीटी शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

इस सम्मान समारोह में राज्य के माननीय राज्यपाल महोदय को भी आने का आश्वासन प्राप्त है। साथ ही बिहार विधान परिषद के सभापति श्री अवधेश नारायण सिंह एवं कुछ गणमान्य मंत्री गण भी शामिल होंगे ।साथ में शिक्षाविद् गणितज्ञ श्री के सी सिंहा सर , गुरु रहमान सर सहित कई अन्य प्रोफेसर इत्यादि शामिल होंगे ! भोजपुर जिला के शिक्षक एवं टीबीटी मंच के राज्य एडमिन डॉ शिव कुमार प्रसाद ने कहा है कि इस प्रकार का सम्मान समारोह शिक्षकों के सम्मान के लिए अभूतपूर्व कार्य है ! बिहार में ऐसे अनगिनत अनुभवी शिक्षक हैं जो बच्चों को बेहतर से बेहतर शिक्षा देना चाहते हैं, जरूरत है ऐसे मंच की जहां ऐसे अद्वितीय कार्यों के लिए उन्हें आदर व सम्मान प्राप्त हो! इस प्रकार के शिक्षक सम्मान समारोह से बिहार के तमाम शिक्षकों में खुशी की लहर है !

## गांव में शिविर लगाकर जमीन सर्वे के जुड़ी प्रपत्र 2 व 3 की दी गई जानकारी

### वंशावली नहीं होने पर भी मुख्य फॉर्म भरने से भी हो जायेगी जमीन सर्वे

प्रात: किरण संवाददाता



तिलौथू (रोहतास) तिलौथू प्रखंड क्षेत्र में चल रहे भूमि सर्वेक्षण के फॉर्म भरने में हो रही रैयतों के कठिनाइयों को दूर करने को लेकर शिविर प्रभारी शक्ति कुमार , कानूनगो नाजिम काजिम एवं लिपिक पंकज कुमार के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के रामडीहरा ,अमरा गांव में शिविर लगाकर लोगों को जागरूक किया गया । शिविर में प्रपत्र 2 व 3 भरने को लेकर चर्चा किया गया। शिविर प्रभारी शक्ति कुमार ने बताया कि प्रपत्र 2 और 3 ये दोनों ही स्व-घोषणा पत्र हैं। प्रपत्र 2 में आपकी जमीन से जुड़ी सभी जानकारी जैसे खाता, खेसरा, रकबा आदि भरनी होती है। वहीं, प्रपत्र 3 में वंशावली की जानकारी देनी होती है। जो प्रपत्र 2 को स्व-घोषणा पत्र भी कहा जाता है। जिसमें सरकार द्वारा मांगी गई कई जानकारियां भरनी होती हैं। सबसे पहले आपको रैयत का नाम, पता, खाता, खेसरा, रकबा जैसी बुनियादी जानकारी भरनी होगी। इसके बाद आपको अपनी जमीन के प्रकार के बारे में बताना होगा। अगर आपके पास जमाबंदी नहीं है तो चिंता न करें, उस कॉलम को खाली छोड़ दें। अगर कोई अन्य जानकारी आपसे मांगी गई है और आपको उसके बारे में पता नहीं है, तो आप उसे भी खाली छोड़ सकते हैं। हालांकि, आपको यह जरूर बताना होगा कि आपकी जमीन पर आपके दावे का अधिकार कैसे है। यानी, क्या यह संपत्ति आपको दान में मिली है, विरासत में मिली है, आपने इसे खरीदा है (केवाला) या बंदोबस्ती में मिली है।

**प्रपत्र 3 में वंशावली की देनी है जानकारी :** जमीन मालिक या आवेदक को अपनी वंशावली के बारे में जानकारी देनी होती है। इसका मतलब है कि जो लोग खातियान धारक हैं या उनके उत्तराधिकारी हैं और अपने नाम पर खाता खुलवाना चाहते हैं। उन्हें इस फॉर्म में अपनी वंशावली के बारे में जानकारी देनी होगी। सभी उत्तराधिकारियों के नाम की सही जानकारी भरें। यह भी एक तरह का स्व-घोषणा पत्र है, इसलिए आपको इसके लिए पंचायत या किसी सरकारी दफ्तर में जाकर वंशावली बनवाने की जरूरत नहीं है इसे आप स्वयं भी सही सभी जानकारी भरकर जमा कर सकते है। ध्यान रहे कि अगर आपको फॉर्म भरने में कोई परेशानी हो रही है, तो आप नजदीकी राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के शिविर में जाकर मदद ले सकते हैं।

## बीजेपी बड़हरा विधायक ने सैकड़ों लोगों के बीच सदस्यता अभियान चलाया

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। बड़हरा भारतीय जनता पार्टी द्वारा 11 सितम्बर से 17 सितम्बर तक चलने वाला विशेष सदस्यता सप्ताह अभियान के अंतर्गत बुधवार को बड़हरा विधानसभा के कोईलवर उतरी मंडल अंतर्गत गीधा पंचायत शक्तिकेन्द्र पर बड़हरा विधायक सह पूर्व मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व मे सदस्यता अभियान चलाया गया।

विशेष सदस्यता अभियान सप्ताह के तहत बड़हरा विधायक द्वारा मोबाईल से मिस्ड कॉल और लिंक द्वारा सैकड़ों लोगो को भाजपा की सदस्यता दिलवाया गया। उक्त अवसर पर विधायक ने कहा कि दो सितम्बर से भाजपा का राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान की शुरूआत हो गई है। यह अभियान 25 सितम्बर तक चलेगा, जिसके तहत मोबाईल और ऑफलाईन द्वारा पार्टी का सदस्य बन सकेंगे। बड़हरा विधानसभा मे सदस्यता अभियान तेजी से चल रहा है। 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का जन्मदिन है इसलिए पार्टी द्वारा 11 से 17 सितम्बर तक एक सप्ताह मे पार्टी द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। बड़हरा विधानसभा में निश्चित रुप से इस अभियान को सफल बनाया जाएगा और सबसे अधिक सदस्य इस विधानसभा से बनेंगे।

वहीं जिला उपाध्यक्ष सह जिला सदस्यता सह प्रभारी व बड़हरा विधानसभा सदस्यता प्रभारी वंदना राजवंशी ने कार्यकताओ और आम जनता को भाजपा का सदस्य बनने के तरीको को बताया। उन्होने 8800002024 नम्बर पर मिस्ड कॉल और नमो एप्प सहित ऑफलाईन से भाजपा का सदस्य बनाने के बारे मे विस्तार से बताई। उक्त अवसर पर सरपंच सोनु पासवान,संजय चौधरी,सन्नी कुमार,भीम कुमार, आकाश कुमार, अनंत देव,रतन साव,रघुवीर सिंह भगत सहित सेकड़ो लोग शामिल हो कर भाजपा के प्राथमिक सदस्यय बने।

## बिहार राज्य रात्री प्रहरी कर्मचारी संघ के बैनर तले दिया एक दिवसीय धरना

आरा। बिहार राज्य रात्री प्रहरी कर्मचारी संघ भोजपुर के बैनर तले एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम समाहरणालय भोजपुर के समक्ष किया गया,चार सूत्रीय मांगों के लिए बिहार के सभी ज़िला समाहरणालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करने के लिए राज्य नेतृत्व के बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में किया गया है, भोजपुर में रात्रि प्रहरी कर्मचारी संघ के एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के समर्थन में बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ गोप गुट बिहार,के राज्य सचिव सह भोजपुर के जिला सचिव उमेश कुमार सुमन भी उपस्थित हुए और सुमन ने अपने संबोधन में उपस्थित रात्रि प्रहरी कर्मचारियों को बताया कि केन्द्र और राज्य सरकार,की नीतियां हमेशा कर्मचारी विरोधी होता है, जो किसी भी कर्मचारियों के लिए ठीक नहीं है आज समान काम के बदले समान वेतन, पुराना पेंशन, सभी संविदा मानदेय कर्मियों को नियमित करने के मांग और समय पर वेतन, मानदेय भुगतान किया जाये के लिए आंदोलन विभिन्न संगठनों ने जारी किया है और १,ल्लॅं कर्मियों का फेस अटेंडेंस वापस करने के लिए आंदोलन 67,दिनों से चल रहा है, स्वास्थ्य मंत्री से भी सहमती के बाद समझोता पत्र आज तक नहीं मिलने के कारण एनम,एचनम,संघर्ष मोर्चा का आंदोलन जारी है।

## पदभार ग्रहण करते ही जिलाधिकारी ने जनता दरबार में लोगों की सुनी समस्या

प्रात: किरण संवाददाता



रोहतास (सासाराम) जनता दरबार में जिलाधिकारी उदिता सिंह ने कई फरियादियों की समस्याएं सुनी और उन्होंने उन समस्याओं के त्वरित निष्पादन के लिए संबंधित विभाग के पदाधिकारी को दिशा निर्देश दिया। जिला मुख्यालय में बुधवार को जनता दरबार में ज्यादातर महिला फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर आई थीं। नटवार थानांतर्गत खैरहीं गांव की निवासी सोनी देवी ने अपने आवेदन में बताया कि इसी गांव के निवासी भरत साह ने उन्हें जमीन खरीदने के नाम पर धोखा देकर 4.50 लाख रुपए ले लिया है और उनके नाम से जमीन भी नहीं खरीदा है। सोनी देवी अपने आवेदन में बताती हैं कि जब वे भरत साह से पैसे मांगने जाती हैं तो उन्हें गाली-गलौज और मारपीट कर भगा दिया जाता है और पैसे देने में टालमटोल किया जाता है। जिलाधिकारी ने उक्त घटना को संज्ञान में लेते हुए अनुमंडल पदाधिकारी तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को मामले की जांच पड़ताल कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। फजलगंज निवासी एक लड़की ने अपने आवेदन में बताया कि उनके घर वाले उनकी जबरदस्ती शादी कर रहे हैं। उन्होंने अपने आवेदन में आगे बताया कि वे पढ़ना चाहती हैं, लेकिन घर वाले उनकी एक नहीं सुन रहे हैं। इसलिए वह अपनी अर्जी लेकर जिलाधिकारी के पास आई हैं। जिलाधिकारी श्रीमती उदिता सिंह ने वीमेन हेल्पलाइन के पदाधिकारी को बुलाकर निर्देश दिया कि वे लड़की और उनके घर वालों को बुलाकर बातचीत करें और उनकी काउंसलिंग कर हर संभव सहायता पहुंचाएं। शिवसागर थाना अंतर्गत पहाड़पुर गांव के निवासी अमरदीप कुमार ने अपने आवेदन में बताया कि उनके पिता स्वर्गीय नागेंद्र कुमार की मृत्यु एक साल पहले रोहतास अंचल कार्यालय में आदेश पाल के पद पर रहते हुए हो गई थी। उनकी मां की भी मृत्यु हो गई है और अब वे केवल दो भाई हैं। दो भाइयों की आपसी कलह की वजह से अभी तक उन्हें पिताजी की मृत्यु उपरांत सेवांत लाभ, अनुकंपा सेवा लाभ इत्यादि नहीं मिला है। उन्होंने अपने आवेदन में जिलाधिकारी से सहायता प्रदान करने का अनुरोध किया है।दिनारा थाना अंतर्गत विछियाव गांव की निवासी रानी देवी ने अपने आवेदन में बताया कि असामाजिक तत्वों के द्वारा धमकी दिए जाने से उनका पूरा परिवार सहमा हुआ है और अभी तक उस व्यक्ति के खिलाफ किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है। जिलाधिकारी ने उनके आवेदन को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक रोहतास से इस मामले में आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। नासरीगंज के निवासी उदय राम ने अपने आवेदन में बताया कि उनका जन वितरण प्रणाली अनुज्ञप्ति रद्द कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने उनके आवेदन के संबंध में निर्देश दिया कि वे इस मामले को जिलाधिकारी के कोर्ट में प्रस्तुत करें। रोहतास ब्लॉक के चुटिया थाना अंतर्गत परछा गांव के निवासी गोरख राम ने अपने आवेदन में बताया कि उनके पिताजी को भू-बंदोबस्ती वाद संख्या 15/9394 के द्वारा खाता संख्या 407, प्लॉट संख्या 39 में रकबा 84.5 डिसमिल जमीन बंदोबस्त है। उन्होंने अपने आवेदन में आगे बताया कि जमीन पर जाने के लिए उन्होंने अंचलाधिकारी को रास्ता चालू करने का आवेदन किया था, लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जिलाधिकारी ने डेहरी के अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी को मामले पर सुनवाई आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। नोखा के निवासी मुन्ना कुमार ने बताया कि वह विकलांग है और उनकी बैटरी साइकिल खराब हो गई है। जिलाधिकारी ने एडीएसएस को उक्त आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आवेदक को सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है। गिरधरिया के निवासी रोहित कुमार ने अपने आवेदन में बताया कि शिवसागर प्रखंड स्थित शिवसागर गांव में पिछले कई वर्षों से तालाब की सफाई नहीं हो पाई है, जिससे तालाब में बहुत गंदगी हो गई है। उन्होंने अपने आवेदन में आगे बताया कि तालाब में गंदगी के कारण आगामी छठ पूजा में गांव के निवासियों को पूजा अर्चना करने में काफी दिक्कत हो सकती है, इसलिए तालाब की सफाई अति आवश्यक है। जिलाधिकारी ने उक्त आवेदन पर संज्ञान लेते हुए उप विकास आयुक्त को आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया है।

## 8 वर्षों से बकाया अनुदान राशि को विमुक्त करने का प्राचार्य विनोद ने की मांग

प्रात: किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास) वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय संबंध महाविद्यालय प्रधानाचार्य एसोसिएशन आरा के महासचिव डॉ बिनोद कुमार सिंह प्रधानाचार्य ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी से शीघ्र बढ़ती मंहगाई दर से 8 वर्षों का बकाया अनुदान राशि विमुक्त करने की मांग की है। डॉ सिंह ने बताया कि 8 सितम्बर 2008 को माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी ने वित्त रहित शिक्षा नीति को समाप्ति की घोषणा कर बिहार सरकार ने परीक्षा फल आधारित वेतनादि अनुदान राशि देने का व्यवस्था किया गया इसके तहत प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण छात्र 8500 छात्रा 8700 द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण छात्र 8000 छात्रा 8200 तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण छात्र 7500 छात्रा 7700 भुगतान करने का निर्णय लिया गया था। परन्तु बिहार सरकार की उपेक्षा पूर्ण नीति,शिक्षा विभाग की लापरवाही एवं विश्वविद्यालयों की संवेदनहीनता व शोषणात्मक प्रवृति का नतीजा है कि महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारीगण को उक्त राशि 2017 से 2024 तक अर्थात कुल आठ शैक्षणिक सत्र का बकाया है। जबकि मंहगाई लगातार बढ़ती जा रही है और शिक्षाकर्मी मजबूर एवं बेबस लचार जिन्दगी जीने को मजबूर हैं। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा संबंध महाविद्यालय प्रधानाचार्य एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ अशोक कुमार सिंह, महासचिव डॉ बिनोद कुमार सिंह, उपाध्यक्ष डॉ कमला कान्त सिंह यादव , मुख्य संरक्षक डॉ अनिल कुमार, संरक्षक डॉ बीरेंद्र सिंह, डॉ एन एम ठाकुर डॉ शशि कान्त, डॉ संजू कुमारी, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डॉ शम्भू नाथ सिंह, डॉ गुप्तेश्वर राय, सचिव डॉ महेंद्र कुमार, डॉ तारा सिंह, डॉ शोभा सिंह, चौधरी सुदामा सिंह, डॉ निर्मल राय, डॉ अमर सिंह चौधरी डॉ सुरेन्द्र कुमार सिंह, डॉ जनेश्वर सिंह, डॉ बिनोद कुमार उज्जैन एसोसिएशन के सभी सम्मानित पदाधिकारियों ने एक स्वर में बढ़ती हुई महंगाई दर से एक मुस्त बकाया अनुदान राशि भुगतान करने की मांग की है। संबद्ध महाविद्यालयों में पुरे प्रदेश में लगभग 25 हजार शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारीगण कार्यरत हैं वे किस तरह शोषण के शिकार हो रहे हैं हजारों कर्मी दवा के अभाव में असमय निधन हो गया उनके प्रतिपालक अनाथ हो गए।

एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने राज्य सरकार से अनुरोध किया है कि 8 शैक्षणिक सत्रों का बकाया अनुदान राशि को बढ़ते हुए मंहगाई दर से निर्धारित कर एक मुस्त भुगतान डेढ़ करोड़ की बंधेज को समाप्त करते हुए भुगतान किया जाए। साथ ही परीक्षा परिणाम आधारित वेतन मद अनुदान राशि के बदले प्रतिमाह वेतन भुगतान शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारीयों के बैंक खाते में किया जाएं।

## चेंबर ऑफ कॉमर्स प्रतिनिधियों ने नए जिलाधिकारी का किया स्वागत

प्रात: किरण संवाददाता



सासाराम (रोहतास) चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों ने आज जिलाधिकारी उदिता सिंह से मुलाकात की। जिलाधिकारी ने उनसे जिले में उद्योग की स्थिति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि रोहतास जिला न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बिहार के अन्य जिलों से अग्रणी है बल्कि यह जिला बेहद संपन्न भी है।

उन्होंने कहा कि रोहतास जिले में उद्योग की अपार संभावनाएं हैं। आने वाले समय में वे इस दिशा में बेहतर काम करेंगी। उद्योग संघ के प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी से अनुरोध करते हुए कहा कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला एवं अनुमंडल स्तर पर एक ट्रेड मीट कराए जाने की आवश्यकता है, जिससे इस जिले में उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि जिले में लगभग डेढ़ सौ ट्रैडर काम कर रहे हैं।

उद्योग संघ के प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी को अतिक्रमण की समस्या, नो वेंडिंग जोन आदि से भी अवगत कराया। उन्होंने जिलाधिकारी से आग्रह किया कि पूरे मार्केट प्लेस पर महिलाओं के लिए टॉयलेट आदि की समुचित व्यवस्था नहीं है। अगर इसकी व्यवस्था हो जाए तो इसके मेंटेनेंस की जिम्मेदारी उद्योग संघ करेगा। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र में सुरक्षा के मुद्दे को भी सामने रखा। बार एसोसिएशन के सदस्यों ने आज जिलाधिकारी से मुलाकात कर कचहरी के सामने एक ब्रेकर बनाए जाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि कचहरी के सामने आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी बैठक में जिला यातायात पदाधिकारी के साथ इस पर बातचीत कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाएंगे। उन्होंने बार एसोसिएशन के सदस्यों को कहा कि कचहरी के सामने लगने वाली मोटरसाइकिल एवम अन्य गाड़ियों की वजह से सड़क पर काफी जाम लग जाता है। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि व्हाइट लाइन के अंदर ही सारी गाड़ियां लगाई जाएं, अन्यथा उन पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि लोगों की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है।

## पहलवानों को प्रशिक्षण के लिए हरियाणा भेजेंगे उद्योगपति अजय

प्रात: किरण संवाददाता



नावानगर (बक्सर) भारत प्लस एथेनॉल लिमिटेड कंपनी के सीएमडी सह उद्योगपति व वरीय समाजसेवी अजय सिंह ने भोजपुर जिले के कायमनगर गांव पहुंच रंजन कुमार के पुत्र और पुत्री तथा आरा के श्री टोला मोहल्ले में स्व० योगेंद्र शर्मा की पुत्री राधा पहलवान को सम्मानित किया ।उद्योगपति व समाजसेवी ने मेडल जीते तीनों प्रतिभागियों के घर बारी बारी से पहुंच कर अंग वस्त्र के साथ 11झ11 हजार रूपए नगद देकर पुरुस्कृत किया ।और आगे खेल में बढ़ावा के रुचि के लिए उनके हौसले अफजाई किया। सादे सम्मान समारोह में श्री सिंह ने प्रतिभागियों सहित उपस्थित लोगों से कहा कि खेल व शिक्षा के विकास में आर्थिक समस्या कभी नही बनेगी ।देश से विदेश जाने तक का सभी खर्च हम उठाएंगे ।ज्ञात हो कि नेपाल में आयोजित दक्षिण एशिया चैंपियनशिप कॉम्बैट कुश्ती प्रतियोगिता में श्री टोला आरा मोहल्ले के निवासी राधा पहलवान ने 69 किलो ग्राम के भार वर्ग में गोल्ड मेडल तथा कायम नगर में सहोदर भाई बहन अर्चना 57 किलोग्राम भार वर्ग में एवं अनुपम 86 किलो ग्राम भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीता था ।यह प्रतियोगिता नेपाल के काठमांडू में 30 अगस्त से 1 सितंबर तक यह प्रतियोगिता चली थी जिसमें इन तीनों प्रतिभागियों ने भोजपुर जिले का नाम मेडल जीतकर रोशन किया था ।अर्चना एवं अनुपम के माता पिता आर्थिक तंगी के कारण अपने जेवरात के बेचकर प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पैसे दिए थे। जिसके कारण आर्थिक तंगी का शिकार होना पड़ा था। वही राधा पहलवान का मां बाप दोनों में से कोई नहीं है ।जिसका खयाल रखते हुए उद्योगपति अजय सिंह ने इन तीनों खिलाड़ियों को गोद लेते हर संभव मदद करने की बात कही और विश्व कुश्ती ओलंपिक में भाग लेने का अपने खर्चे के बूते जिम्मा लिया ।जहां पिता रंजन कुमार की मांग पर कुश्ती की अच्छे प्रशिक्षण के लिए हरियाणा भेजने की बात कहते सारा खर्च अपने उठाने का जिम्मा लिया खेल और शिक्षा में आर्थिक मंदी को हर संभव मदद करने को उपस्थित सभी से कहा।

## पंचायत समिति की सामान्य बैठक आयोजित, कई मुद्दो पर की गई चर्चा

गडहनी। प्रखण्ड कार्यालय स्थित सभागार भवन मे बुधवार को प्रखण्ड प्रमुख बिनोद सिंह की अध्यक्षता मे पंचायत समिति की सामान्य बैठक आयोजित की गई ।बैठक का नेतृत्व व संचालन बिडिओ अर्चना कुमारी के द्वारा की गई ।बताते चले कि इससे पहले दो बार बैठक कोरम के अभाव मे स्थगित हो चुका है ।यह तीसरी बैठक है जिसमे कुछ गिने चुने ही विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे ।वहीं बैठक मे विकास योजनाओ को सुचारू रूप से संचालित करने सहित अन्य कई मुद्दो पर चर्चा की गई। वहीं बैठक मे आये समिति सदस्यों एवं मुखियागणो के द्वारा प्रखण्ड मुख्यालय स्थित विभिन्न विभागो की लचर ब्यवस्थाओं को सदन पटन पर उठाया ।वहीं स्वास्थ्य केन्द्र की लचर ब्यवस्था, राजस्व से संबंधित कई समस्याएं उठाई गई ।वहीं काउप पंचायत समिति सदस्य मोहन कुमार द्वारा बैंकर्स, बिजली विभाग, शिक्षा विभाग, सीडीपीओ, चरपोखरी थानाध्यक्ष की बैठक से गायब रहने को लेकर सवाल उठाया गया। वहीं बराप पंचायत समिति सदस्य हरेन्द्र यादव ने अंचलाधिकारी दीपा कुमारी की बैठक से अनुपस्थित रहने को लेकर सवाल उठाया ।कहा कि अंचलाधिकारी का हर बार बैठक से गायब रहना उनके कर्तव्यनिष्ठता एवं जिम्मेदारियों पर सवाल खडा करता है ।वहीं बराप मुखिया चंद्रशेखर सिंह द्वारा उप स्वास्थ्य केंद्र को सुचारु रुप से संचालित किए जाने की मांगें सदन मे उठाई ।बैठक मे बाल विकास परियोजना, आँगनबाडी, मनरेगा, कृषि, पैक्स, पीएचडी से संबंधित विभिन्न समस्याओं को दुर करने को लेकर विभागीय अधिकारियों को निर्देश दी गई ।इस मौके पर गडहनी प्रभारी थानाध्यक्ष कुमार गौरव, प्रमुख बिनोद सिंह, उपप्रमुख पुष्पा देवी, पूर्व उपप्रमुख धर्मेन्द्र सिंह, हरेन्द्र यादव, मोहन राम, प्रेम कुमारी देवी, राधा देवी, पुष्पा देवी, सुनीता देवी, सुगवन्ती देवी, गीता देवी, मुखिया चन्द्रशेखर सिंह, सुनिल पाल, मालती देवी, उषा देवी, कमलावती देवी, पार्वती देवी, बीसीओ मनीष कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## खेत घूमने गए व्यक्ति की बनास नदी में डूबने से मौत, परिजनों में मचा कोहराम

गडहनी। चरपोखरी थाना क्षेत्र के पडरिया गांव से पूर्व बनास नदी मे शव मिलने से अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया ।शव मिलने की सूचना स्थानीय लोगो द्वारा चरपोखरी थाना को दी गई ।सूचना पर एसआई विपुल कुमार सिंह दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच शव को कब्जे मे लेकर कागजी कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर भेज दिया ।वहीं थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि मृतक काउप गांव निवासी तेगा सिंह का 40 वर्षीय पुत्र भीखम यादव है ।मंगलवार की शाम मे नदी किनारे अपने धान की खेत घुमने गया था ।खेत घुमने के बाद शौच के लिए चला गया ।पानी छुने के दौरान पैर फिसल गया जिससे वह नदी मे गिर पडा और डुब गया ।उधर देर रात तक घर नही लौटने पर परिजनो ने बहुत खोजबीन की लेकिन कुछ पता नही चल पाया।



# आलिया से पहले ये अभिनेत्रियां ले चुकी हैं एक्शन अवतार

हाल ही में आलिया भट्ट की फिल्म 'जिगरा' का ट्रेलर रिलीज हुआ है। ट्रेलर में अभिनेत्री अनुष्का शर्मा दमदार एक्शन करते हुए नजर आ रही हैं। इस फिल्म में उनके साथ वेदांग रैना भी हैं। वेदांग उनके भाई का किरदार निभा रहे हैं। बॉलीवुड में अभिनेत्रियों के एक्शन वाली कई फिल्में बन चुकी हैं और कई अभिनेत्रियों ने दमदार एक्शन किया है। आइए आज जानते हैं इन फिल्मों में कौन-कौन सी अभिनेत्रियों ने एक्शन वाली भूमिका निभाई है।

### माधुरी दीक्षित



फिल्म 'गुलाब गैंग' में में माधुरी दीक्षित जबरदस्त एक्शन करते हुए नजर आई हैं। वह इस फिल्म में एक खतरनाक महिला गैंग का नेतृत्व करती नजर आती हैं। हाथों में डंडा और लिए अभिनेत्री ने अपने एक्शन से सभी का दिल जीत लिया था

### तापसी पन्नू



अभिनेत्री तापसी पन्नू फिल्म 'नाम शबाना' में एक्शन करते हुए दिखी हैं। इस फिल्म में अपने काम से उन्होंने सभी को प्रभावित कर दिया था। वह अक्सर अपनी अदाकारी के लिए प्रशंसा प्राप्त करती हैं।

### अनुष्का शर्मा



अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने फिल्म 'एनएच 10' में अनुष्का एक्शन करते नजर आई। एन एच 10 साल 2015 की एक भारतीय क्राइम थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन नवदीप सिंह द्वारा किया गया है। इस फिल्म से अनुष्का शर्मा ने प्रोडक्शन में अपना डेब्यू किया है।

### कंगना रणौत



बॉलीवुड की क्वीन कही जाने वाली अभिनेत्री कंगना रणौत कई फिल्मों में एक्शन करते हुए नजर आई हैं। उन्होंने 'कृष 3', मणिकर्णिका और धाकड़ जैसी फिल्मों में अपना एक्शन अवतार दिखाया है।



# तनाव सीरीज मेरे लिए काफी स्पेशल

**टीवी की जानी-मानी कलाकार एकता कौल तनाव वेब सीरीज के जरिए ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आईं। यह इसका दूसरा सीजन है। एकता ने सीरीज से लेकर टीवी और फैमिली पर भी बातचीत की...**

तनाव के लिए मेरे पहले सीरियल के डायरेक्टर से अच्छी प्रतिक्रियाएं मिलीं...

तनाव के पहले सीजन को काफी लोगों ने पसंद किया था। टीवी सीरियल के मेरे पहले डायरेक्टर से सबसे प्यारी- प्रतिक्रिया मिली। उनका कहना था पहले शो से लेकर ओटीटी प्लेटफॉर्म तक का सफर देखकर अच्छा लगा। तनाव में आपका काम सराहनीय है। दरअसल, जिनकी उंगली पकड़कर सफर की शुरुआत की अगर वे काम की सराहना करते हैं तब और खुशी होती है।

### तनाव 2 में मेरा किरदार पहले से और अधिक मजबूत हुआ है...

पहले सीजन में मेरा किरदार फराह जहां हवा का रुख है, उस तरफ फराह मुड़ जाती थी। परिस्थितियां भी ऐसी थीं, जहां जिंदगी लेकर जा रही थी, वहां जा रही थी। सीजन 2 में फराह अधिक मजबूत हुई है। वह अपने फैसले खुद ले रही है। अपनी जिम्मेदारी भी तठा रही है। वह कोशिश कर रही है कि कोई उससे दुखी न हो, सब सुरक्षित भी रहें।

### मां बनने के बाद तनाव मेरा पहला शो रहा...

तनाव मेरे लिए स्पेशल है क्योंकि शादी होने और मां बनने के बाद यह मेरा पहला शो रहा। सेट पर मेरा बच्चा भी मेरे साथ होता था, इसलिए यह शो मेरे दिल के बहुत करीब है। पैकअप के बाद बहुत अच्छा खाना मंगावाया जाता था, तब सभी बैठकर बड़े चाव के साथ खाते थे। कभी छुट्टी होती थी, तब हम लोग साथ में शॉपिंग करने चले जाते थे। सुधीर मिश्रा जी हमको बुलाकर कभी गिफ्ट देते थे तो कभी खाना खिलाने और कभी घुमाने भी ले जाते थे।

### किरदार का सोल पकड़ने के लिए काफी होमवर्क करना पड़ा, शारीरिक तौर पर मुश्किल नहीं था

मेरा किरदार कश्मीर से बिलॉन्ग करता है और मैं भी। ऐसे किरदार को निभाने के लिए जुबान और तौर-तरीका पकड़ना काफी आसाना रहा। हर लैंग्वेज का अपना तरीका होता है। कश्मीरी बोलने के लिए जो रंग-ढंग होते हैं, वह मेरे लिए काफी आसान थे लेकिन हां, फराह का जो सोल था, उसे पकड़ने में बहुत मेहनत और होमवर्क करना पड़ा था ताकि उसकी आत्मा पकड़ पाऊं। हां, शारीरिक तौर पर यह मुश्किल नहीं था। एक्टर जब कैरेक्टर को बनाता है. तब मेहनत तो लगती ही है।

### मैं आतंकवाद को सिर्फ एक ही नजर से नहीं देखना चाहूंगी, इसे कंट्रोल करना मुश्किल नहीं...

मैं तो कश्मीरी पंडित हूं। मैं आतंकवाद जैसे मुद्दे पर बात करना शुरू करूंगी, तब खत्म ही नहीं होगा। मुझे नहीं लगता कि कहीं भी किसी भी तरह का आतंकवाद सही है। कोई किसी का नाम लेकर कष्ट पहुंचा रहा है, वह बिल्कुल सही नहीं है। मैं आतंकवाद को सिर्फ एक ही नजर से नहीं देखना चाहूंगी। इसे कंट्रोल करना इतना मुश्किल नहीं होना चाहिए।

# फिल्ममेकर और फैशन आइकन मोजेज सिंह ने किया अपना एक्टिंग डेब्यू!



मोज़ेज़ सिंह हमेशा खुलकर ज़िंदगी जीने और खुद को बहुत गंभीरता से न लेने में विश्वास करते हैं। जबकि, उनका प्यार और जुनून फिल्में हैं लेकिन एक फिल्ममेकर होना ही उन्हें प्रेरित करता है। उन्होंने हमेशा फैशन के साथ एक्सपेरिमेंट किया है और अब वह एक्टिंग को भी अपनी परफॉरमेंस लिस्ट में शामिल करने के लिए तैयार हैं। सिंह के पास पहले से ही हिट रियलिटी सीरीज़, द फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स में एक ज़बरदस्त कैमियो है और उनकी सीजन 3 में वापसी की भी उम्मीद की जा रही है। अब, उन्होंने कॉल मी बे में मुख्य किरदार निभाने वाली अनन्या पांडे के साथ एक मनोरंजक और कॉमिकल कैमियो निभाकर अपना फुल फ्लेजड एक्टिंग डेब्यू किया है। सिंह का कैमियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है और हर कोई उनके एक सीन अपीयरेंस को काफी पसंद कर रहा है। हर कोई उन्हें स्क्रीन पर और ज़्यादा देखने की इच्छा कर रहा है। यह एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में एक निडर और बहुमुखी प्रतिभा के रूप में सिंह की प्रतिष्ठा को मजबूत करता है, जो जोखिम लेने से नहीं डरते। जैसे-जैसे वह अपने अगले प्रोजेक्ट, यो यो हनी सिंह- फेमस की रिलीज के लिए तैयार हो रहे हैं, इस बात की उम्मीद बढ़ रही है कि वह आगे क्या नया पेश करेंगे। कई दिलचस्प प्रोजेक्ट्स के साथ, फैंस यह देखने के लिए उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं कि सिंह कैसे क्रिएटिविटी को नया ट्विस्ट देंगे और दर्शकों का मनोरंजन करेंगे।

# पुष्पा 2 में इस बार सामंथा नहीं बल्कि तृप्ति डिमरी का होगा आइटम सॉन्ग?



अल्लू अर्जुन की इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्म पुष्पा 2 की रिलीज का हर किसी को बेसब्री से इंतजार है। वहीं फिल्म से जुड़ी हर एक जानकारी के लिए प्रशंसक इसकी हर एक नवीनतम अपडेट पर अपनी नजर रखते हैं। पुष्पा 2 की रिलीज डेट जैसे-जैसे करीब आ रही है दर्शकों के बीच फिल्म का क्रेज बढ़ता ही जा रहा है। फिल्म के टीजर, ट्रेलर और गाने प्रशंसकों को बेहद पसंद आए, लेकिन सभी प्रशंसक पिछली फिल्म पुष्पा 1 के धमाकेदार आइटम सॉन्ग ऊ अंटावा की तरह ही इस बार भी एक धांसू आइटम नंबर की उम्मीद कर रहे हैं। लेकिन इस बार कौन करेंगी पुष्पा- द रूल में आइटम नंबर?

अल्लू अर्जन और पुष्पा 2 के प्रशंसक इस बार भी एक धमाकेदार आइटम सॉन्ग का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। पुष्पा 1 में सामंथा रुथ प्रभु ने ऊ अंटावा गाने को देखकर प्रशंसकों के पसीने छूट गए थे। इस बार सामंथा की जगह कौन सी अभिनेत्री अपने हॉट डांस मूव्स से दर्शकों का दिल जीतेगी। इसका फैसला लगभग हो चुका है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस बार सामंथा की जगह भूल भुलैया 3 अभिनेत्री तृप्ति डिमरी पुष्पा 2 में एक खास गाने के जरिए लोगों के होश उड़ा सकती हैं या फिर यह भी हो सकता है कि वह इस बार पुष्पा 2 का सबसे खतरनाक और सेंसेशनल आइटम सॉन्ग करें। हालांकि, अभि तक इसकी कोई पुष्टि नहीं हुई है। यह फिल्म 6 दिसंबर 2024 को रिलीज होगी। इसमें कोई दोहराय नहीं है कि पुष्पा- 2 द रूल इस साल भारतीय सिनेमा की सबसे बहुचर्चित फिल्मों में से एक है। फिल्म पुष्पा ने बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता हासिल की थी। अब, अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना के प्रशसंकों की नजरें पुष्पा- द रूल के साथ ही इसके आइटम सॉन्ग पर टिकी हुई है। वहीं सोशल मीडिया में भी इस बार की चर्चा तेज है कि आखिर इस बार कौन सी अभिनेत्री पुष्पा 2 के गाने से तहलका मचाएंगी।

हालांकि, इस गाने में कौन सी हीरोइन जलवा बिखेरेगी, यह अभी तय नहीं हुआ है, लेकिन अल्लू अर्जुन के साथ डांस करने के लिए जान्हवी कपूर और तृप्ति डिमरी के नाम पर विचार किया जा रहा है। फिल्मी गलियारों में चर्चा है कि निर्माताओं ने इस गाने में धमाल मचाने के लिए एनिमल फेम तृप्ति डिमरी के नाम को लगभग फाइनल कर लिया है। लेकिन तब तक कुछ कहा नहीं जा सकता जब तक इसकी आधिकारिक पुष्टि ना हो जाए। सुकुमार पुष्पा 2 का निर्देशन कर रहे हैं, जिसका संगीत डीएसपी ने तैयार किया है।





# इटली में करेंगे वॉर 2 के रोमांटिक गाने की शूटिंग ऋतिक-कियारा

**बॉलीवुड स्टार ऋतिक रोशन और कियारा आडवाणी अपकमिंग एक्शन फिल्म वॉर 2 के लिए इटली में एक रोमांटिक गाने की शूटिंग करेंगे। इटली का यह कार्यक्रम 18 सितंबर से शुरू होगा और लगभग 15 दिनों तक चलेगा।**

एक सूत्र ने बताया, जब आप बॉलीवुड के दो सबसे अच्छे दिखने वाले एक्टरों को पहली बार साथ में लाते हैं, तो आपको दर्शकों के लिए कुछ स्पेशल करना पड़ेगा। वॉर 2 मेकर्स भी कुछ नया और मजेदार करने के लिए एक बड़ा कदम उठा रहे हैं। उन्होंने ऋतिक और कियारा की जोड़ी को सुपरहिट करने के लिए इटली में रोमांटिक सॉन्ग शूट करने का इरादा बना लिया है। जहां वादियों और पहाड़ियों में करीब 6 दिन तक यह शूटिंग चलेगी। ऋतिक और कियारा इटली में रोमांस का तड़का लगाने के बाद, भारत लौटने से पहले कुछ एक्शन और ड्रामा दृश्यों की शूटिंग भी करेंगे। जानकारी के अनुसार, वॉर 2 से कियारा और ऋतिक की एक भी तस्वीर मीडिया में नहीं आई है। इसलिए वाईआरएफ प्रोडक्शन पूरी कोशिश कर रहा है कि कुछ भी लीक न हो। अगर कोई तस्वीर सामने आती है तो यह मार्केट में हलचल तेज कर सकती है क्योंकि वॉर 2 की झलक भर पाने को फैंस बेताब हैं। सूत्र ने आगे बताया कि शूटिंग और टीम के इटली पहुंचने से पहले स्थानीय स्तर पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम और फिल्म से जुड़ी कुछ भी चीजें लीक न हो उसकी देखरेख के लिए टीम एक्शन में है। इसमें आगे बताया गया कि ऋतिक और कियारा किस शहर में जा रहे हैं, इस बारे में सभी ने चुप्पी साध रखी है। लेकिन ऐसा लगता है कि वे इस खूबसूरत गाने के सीक्वेंस को फिल्माने के लिए 2-3 शहर जरूर जाएंगे। यह फिल्म काफी सस्पेंस बना रही है, और हर तरफ चर्चा है कि यह गाना वॉर 2 के लिए बूस्टर डोज का काम करेगा। इस जोड़ी ने दर्शकों के बीच उत्साह पैदा कर दिया है।



# बादशाह ने बताई शादी टूटने की वजह

सिंगर और रैपर बादशाह ने एक्स वाइफ जैस्मिन मसीह से शादी टूटने की वजह बताई है। एक इंटरव्यू में बादशाह ने कहा कि एक्स वाइफ उनकी फैमिली के साथ एडजस्ट नहीं कर पाईं जिसकी वजह से उनका रिश्ता टूटा। बादशाह ने कहा, हमारी मुलाकात ऑनलाइन हुई थी। हम फेसबुक पर एक कॉमन फ्रेंड के जरिए कनेक्ट हुए थे। हमने एक साल तक डेटिंग की और फिर शादी कर ली।

### वो हमारे कल्चर में एडजस्ट नहीं कर पाई

बादशाह ने आगे जैस्मिन के साथ रिश्तों में आई खटास के बारे में कहा, वो लंदन में पली-बढ़ी थी। मेरे पेरेंट्स ने शादी से पहले ही कहा था कि हमें शादी निभाने में दिक्कतें आएंगी और वही हुआ। वो हमारे कल्चर में एडजस्ट नहीं कर पाई।

सबकुछ बेहद खराब हो गया। हम दोनों ने रिश्ते को संभालने की बेहद कोशिशें कीं लेकिन कुछ नहीं हो सका। जैस्मिन और बादशाह की शादी 2017 में हुई थी लेकिन ये 2020 में टूट गई थी। इसके बाद दोनों बेटी जेसेमी ग्रेस मसीह सिंह की को-पेरेंटिंग कर रहे हैं। कुछ समय पहले ऐसी अफवाह थी कि बादशाह पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर को डेट कर रहे हैं।

इस मई में हानिया ने इन अफवाहों पर चुप्पी तोड़ी थी। उन्होंने कहा था- मुझे कभी-कभी लगता है कि मेरी एक ही प्रॉब्लम है कि मैंने शादी नहीं की है। अगर मैंने शादी की होती तो मैं इनमें से कई अफवाहों से दूर होती।

# आईफा होस्ट करेंगे शाहरुख खान

मशहूर अवॉर्ड शो आईफा के लिए हाल ही में मुंबई के 5-स्टार होटल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस रखी गई थी, जिसमें बॉलीवुड इंडस्ट्री से करण जौहर, राणा दग्गुबाती, सिद्धांत चतुर्वेदी जैसे कई सेलेब्स शामिल हुए। हालांकि शाहरुख खान ने अपने बेहतरीन मजाकिया अंदाज से हर किसी का ध्यान खींच लिया है। आइफा प्रेस कॉन्फ्रेंस से एक वीडियो सामने आया है, जिसमें शाहरुख खान, करण जौहर को फिल्में न बनाने पर ताने मारते नजर आए हैं। शाहरुख खान ने मंच पर कहा है, करण जौहर ने मुझसे कहा था कि वो शो को होस्ट करने के लिए रिहर्सल में नहीं आना चाहते। वो जूम के जरिए रिहर्सल करना चाहते थे। करण कह रहे थे कि मैं जूम पर कर लूंगा, मैं तो बड़ी-बड़ी होस्टिंग करता हूं। सिद्धांत ने अभी कहा है न कि करण चैट शो भी होस्ट करता है, अवॉर्ड शो भी होस्ट करता है, लेकिन पिक्चर भी तो बना मेरे भाई, कितना होस्ट करेगा। शाहरुख खान की बात सुनकर हर कोई हंस पड़ा। आगे करण जौहर ने कहा, जब सिद्धांत ने ये कहा तो मुझे भी लगा कि एक फिल्ममेकर होने के नाते मुझे ज्यादा फिल्में बनानी चाहिए। होस्टिंग रिहर्सल के दौरान शाहरुख खान ने नई जनरेशन का भी मजाक बनाया है। शाहरुख ने बताया है कि नई जनरेशन लोगों को इज्जत देती है और उनके पैर भी छूती है, लेकिन उसका अंदाज काफी अलग होता है। शाहरुख के अनुसार, यंग जनरेशन अपने पैर से सामने वाले के पैर टच करती है और फिर अपने ही पैर छूकर आशीर्वाद लेती है। मंच पर स्त्री 2 एक्टर अभिषेक बनर्जी और सिद्धांत चतुर्वेदी का भी मस्तीभरा अंदाज देखने मिला है। बताते चलें कि आईफा अवॉर्ड 2024 का आयोजन 27-29 सितंबर को अबू धाबी के यास आइलैंड में होगा। इस साल वरुण धवन, शाहिद कपूर, जान्हवी कपूर और कृति सेनन अवॉर्ड में परफॉर्मेंस देने वाले हैं।



सेंसेक्स
81584.72 पर बंद
निफ्टी
24941.45 पर बंद




सोना
71,450
चांदी
86,500

## इन्नोमेट एडवांस्ड मैटेरियल्स लिमिटेड का आईपीओ खुलेगा

**मुंबई , एजेंसी।** फेरस एवं नान फेरस मेटल/अलॉय पाउडर्स के विस्तृत स्पेक्ट्रम की वैश्विक सप्लायर, इन्नोमेट एडवांस्ड मैटेरियल्स लिमिटेड ने इनिशियल पब्लिक आफरिंग के साथ पब्लिक में जाने की अपनी योजना की घोषणा की है. कंपनी का इरादा इस आईपीओ के मार्फत 100 प्रति शेयर मूल्य पर 3,423.60 लाख एकत्र करने का है. कंपनी के शेयर्स सेट एनएसई इमेज प्लेटफार्म पर लिस्ट होंगे. आईपीओ से प्राप्त होने वाली शुद्ध धनराशि का उपयोग कार्यशील पूंजी की जरूरत के लिए, मशीनरी और उपकरण की खरीदी हेतु पूंजी खर्च की जरूरत के लिए, बकाया कर्ज का रीपेमेंट करने के लिए, आम कॉर्पोरेट खर्चों और इश्यू खर्च को कवर करने के लिए किया जाएगा. इश्यू 13 सितंबर, 2024 को बंद होगा. इन्नोमेट एडवांस्ड मैटेरियल्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, श्री विनय चौधरी चिलकपति ने कहा,हमारे व्यापक अनुभव एवं विभिन्न प्रोडक्ट पोर्टफोलियो के साथ हमने हमारे ग्राहकों के साथ मजबूत संबंध बनाया है।

## वी ने पीसीआई डीएसएस 4.0 सर्टिफिकेशन के साथ अपने सुरक्षा मानकों को बनाया बेहतर

**मुंबई , एजेंसी।** जाने -माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने अपने रीटेल स्टोर्स और पेमेंट चैनलों के लिए पेमेंट कार्ड इंडस्ट्री- डेटा सिक्योरिटी स्टैण्डर्ड वर्ज़न 4.0 (पीसीआई डीएसएस 4.0) सर्टिफिकेशन हासिल कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर ली है। वी इस प्रतिष्ठित सर्टिफिकेशन को हासिल करने वाला भारत का पहला टेलीकॉम ऑपरेटर है, जो विश्वस्तरीय सुरक्षा के सर्वोच्च मानकों का अनुपालन करते हुए उपभोक्ताओं की भुगतान संबंधी जानकारी को सुरक्षित रखने की ब्राण्ड की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। पेमेंट कार्ड इंडस्ट्री सिक्योरिटी स्टैण्डर्ड्स काउन्सिल (पीसीआई एसएससी) द्वारा स्थापित पीसीआई डीएसएस 4.0 सबसे सख्त एवं अप-टू-डेट सिक्योरिटी प्रोटोकॉल है, जो क्रेडिट एवं डेबिट कार्ड लेनदेन हैण्डल करने वाले संगठनों को डेटा उल्लंघन एवं धोखाधाड़ी से सुरक्षित रखता है। इस अवसर पर जगबीर सिंह, सीटीओ, वी ने कहा, ''वी में उपभोक्ताओं के डेटा की सुरक्षा न सिर्फ प्राथमिकता बल्कि प्रतिबद्धता भी है।

## 1,500 गीगावॉट से आगे बढ़ने पर भारत की अक्षय ऊर्जा के सामने भूमि, जल, आबादी और जलवायु से जुड़ी बड़ी चुनौतियां आएंगी : सीईईडब्ल्यू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में 24,000 गीगावॉट से अधिक अक्षय ऊर्जा क्षमता है, लेकिन 2070 तक नेट जीरो लक्ष्य को पाने के लिए जरूरी 7,000 गीगावॉट क्षमता हासिल करने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण की जरूरत होगी, ताकि इसके सामने आने वाली भूमि सुलभता, जलवायु जोखिम, भूमि संघर्ष और जनसंख्या घनत्व जैसी चुनौतियां दूर की जा सकें। यह जानकारी काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वॉटर (सीईईडब्ल्यू) के एक नए स्वतंत्र अध्ययन से सामने आई है। भारत की वर्तमान में अक्षय ऊर्जा की स्थापित क्षमता 150 गीगावॉट है और 1,500 गीगावॉट तक आने वाली बाधाओं का प्रबंधन अपेक्षाकृत रूप से आसान है। लेकिन सीईईडब्ल्यू का अध्ययन, 'अनलॉकिंग इंडियाज आरई एंड ग्रीन हाइड्रोजन पोटेंशियल- ऐन असेसमेंट ऑफ लैंड्स, वॉटर एंड क्लाइमेट नेक्सेस', रेखांकित करता है कि 1,500 गीगावॉट से आगे बढ़ने पर अक्षय ऊर्जा के सामने प्रमुख चुनौतियां आ सकती हैं, क्योंकि कई बाधाएं सघन हो जाती हैं ।

# गौतम अडानी की एक डील से 5,435 किमी दूर मचा है हंगामा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अफ्रीकी देश केन्या के सबसे बड़े एयरपोर्ट में अफरातफरी का माहौल है। अडानी ग्रुप ने केन्या की राजधानी नैरोबी के सबसे बड़े हवाई अड्डे जोमो केन्याटा इंटरनेशनल एयरपोर्ट में निवेश के लिए वहां की सरकार के साथ एक डील की थी। लेकिन एक अदालत ने फिलहाल इस पर रोक लगा रखी है। एएफपी की एक रिपोर्ट के मुताबिक इस डील के खिलाफ एयरपोर्ट के कर्मचारी हड़ताल पर चले गए हैं। इस कारण वहां अफरातफरी का माहौल है। इससे यात्रियों को भारी परेशानी हो रही है। केन्यन एविएशन वर्कर्स यूनियन ने एक्स पर इस बात की पुष्टि की है कि उनकी हड़ताल मध्य रात्रि से शुरू हो चुकी है।

अडानी ग्रुप ने इस एयरपोर्ट को 30 साल के लिए लीज पर लेने की योजना बनाई है। इसके लिए ग्रुप 1.85 अरब डॉलर निवेश करने की तैयारी में है। लेकिन इस डील का विरोध हो रहा है। आलोचकों का कहना है कि इससे लोगों की नौकरी जा सकती है। साथ ही देश को एयरपोर्ट से होने वाले प्रॉफिट का नुकसान होगा। केन्या की जीडीपी में इस एयरपोर्ट की फ्रेट और पैसेंजर फीस की हिस्सेदारी पांच फीसदी से अधिक है। यह अफ्रीका के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट्स में से एक है। 2022-23 में इसने 88 लाख यात्रियों और 380,000 टन कार्गो को हैंडल किया था। लेकिन अक्सर इसे बिजली गुल और छत टपकने की समस्या से गुजरना पड़ता है।

### क्या है प्लान

केन्या की सरकार ने इस डील का बचाव किया है। उसका कहना है कि जेकेआइए की मौजूदा कैपेसिटी से संबंधी समस्याओं में तत्काल सुधार की जरूरत है। केन्या एयरपोर्ट अथॉरिटी का कहना है कि अडानी ग्रुप इस एयरपोर्ट में दूसरा रनवे बनाएगा और पैसेंजर टर्मिनल को अपग्रेड करेगा। अडानी ग्रुप ने केन्या सरकार को 2029 तक नए टर्मिनल और टैक्सीवे सिस्टम के लिए 750 मिलियन के निवेश का प्रस्ताव दिया है। साथ ही 2035 तक एयरपोर्ट में सुधार के लिए अतिरिक्त 92 मिलियन निवेश का भी प्लान है। अगर यह डील होती है तो यह भारत के बाहर अडानी ग्रुप का पहला एयरपोर्ट होगा। अभी यह ग्रुप देश में आधा दर्जन से अधिक एयरपोर्ट्स का संचालन करता है।

## फिर 100 अरब डॉलर क्लब में पहुंचे गौतम अडानी

### टॉप 20 अमीरों में से 15 की नेटवर्थ में आई तेजी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनियाभर के शेयर बाजारों में मंगलवार को तेजी रही। इससे दुनिया के टॉप 20 अमीरों में से 15 की नेटवर्थ में तेजी आई। दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क सबसे ज्यादा फायदे में रहे। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक टेस्ला, स्पेसएक्स और एक्स समेत कई कंपनियां चला रहे मस्क की नेटवर्थ मंगलवार को 7.08 अरब डॉलर बढ़ गई। वह 248 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ अमीरों के लिस्ट में नंबर वन पर टिके हुए हैं। दूर-दूर तक कोई उनके पास नहीं है। ऐमजॉन के फाउंडर जेफ बेजोस 202 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दूसरे नंबर पर हैं। मस्क और बेजोस की नेटवर्थ में 46 अरब डॉलर का अंतर है। बेजोस की नेटवर्थ में मंगलवार को 3.95 अरब डॉलर की तेजी आई। फ्रांसीसी कारोबारी बर्नार्ड अरनॉल्ट 180 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 27.8 अरब डॉलर की गिरावट आई है। फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा के सीईओ मार्क जकरबर्ग 179 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ इस लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं। लैरी एलिसन (168 अरब डॉलर) पांचवें, बिल गेट्स (158 अरब डॉलर) छठे, वॉरेन बफे (145 अरब डॉलर) सातवें, स्टीव बालमर (144 अरब डॉलर) आठवें, लैरी पेज (136 अरब डॉलर) नौवें और सर्गेई ब्रिन (128 अरब डॉलर) दसवें नंबर पर हैं।

### अंबानी-अडानी की नेटवर्थ

भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी इस लिस्ट में 11वें नंबर पर हैं। मंगलवार को उनकी नेटवर्थ में 23 करोड़ डॉलर की तेजी आई और यह 111 अरब डॉलर पहुंच गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन की नेटवर्थ इस साल 14.4 अरब डॉलर बढ़ी है। इस बीच अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी एक बार फिर 100 अरब क्लब में शामिल हो गए हैं। मंगलवार को उनकी नेटवर्थ में 43.7 करोड़ डॉलर का इजाफा हुआ। इसके साथ ही उनकी नेटवर्थ 100 अरब डॉलर पहुंच गई है। लेकिन अडानी अमीरों की लिस्ट में दो स्थान फिसलकर 15वें नंबर पर पहुंच गए।

# क्रेडिट कार्ड लेनदेन पर नजर रखेगा भारत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकी फंडिंग को रोकने के लिए बड़े कदम उठाए हैं और अब सरकार क्रेडिट कार्ड से होने वाले अंतरराष्ट्रीय लेनदेन की रियल टाइम निगरानी करने की योजना बना रही है। इससे यह सुनिश्चित किया जाएगा कि जब कोई लेनदेन होता है, तो तुरंत यह पता लगाया जा सके कि पैसा किस खाते से कटा और किसके खाते में गया है।

### एफएटीएफ के साथ सहयोग

भारत, फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स के माध्यम से यह निगरानी प्रणाली लागू करना चाहता है। एफएटीएफ एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है जो मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकी फंडिंग के खिलाफ काम करता है। भारत चाहता है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रेडिट कार्ड के जरिए किए गए सभी लेनदेन पर निगरानी रखी जाए और अगर कोई संदिग्ध लेनदेन हो रहा है, तो उसकी तुरंत रिपोर्टिंग हो सके।

### 19 सितंबर को रिपोर्ट

एफएटीएफ 19 सितंबर को भारत पर अपनी पारस्परिक मूल्यांकन रिपोर्ट जारी करेगा। इसमें भारत की मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकी फंडिंग के खिलाफ की गई कोशिशों का मूल्यांकन किया जाएगा। संभावना है कि भारत को फिर से बेहतर रैंकिंग मिलेगी, क्योंकि भारत लगातार एफएटीएफ के मानकों का पालन करता आया है।

### मनी लॉन्ड्रिंग पर कड़ा प्रहार

भारत ने मनी लॉन्ड्रिंग पर कड़ी कार्रवाई करते हुए भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी और संगठित अपराध को रोकने का काम किया है। सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि क्रेडिट कार्ड के जरिए होने वाले अंतरराष्ट्रीय लेनदेन पर सख्त निगरानी हो, जिससे किसी भी संदिग्ध गतिविधि को तुरंत ट्रैक किया जा सके।

### क्रेडिट कार्ड लेनदेन पर नजर:

मास्टरकार्ड, अमेरिकन एक्सप्रेस और अन्य कई भुगतान गेटवे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रेडिट कार्ड के जरिए ग्राहकों को लेनदेन की सुविधा देते हैं। इस नियम के लागू होने से, अगर कोई संदिग्ध लेनदेन होता है, तो उसकी जानकारी तुरंत संबंधित अधिकारियों को दी जा सकेगी, जिससे आतंकी फंडिंग और मनी लॉन्ड्रिंग जैसी गंभीर समस्याओं पर नकेल कसी जा सकेगी।

## सात समंदर पार की कंपनी कर रही थी अमूल की नकल, हाई कोर्ट ने दिखाया आईना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सहकारी आंदोलन के जरिये देश-विदेश में नाम कमाने वाली अमूल को दिल्ली हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने अमूल को एक बड़े सीमा-पार ट्रेडमार्क उल्लंघन मामले में राहत दी है। भारत के सबसे बड़े डेयरी ब्रांड अमूल के पक्ष में एक इतालवी कंपनी, टेरे प्रिमिटिव के खिलाफ निषेधाज्ञा दी है। इतालवी फर्म अमूलेटी ट्रेड मार्क के तहत कुकीज़ और चॉकलेट कवर्ड बिस्कुट बेच रही थी। यह अमूल के प्रसिद्ध ट्रेडमार्क से काफी मिलता-जुलता है।

### अमूल की विदेशों में भी है प्रसिद्धि

गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन संघ अमूल ब्रांड नाम के तहत अपने डेयरी प्रॉडक्ट्स का विपणन करता है। कंपनी ने अपने वकील अभिषेक सिंह के माध्यम से दिल्ली हाई कोर्ट में ट्रेडमार्क मुकदमा दायर किया। सिंह ने उच्च न्यायालय के समक्ष तर्क दिया कि अमूल न केवल भारत में एक घरेलू नाम है, बल्कि इसकी सीमा-पार प्रतिष्ठा भी है। जो अंतर्राष्ट्रीय फार्म तुलना नेटवर्क द्वारा 2020 के सर्वेक्षण के अनुसार दुनिया में 8वें शीर्ष डेयरी संगठन के रूप में रैंकिंग करता है।

### ट्रेडमार्क उल्लंघन मामले में अमूल को राहत

गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन संघ , जो अमूल ब्रांड नाम के तहत डेयरी उत्पादों का विपणन करता है, ने अपने वकील अभिषेक सिंह के माध्यम से ट्रेडमार्क मुकदमा दायर किया था। सिंह ने अदालत के समक्ष तर्क दिया कि अमूल न केवल भारत में एक घरेलू नाम है, बल्कि इसने सीमा-पार प्रतिष्ठा भी हासिल की है। अंतर्राष्ट्रीय फार्म कंप्रीजन नेटवर्क द्वारा 2020 में किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार अमूल दुनिया में 8वें शीर्ष डेयरी संगठन के रूप में स्थान पाता है। सिंह ने तर्क दिया कि टेरे प्रिमिटिव ने अमूल को दर्शाने के तरीके, शैली और तरीके की स्पष्ट रूप से नकल की है। इसने अमूल के नाम में बस एति शब्द जोड़ दिया और अपना ब्रांड बना लिया। उन्होंने आगे तर्क दिया कि इतालवी कंपनी ने कन्फेक्शनरी के लिए उल्लंघनकारी चिह्न का इस्तेमाल किया, जो अमूल के कई पंजीकरणों के समान ही वर्ग में आता है।

दिल्ली उच्च न्यायालय के अधिकार क्षेत्र को स्थापित करने के लिए, यह तर्क दिया गया कि इतालवी कंपनी अपने उत्पादों को अपनी वेबसाइट और फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उल्लंघनकारी चिह्न के तहत बढ़ावा दे रही है। ये प्लेटफॉर्म भारत से सुलभ हैं। इसलिए इस पर रोक लगाया जाना चाहिए। दिल्ली उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा ने दलीलों को सुनने के बाद निषेधाज्ञा आदेश पारित किया। इसमें इतालवी फर्म को अमूल के समान किसी भी चिह्न का उपयोग करने या उससे निपटने से रोक दिया गया। अदालत ने इतालवी फर्म को अपनी वेबसाइट से उत्पादों की सूची को तुरंत हटाने का भी निर्देश दिया ।

# नारायणमूर्ति से भी ज्यादा पैसे हैं इंफोसिस के सह संस्थापक के पास, केंद्र सरकार भी दे चुकी है सम्मान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** हाल ही में जारी हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2024 के अनुसार, इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति की कुल संपत्ति 36,600 करोड़ है। वे बेंगलुरु के पांचवें सबसे अमीर व्यक्ति जबकि भारत के 69वें सबसे अमीर व्यक्ति हैं। हालांकि, संपत्ति के मामले में इंफोसिस के एक अन्य सहसंस्थापक सेनापति क्रिस गोपालकृष्णन नारायणमूर्ति से आगे निकल गए हैं। उनकी अनुमानित संपत्ति 38,500 करोड़ है। गोपालकृष्णन ने 2007 से 2011 तक इस आईटी दिग्गज कंपनी इंफोसिस के सीईओ और प्रबंध निदेशक के रूप में कार्य किया है। उन्होंने 2011 से 2014 तक कंपनी के उपाध्यक्ष के रूप में भी काम किया। वह 2014 में कंपनी से सेवानिवृत्त हुए और अपनी सेवानिवृत्ति के बाद से उन्होंने अपने बिजनेस इनक्यूबेटर एक्सिलर वेंचर्स और कुछ वेंचर फंड के माध्यम से कई स्टार्टअप्स में निवेश किया है, इनमें ऑटोमोबाइल सेवा प्रदाता कंपनी मोबिलिटी का नाम अहम है। 69 वर्षीय गोपालकृष्णन वर्तमान में एक्सिलर वेंचर्स के अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हैं, यह एक स्टार्टअप एक्सेलेरेटर है जिसने गुडहोम, कागज और एनकैश जैसी कंपनियों में निवेश कर रखा है। गोपालकृष्णन ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास से भौतिकी और कंप्यूटर विज्ञान में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की है।

## एआईसीटीई और ओप्पो इंडिया ने पूरे देश के कॉलेजों में 'जनरेशन ग्रीन' अभियान के अंतर्गत ई-वेस्ट अवेयरनेस कार्यक्रम शुरू किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन और ओप्पो इंडिया ने आज देश में इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट जागरुकता अभियान (ई-वेस्ट) के अंतर्गत रामजस कॉलेज, दिल्ली यूनिवर्सिटी में 'जनरेशन ग्रीन' अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत की। इसके साथ ही यह कॉलेज इस कार्यक्रम के अंतर्गत पहला 'ईको-कॉन्शियस चैंपियन इंस्टीट्यूट' बन गया है। ओप्पो इंडिया और एआईसीटीई ने कार्यक्रम के पहले चरण में भारत में कॉलेजों के युवाओं को इंटर्नशिप प्रदान करके उनमें हरित कौशल को बढ़ावा दिया। इन इंटर्नशिप्स के लिए 1,400 से ज्यादा संस्थानों के 9,000 से ज्यादा विद्यार्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 5000 विद्यार्थियों का चयन किया गया। अब इन विद्यार्थियों को जागरुकता के सत्रों, ई-सर्वे, ग्रीन डे जश्नों के आयोजनों जैसी सस्टेनेबिलिटी की गतिविधियों में लगाया जा रहा है। कार्यक्रम के दूसरे चरण में युवाओं को इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट मैनेजमेंट की बढ़ती चुनौतियों के बारे में शिक्षित किया जा रहा है। इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट में खराब तार, मोबाईल फोन, चार्जर, बैटरी आदि आते हैं।

## यू.एस. मिशन इंडिया और रूम टू रीड इंडिया ने प्रारंभिक शिक्षण परिणामों को बेहतर करने के लिए देशभर में रीड-ए-थॉन का लॉन्च किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रूम टू रीड इंडिया और यूएस मिशन इंडिया ने राष्ट्रव्यापी रीड-ए-थॉन गतिविधि का नेतृत्व किया। इस कार्यक्रम में दस भारतीय राज्यों छत्तीसगढ़, दिल्ली, झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, तेलंगाना, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश से अनेक बच्चों, अभिभावकों, समुदायों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों, सरकारी निकायों और निगमों ने हिस्सा लिया, जिससे देश में प्रारंभिक शिक्षा एवं साक्षरता परिणाम बेहतर बनाने का संयुक्त प्रयास प्रदर्शित हुआ। यू.एस. सरकार को यू.एस. एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) द्वारा रूम टू रीड के साथ साझेदारी करने पर बहुत गर्व है। इस साझेदारी द्वारा विद्यार्थियों और शिक्षकों को भविष्य का मूलभूत कौशल प्रदान किया जाएगा। रीड-ए-थॉन एक ऐसा प्लेटफॉर्म देता है, जहाँ अनेक स्टेकहोल्डर्स को स्कूलों, समुदायों और सरकारी कार्यालयों में एक साथ आने और बच्चों की पढ़ाई तथा प्रारंभिक शिक्षा में अपना सहयोग देने का मौका मिलता है। इस साल रीड-ए-थॉन का लक्ष्य इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में एक साथ पढ़ने के नए रिकॉर्ड के लिए अपना नाम दर्ज कराना है। यूएसएआईडी के कार्यवाहक मिशन डायरेक्टर डॉ. अलेक्जेंड्रिया ह्यूर्टा ने नई दिल्ली में रीड-ए-थॉन कार्यक्रम में भाग लेते हुए बताया कि, शिक्षा से ही समृद्धि संभव है।

# फ़ोनपे और लिक्विड ग्रुप ने सिंगापुर में यूपीआई क्यूआर पेमेंट स्वीकार करने के लिए साझेदारी की



**मुंबई , एजेंसी।** फोनपे ने यह घोषणा की कि वह सिंगापुर में अपने मर्चेंट एक्सेप्टेन्स नेटवर्क को बढ़ाने के लिए डिजिटल क्रॉस-बॉर्डर पेमेंट सलूशन में फिनटेक लीडर लिक्विड ग्रुप के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी से यात्रियों को सिंगापुर में लिक्विड ग्रुप के व्यापक मर्चेंट आधारित अपने फोनपे ऐप का उपयोग करके आसानी से स्कैन करते हुए, पेमेंट करने की सुविधा मिलेगी और सिंगापुर, भारतीयों के घूमने के लिए एक अच्छी जगह है।

ये क्यूआर कोड पर्यटक-केंद्रित जगहों पर व्यापक रूप से उपलब्ध होंगे, जिनमें चांगी हवाई अड्डा, ड्यूटी फ्री दुकानें, रेस्तरां, बार, खुदरा विक्रेता जैसे द कोको ट्रीज, चार्ल्स एंड कीथ, लुवेनस ज्वेलरी, हार्ड रॉक कैफे, आदि पर्यटन स्थल और परिवहन सेवाएं शामिल हैं। यह सहयोग लिक्विड ग्रुप की एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड के साथ साझेदारी के माध्यम से संभव हुआ है। इस साझेदारी के माध्यम से, लिक्विड ग्रुप ने अपने व्यापारियों को इस पेमेंट माध्यम के जरिए यूपीआई सेपेमेंट स्वीकार करने में सक्षम बनाया है, जिससे भारतीय यात्रियों के लिए लेनदेन के लिए अपने पसंदीदा यूपीआई ऐप का उपयोग करना सुविधाजनक हो गया है। मर्चेंट आउटलेट्स पर पेमेंट करने के लिए, फोनपे यूजर को केवल व्यापारियों द्वारा जनेरेट/डिस्प्ले क्यूआर कोड को स्कैन करना होगा। लेनदेन भारतीय रुपए में प्रोसेस किए जाएंगे, जिससे पारदर्शिता और उपयोग करने में आसानी होगी। उपरोक्त क्षमताओं को 2024 की शुरुआत में अंतर्राष्ट्रीय उपयोग के मामलों के लिए फोनपे की यूपीआई आधारित सुविधाओं को चालू करने के हिस्से के रूप में शुरू किया गया था और पिछले कुछ महीनों में इसमें सकारात्मक वृद्धि देखी गई है। साझेदारी पर बोलते हुए, फ़ोनप में अंतर्राष्ट्रीय पेमेंट के सीईओ, रितेश पई जी कहते हैं कि हम सिंगापुर जाने वाले भारतीय यात्रियों के लिए यूपीआई पेमेंट की सुविधा को शुरू करने के लिए लिक्विड ग्रुप के साथ साझेदारी करके रोमांचित हैं। यह भारतीय पर्यटकों के लिए पसंदीदा जगहों में से एक है और हम उन्हें अपने पसंदीदा खाना, खरीदारी और पर्यटन स्थलों पर तेज़ और आसानी से पेमेंट की सुविधा को प्रदान करने के लिए उत्साहित हैं, जिससे उनकी यात्रा का अनुभव और भी ज्यादा सुखद बन सके। लिक्विड ग्रुप के ष्टष्टह्र एल्विन सेक जी का कहना हैं कि हम सिंगापुर में भारतीय यात्रियों के पेमेंट अनुभव को बेहतर बनाने के लिए फोनपे के साथ मिलकर काम करने को लेकर उत्साहित हैं।

## 32वां ऑल इंडिया बाबा फरीद गोल्ड कप हाकी टूर्नामेंट 19 से



**जैतो (एजेंसी)।** बाबा फरीद हॉकी क्लब फरीदकोट 19 से 23 सितंबर तक एस्ट्रोटर्फ हॉकी ग्राउंड फरीदकोट में 32वें अखिल भारतीय बाबा फरीद गोल्ड कप हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन कर रहा है। यह टूर्नामेंट बाबा फरीद आगमन पर्व पर आयोजित किया जा रहा है। बाबा फरीद हॉकी क्लब फरीदकोट के अध्यक्ष तेजिंदर सिंह मौड पूर्व डी.आई. जी.व प्रैस सचिव जसवंत सिंह पुरबा के मुताबिक इस राष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट में देश की 12 प्रमुख टीमें भाग लेंगी जिनमें जरखड़ अकादमी, ई.एम.ई. जालंधर, ए.एम.सी. जालंधर, डी.एस.एफ. जालंधर, सी.आर.पी.एफ .नवी दिल्ली, भारतीय नौसेना मुंबई, पी.एस.पी.सी. पटियाला, रेलवे कोच फैक्ट्री कपूरथला, गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, लवली यूनिवर्सिटी, मेलबर्न क्लब फरीदकोट क्लब इलेवन आदि भाग लेंगे। इस टूर्नामेंट का उद्घाटन डिप्टी कमिश्नर विनीत कुमार फरीदकोट करेंगे। इस टूर्नामेंट की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं।

### अफगानिस्तान-न्यूजीलैंड टेस्ट

## बारिश के कारण तीसरा दिन का खेल रद्द



**बेंगलुरू (एजेंसी)।** अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच एकमात्र टेस्ट का तीसरा दिन बुधवार को भारी बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। खेल के पहले दो दिन गीले आउटफील्ड के कारण एक भी गेंद फेंके बिना रद्द कर दिए गए जिससे आयोजन स्थल की तैयारियों पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

मौसम को देखते हुए मैच अधिकारियों ने बुधवार को खेल की किसी भी संभावना से इनकार करने में देर नहीं लगाई। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने एक विज्ञप्ति में कहा, लगातार बारिश के कारण अफगानिस्तान बनाम न्यूजीलैंड का तीसरा दिन रद्द कर दिया गया है। अगर आसमान साफ ??रहा तो कल से मैच 98 ओवरों के साथ शुरू होगा। अफगानिस्तान जिसे अक्सर शीर्ष टीमों के साथ खेलने का मौका नहीं मिलता, इस खेल का मेजबान है।

गौर हो कि बीसीसीआई ने अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड को कानपुर, बेंगलुरू और ग्रेटर नोएडा के विकल्प दिए थे। एसीबी ने लॉजिस्टिक कारणों से ग्रेटर नोएडा को चुना। एसीबी के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैनेजर मिन्हाज राज ने कहा था, 'यह हमेशा से अफगानिस्तान का घरेलू मैदान रहा है। हम 2016 से यहां खेल रहे हैं। बारिश के कारण यह सब हुआ। हमने यहां स्थानीय टीम के खिलाफ तीन दिवसीय मैच भी खेला है जिसमें कोई मसला नहीं आया था। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड यहां 11 सीमित ओवरों के मैचों की मेजबानी कर चुका है। इसके अलावा उन्होंने देहरादून में भी मैच खेले हैं।

### पैराओलंपिक-2024

# भारतीय खिलाड़ियों के लिए इनाम की घोषणा

## स्वर्ण पदक विजेताओं को 75 लाख

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने हाल में संपन्न पेरिस पैरालंपिक खेलों में पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों के लिए मंगलवार को नकद पुरस्कार की घोषणा की जिसमें स्वर्ण पदक विजेताओं को 75 लाख, रजत पदक विजेताओं को 50 लाख और कांस्य पदक विजेताओं को 30 लाख रुपये दिए जाएंगे।

तीरंदाज शीतल देवी की तरह मिश्रित टीम स्पर्धाओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को 22.5 लाख रुपए मिलेंगे। यहां पदक विजेताओं को सम्मानित करने के लिए आयोजित भव्य समारोह में खेल मंत्री ने यह घोषणा की। मांडविया ने 2028 लॉस एंजिल्स पैरालंपिक में अधिक पदक जीतने के लिए पैरा खिलाड़ियों को पूर्ण समर्थन और सुविधाएं देने का भी वादा किया।

उन्होंने कहा, 'देश पैरालंपिक और पैरा खेलों में आगे बढ़ रहा है। 2016 में 4 पदकों से, भारत ने तोक्यो में 19 पदक, पेरिस में 29 पदक जीते और 18वें स्थान पर रहा। हम अपने सभी पैरा खिलाड़ियों को सभी सुविधाएं प्रदान करेंगे ताकि हम 2028 लॉस एंजिल्स पैरालंपिक में और अधिक पदक तथा स्वर्ण पदक जीत सकें।

भारत ने पेरिस पैरालंपिक में अपने ऐतिहासिक अभियान का समापन 29 पदकों के साथ किया जिसमें 7 स्वर्ण, 9 रजत और 13 कांस्य पदक शामिल हैं जो प्रतियोगिता के इतिहास में देश का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारत ने अपने शानदार प्रदर्शन के साथ पैरालंपिक खेलों के इतिहास में 50 पदकों का आंकड़ा भी पार कर लिया। पैरालंपिक पदक विजेताओं का मंगलवार को यहां स्वदेश वापस लौटने पर सैकड़ों प्रशंसकों ने फूल-मालाओं और मिठाइयों के साथ जोरदार स्वागत किया।

### पैरालंपिक्स में पदक जीतने वाले खिलाड़ी -

- अवनी लेखरा, शूटिंग, महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 - स्वर्ण
- नितेश कुमार, बैडमिंटन, पुरुष एकल एसएल3 - स्वर्ण
- सुमित अंतिल, एथलेटिक्स, भाला फेंक एफ64 - स्वर्ण
- हरविंदर सिंह, तीरंदाजी, पुरुषों की व्यक्तिगत रिकर्व ओपन - स्वर्ण
- धरमबीर, एथलेटिक्स, पुरुषों की क्लब थ्रो एफ51 - स्वर्ण
- प्रवीण कुमार, एथलेटिक्स, पुरुषों की ऊंची कूद टी64 - स्वर्ण
- नवदीप सिंह, एथलेटिक्स, पुरुषों की भाला फेंक एफ41 - स्वर्ण
- मनीष नरवाल, शूटिंग, पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1 - रजत
- निषाद कुमार, एथलेटिक्स, पुरुषों की ऊंची कूद टी47 - रजत
- योगेश कथुनिया, एथलेटिक्स, पुरुषों की डिस्कस थ्रो एफ56 - रजत
- थुलसिमाथी मुरुगेसन, बैडमिंटन, महिला एकल एस5 - रजत
- सुहास यतिराज, बैडमिंटन, पुरुष एकल एसएल4 - रजत
- शरद कुमार, एथलेटिक्स, पुरुषों की ऊंची कूद टी63 - रजत
- अजीत सिंह, एथलेटिक्स, पुरुषों की भाला फेंक एफ46 - रजत
- सचिन खिलारी, एथलेटिक्स, पुरुषों की गोला फेंक एफ46 - रजत
- पर्णव सूरमा, एथलेटिक्स, पुरुषों की क्लब थ्रो एफ51 - रजत
- मोना अग्रवाल, शूटिंग, महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 - कांस्य
- प्रीति पाल, एथलेटिक्स, महिलाओं की 100 मीटर टी35 - कांस्य
- रूबीना फ्रांसिस, शूटिंग, महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1 - कांस्य
- प्रीति पाल, एथलेटिक्स, महिलाओं की 200 मीटर टी35 - कांस्य
- मनीषा रामदास, बैडमिंटन, महिला एकल एस5 - कांस्य
- राकेश कुमार / शीतल देवी, तीरंदाजी, मिश्रित टीम कंपाउंड ओपन - कांस्य
- निथ्या श्री सिवन, बैडमिंटन, महिला एकल एसएच6 - कांस्य
- दीप्ति जीवनजी, एथलेटिक्स, महिला 400 मीटर टी20 - कांस्य
- मरियाप्पन थंगावेलु, एथलेटिक्स, पुरुष उच्च जम्प टी63 - कांस्य
- सुंदर सिंह गुर्जर, एथलेटिक्स, पुरुषों की भाला फेंक एफ46 - कांस्य
- कपिल परमार, जूडो, पुरुषों की -60 किग्रा जे1 - कांस्य
- होकाटो होटोझे सेमा, एथलेटिक्स, पुरुषों की शॉट पुट एफ57 - कांस्य
- सिमरन, एथलेटिक्स, महिलाओं की 200 मीटर टी12 - कांस्य



### रिकी पोंटिंग ने ऑस्ट्रेलिया को चेताया

# पंत किसी भी अन्य खिलाड़ी की तरह ही गंभीर खिलाड़ी हैं

**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने ऋषभ पंत को विजेता करार दिया है और उनका मानना ??है कि भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ने इतने कम समय में अपने देश के लिए जो किया है, वह उनकी महानता का प्रमाण है। 26 वर्षीय पंत ने इस साल की शुरुआत में चोट से वापसी करते हुए भारत के लिए तीनों प्रारूपों में अपनी जगह पक्की कर ली है। जैसे-जैसे टीम ऑस्ट्रेलिया के कठिन दौरे के लिए तैयार हो रही है, पंत पिछली बार की तरह ही भारत के लिए टेस्ट सीरीज जीत की हैट्रिक हासिल करने की संभावनाओं के लिए महत्वपूर्ण होंगे।



पोंटिंग ने चेतावनी देते हुए कहा कि पंत किसी भी अन्य खिलाड़ी की तरह ही गंभीर खिलाड़ी हैं। पोंटिंग ने कहा, %हम सभी ने उसे खेलते हुए देखा है और स्टंप माइक में उसकी आवाज सुनी है, वह समूह के आसपास रहने वाला एक आकर्षक व्यक्ति है। वह अपने क्रिकेट से प्यार करता है, वह विजेता है, यही वह है। वह सिर्फ कुछ रन बनाने और मौज-मस्ती के लिए नहीं खेलता। उसके पास पहले से ही 4 या 5 टेस्ट शतक हैं और उसके पास लगभग नौ 90 रन भी हैं। धोनी ने 120 टेस्ट (90) खेले और 3 या 4 शतक (6) बनाए, यह लड़का (पंत) कितना अच्छा है। वह एक गंभीर क्रिकेटर है।

पंत पिछली बार भारत की 2-1 की शानदार सीरीज़ जीत के कई नायकों में से एक थे। सिडनी में उनकी 97 रनों की तूफानी पारी ने भारत को सनसनीखेज ड्रॉ दिलाने में मदद की, इससे पहले ब्रिसबेन में नाबाद 89 रनों की पारी ने गाबा के किले को तोड़ दिया था। इससे पहले 2018/19 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान सिडनी में पंत की 118 रन की पारी भविष्य की ओर इशारा करती थी। 33 टेस्ट मैचों में पंत ने 43.67 की औसत से 2271 रन बनाए हैं, जिसमें पांच शतक शामिल हैं। बड़ी बात यह है कि इनमें से चार स्थ्रह्व नेशंस में आए हैं।

**पंत की चोट से वापसी पर बोले पोंटिंग** - पंत का रवैया कभी हार न मानने वाला है जो पोंटिंग को सबसे ज्यादा प्रभावित करता है। दिल्ली कैपिटल्स के पूर्व कोच पोंटिंग, पंत के ठीक होने की प्रक्रिया के दौरान लगातार उनके संपर्क में थे और यह देखकर हैरान रह गए कि ऋषभ अपनी शानदार वापसी को लेकर कितने आश्वस्त थे। उन्होंने कहा, %यह एक उल्लेखनीय वापसी है। यदि आप अब उसके पैर को भी देख सकते हैं और वह जो कहानियां सुनाता है, जो उसने अपनी कार दुर्घटना के दौरान सामना कीं, उससे होने वाले मानसिक आघात के बारे में सुनते हैं, लेकिन शारीरिक पक्ष और वह जिस पुनर्वास से गुजरा, मुझे नहीं लगता था कि वह पिछले साल के आईपीएल (2024) में खेलेगा। पोंटिंग ने कहा, %लेकिन 12 महीने पहले, उसने कहा था मेरे बारे में चिंता मत करो, मैं आपको गारंटी देता हूं कि मैं आईपीएल के लिए ठीक हो जाऊंगा। हमें लगा कि वह बल्लेबाजी करने में सक्षम होगा और हमें उसे एक उप खिलाड़ी (इम्पैक्ट प्लेयर) के रूप में उपयोग करना पड़ सकता है, लेकिन उसने हर खेल में विकेटकीपिंग की, हमारे प्रमुख रन-स्कोरर में से एक था, टी20 विश्व कप में नंबर 3 पर बल्लेबाजी करता है और एक विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा है और अब उसका नाम टेस्ट टीम में है।

## पेरिस ओलंपिक में कोकीन खरीदने की कोशिश करने वाला ऑस्ट्रेलियाई हॉकी खिलाड़ी निलंबित

**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के हॉकी खिलाड़ी टॉम क्रेग को पेरिस ओलंपिक के दौरान कोकीन खरीदने की कोशिश के आरोप में हॉकी आस्ट्रेलिया ने बारह महीने के लिये निलंबित कर दिया है। क्रेग को



सात अगस्त की रात पेरिस में कोकीन खरीदने की कोशिश में गिरफ्तार किया गया लेकिन बाद में छोड़ दिया गया था।

फ्रांस के अभियोजकों ने बयान जारी करके पुष्टि की थी कि 29 वर्ष के ओलंपियन और तोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को आपराधिक चेतावनी देकर एक रात हिरासत में रखने के बाद छोड़ दिया गया।

हॉकी आस्ट्रेलिया ने बुधवार को जारी बयान में कहा, 'राष्ट्रीय पुरूष हॉकी टीम के खिलाड़ी टॉम क्रेग की पेरिस ओलंपिक 2024 के दौरान गिरफ्तारी के मामले की जांच के बाद हॉकी आस्ट्रेलिया की नैतिकता ईकाई ने 12 महीने के लिये उन्हें निलंबित करने का फैसला लिया है।

इसमें कहा गया, 'छह महीने पूर्ण निलंबन होगा और बाकी छह महीने उनके बर्ताव पर निर्भर करेंगे। हॉकी ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि क्रेग 2025 के लिये टीम में चयन के पात्र होंगे। ऑस्ट्रेलियाई टीम पेरिस ओलंपिक में छठे स्थान पर रही थी।

### रोहित शर्मा पर बोले मशहूर कमेंटेटर आकाश चोपड़ा

## मुंबई इंडियंस के साथ उनका सफर खत्म हो गया है



**मुंबई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की मेगा नीलामी करीब आने पर मुंबई इंडियंस के दिग्गज खिलाड़ी रोहित शर्मा के भविष्य को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। पिछले सीजन की शुरुआत से पहले उन्हें फ्रैंचाइजी के कप्तान के पद से हटा दिया गया था और हार्दिक पांड्या को यह भूमिका दी गई थी। इससे रोहित और मुंबई इंडियंस के बीच कथित तौर पर संबंधों पर असर पड़ा है और सलामी बल्लेबाज अब एक नई फ्रैंचाइजी की तलाश में हैं। जब पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा से रोहित के आईपीएल भविष्य के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि हिटमैन को ट्रेड विंडो में एक नई फ्रैंचाइजी में स्थानांतरित किया जा सकता है।

### शुक्रिया श्रीजेश

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महान गोलकीपर को लिखा पत्र

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हॉकी को अलविदा कह चुके महान गोलकीपर पी आर श्रीजेश ने हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिला पत्र सोशल मीडिया पर साझा किया है जिसमें प्रधानमंत्री ने खेल में उनके योगदान की सराहना करते हुए विश्वास जताया है कि वह नए राष्ट्रीय जूनियर कोच के रूप में भी उतने ही प्रभावी होंगे।



तोक्यो ओलंपिक के बाद पेरिस में कांस्य जीतने के बाद श्रीजेश ने हॉकी से विदा ली। भारतीय हॉकी की दीवार कहे जाने वाले श्रीजेश एशियाई खेलों में दो स्वर्ण और चैम्पियंस ट्रॉफी में दो रजत भी जीत चुके हैं। हॉकी इंडिया ने उन्हें जूनियर टीम का नया मुख्य कोच बनाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने पत्र में लिखा, 'मुझे विश्वास है कि नई भूमिका में भी आपका काम उतना ही प्रभावी और प्रेरणास्पद होगा।

उन्होंने 16 अगस्त को लिखे पत्र में कहा, 'आपने खेल से विदा लेने का फैसला किया है और मैं भारतीय हॉकी में आपके अपार योगदान की ह्रदय से सराहना करता हूं। श्रीजेश ने प्रधानमंत्री मोदी का पत्र साझा करते हुए एक्स पर लिखा, 'मेरे संन्यास पर नरेंद्र मोदी सर का पत्र मिला। हॉकी मेरा जीवन है और मैं खेल की सेवा करता रहूंगा। भारत को हॉकी की महाशक्ति बनाने के लिए काम करता रहूंगा जिसकी शुरूआत 2020 और 2024 ओलंपिक पदकों से हो गई है। मुझ पर विश्वास जताने के लिए धन्यवाद प्रधानमंत्री सर।

श्रीजेश के करियर के बारे में मोदी ने 2014 एशियाई खेलों में उनके प्रदर्शन को याद किया। इसके अलावा रियो, तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में उनके प्रदर्शन का भी जिक्र किया। उन्होंने लिखा, 'ऐसी अनगिनत यादें हैं और इनके लिए एक पत्र पर्याप्त नहीं है। उन्होंने लिखा, 'आपको मिले विभिन्न पुरस्कार, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पदक बताते हैं कि आपने किन ऊंचाइयों को छुआ है। लेकिन इसके बावजूद आपकी विनम्रता और गरिमा, मैदान से भीतर और बाहर, प्रशंसनीय है।

प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा, 'मुझे विश्वास है कि आपका जुनून, प्रतिबद्धता और समर्पण अगली पीढी के विश्व विजेताओं को तैयार करेगा। मैं आपको आपके अथक समर्पण, शानदार कैरियर और भारत को गौरवान्वित करने के लिये धन्यवाद देता हूं। इन सभी यादों के लिए धन्यवाद और भविष्य के लिये शुभकामना।

# जसप्रीत बुमराह की फाइव ए साइड फुटबॉल टीम में होंगे ये नामी क्रिकेटर

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय सुपर लीग के एक प्रमोशनल इवेंट में पहुंचे भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने क्रिकेटरों की अपनी आदर्श फाइव-ए-साइड फुटबॉल टीम






चुनी जिसने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। बुमराह आखिरी बार टी20 विश्व कप 2024 के फाइनल में दिखे थे जहां उन्होंने मैच ऑफ द मैच रहते हुए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हरा कर खिताब जीता था।

अगर वह फुटबॉलर होते तो किस पोजीशन पर खेलते। उन्होंने कहा- मुझे लगता है कि मैं एक मिडफील्डर बनूंगा। मुझे बहुत सारा काम करना पसंद है, इसलिए मुझे लगता है कि मैं रक्षा के साथ-साथ आक्रमण में भी मदद कर पाऊंगा। इसके बाद भारतीय क्रिकेटर को एक फाइव-ए-साइड फुटबॉल टीम बनाने के लिए कहा गया, जिसमें भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों क्रिकेटर शामिल हों। बुमराह ने आक्रमण के

चुना। 30 वर्षीय ने यह भी उल्लेख किया कि उन्होंने इंग्लिश टीम के बारे में सकारात्मक बातें सुनी थीं, इसलिए उन्होंने डिफेंस में जोस बटलर और स्टुअर्ट ब्रॉड को शामिल किया। गोलकीपर के लिए बुमराह ने मजाकिया अंदाज में खुद को चुना। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बांग्लादेश के खिलाफ 19 सितंबर से चेन्नई में शुरू होने वाले दो मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। रोहित शर्मा कप्तान बने रहेंगे, जबकि जसप्रीत बुमराह टी20 विश्व कप के बाद पहली बार एक्शन में लौट आए हैं। केएल राहुल और ऋषभ पंत भी शामिल हैं, और यश दयाल को अपना पहला राष्ट्रीय कॉल-अप मिला है।

### बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए 16 सदस्यीय टीम इस प्रकार है

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), आर अश्विन, आर जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मो. सिराज, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह, और

### ओटीडी 2007

## क्रिस गेल ने टी20 विश्व कप में खेली थी आक्रामक पारी, 57 गेंदों में बना दिए थे 117 रन

**जोहान्सबर्ग (एजेंसी)।** 11 सितंबर 2007 को दुनिया को क्रिस्टोफर हेनरी गेल उर्फ क्रिस गेल नामक टी20 के दिग्गज से परिचय हुआ जिन्होंने क्रिकेट के इस नए प्रारूप की सफलता की नींव रखी और विश्व कप के पहले संस्करण में शानदार शतक लगाया। अपने चौथे टी20आई में बल्लेबाजी करते हुए गेल को शॉन पोलक और मखाया एनटिनी जैसे अनुभवी दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों की अगुआई करने में कोई दिक्कत नहीं हुई।



दक्षिणपंथी ने जोहान्सबर्ग के वांडरर्स स्टेडियम में अपनी धमाकेदार स्ट्राइक से मजे के लिए प्रोटियाज गेंदबाजों की बेरहमी से धुनाई की। जोहान्सबर्ग में 22 गज के मैदान पर जो हुआ, उससे यह स्पष्ट हो गया कि आने वाले वर्षों में टी20 प्रारूप प्रशंसकों के लिए क्या मायने रखेगा, जो इसके द्वारा पेश की जाने वाली तेज-तर्रार कार्रवाई से अभिभूत थे। गेल दुनिया भर में इस प्रारूप की सफलता में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति बन गए क्योंकि उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सात चौकों और दस छक्कों की मदद से 117 (57) की शानदार पारी खेलकर अपनी आक्रामक बल्लेबाजी का परिचय दिया।

117 का स्कोर और 10 छक्कों की उपलब्धि विश्व रिकॉर्ड के रूप में तब तक बनी रही, जब तक कि 2012 में ब्रेंडन मैकुलम और रिचर्ड लेवी ने इसे नहीं तोड़ दिया।

## संक्षिप्त समाचार



### हरियाणा में चार कांग्रेस पार्टी लड़ रही चुनावः ज्ञान चंद गुप्ता

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंचकूला से भाजपा प्रत्याशी ज्ञान चंद गुप्ता ने मंगलवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि हरियाणा में चार कांग्रेस पार्टियां चुनाव लड़ रही हैं। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष एवं दिग्गज भाजपा नेता ज्ञान चंद गुप्ता ने मंगलवार को प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा के आगे की रणनीति के बारे में बताते हुए प्रदेश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस पर निशाना साधा। भाजपा प्रत्याशी ज्ञान चंद गुप्ता ने बताया कि बुधवार सुबह 10 बजे सेक्टर 10-11 तवा चौंक से मेजर शहीद संदीप सांखला चौक तक पैदल यात्रा किया जाएगा और नामांकन दाखिल किया जाएगा। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली और हरियाणा चुनाव के सह प्रभारी विप्लव देव मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि पूरे हरियाणा के अंदर माहौल बदला है और भारतीय जनता पार्टी की लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। भाजपा ने 88 उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है, जो बाकी हैं उनके नाम की भी घोषणा जल्द हो जाएगी। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के तमाम प्रयास के बाद भी आम आदमी पार्टी के साथ कोई समझौता नहीं हुआ है। आप ने अपने उम्मीदवार उतार दिए, लेकिन कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार नहीं उतारे। तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा में चार कांग्रेस पार्टियां मैदान में हैं। पहला भूपेंद्र हुड्डा की कांग्रेस, दूसरा कुमारी शैलजा की कांग्रेस, तीसरा रणदीप सुरजेवाला की कांग्रेस और चौथा कैप्टन अजय सिंह यादव की कांग्रेस पार्टी। बता दें कि चुनावी राज्य हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी ने 88 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता को पंचकूला से प्रत्याशी बनाया गया है।

### रोजाना के आहार में बादाम की महत्वपूर्ण भूमिकाः डॉ. गीतिका

**भोपाल।** एक संतुलित और पौष्टिक आहार पूरे स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी है। सही पोषण और खानपान की सेहतमंद आदतों के महत्व को समझने के लिए हम 1 से 30 सितंबर को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाते हैं। पोषण संबंधी समस्याओं को सुनने, लोगों तथा कम्युनिटीज को जागरूक करने, सशक्त बनाने तथा खानपान के बेहतर विकल्पों को चुनने के लिए एक मंच प्रदान करता है। मैक्स हेल्थकेयर, दिल्ली की रितिका समद्दर, न्यूट्रीशन एवं वेलनेस कंसल्टेंट, शीला कृष्णास्वामी, फिटनेस मास्टर पिलेट्स इंस्ट्रक्टर यास्मिन कराचीवाला, एमबीबीएस एवं न्यूट्रिशनिस्ट, डॉ. रोहिणी पाटिल , स्किन एक्सपर्ट एवं कॉस्मैटोलॉजिस्ट, डॉ. गीतिका मित्तल गुप्ता, अभिनेत्री वाणी भोजन व सोहा अली खान के अनुसार सही स्वास्थ्य पाने के लिए पौष्टिकता से भरपूर खाद्य पदार्थ जैसे बादाम, साबुत अनाज, सब्जियां, फल, फलियां और इस प्रकार की अन्य चीजों से युक्त संतुलित आहार लेना बेहद जरूरी है। बादाम में 15 आवश्यक पोषक तत्व होते हैं, जिनमें विटामिन ई, मैग्नीशियम, प्रोटीन, जिंक, पोटेशियम और आहारीय फाइबर शामिल हैं, जो संपूर्ण स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करते हैं। इंडियन कौंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर)- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूट्रीशन (एनआईएन) ने हाल ही में भारतीयों के लिए डाइटरी गाइडलाइन जारी की है। इसमें बताया गया है कि अच्छी सेहत के लिए रोजाना बादाम को नट के रूप में लेना चाहिए। बॉलीवुड अभिनेत्री सोहा अली खान कहती हैं, मैं सोच-समझकर सेहतमंद खानपान की आदतों को पालन करती हूं। रीजनल हेड-डायटेटिक्स, मैक्स हेल्थकेयर, दिल्ली की रितिका समद्दर कहती हैं, आसानी से मिलने और तेज रफ्तार जीवनशैली की वजह से जंक और एचएफएसएस (हाई फैट, शुगर, सॉल्ट) जैसी चीजें खाने से डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, दिल की बीमारियां और मोटापा जैसी जीवनशैली संबंधी समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। इसलिए, मैं हमेशा ही सतर्कता से खानपान का विकल्प चुनने की सलाह देती हूं।

# विनेश फोगाट ने जल्दबाजी में फैसला लिया, हरियाणा में फिर बनेगी भाजपा सरकार : बबीता फोगाट

**चंडीगढ़, एजेंसी।**
पहलवान विनेश फोगाट के कांग्रेस में शामिल होने पर मंगलवार को बबीता फोगाट की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। बबीता फोगाट ने कहा कि यह विनेश का अपना निर्णय है, विनेश कुछ भी करें। सबकी अपनी-अपनी सोच है, हर किसी की अपनी विचारधारा है। राजनीति का मैदान हर किसी के लिए खुला हुआ है, कोई भी राजनीति कर सकता है।

बबीता फोगाट के पिता महावीर फोगाट ने कहा था कि विनेश को 2028 ओलंपिक में हिस्सा लेना चाहिए। इस पर बबीता फोगाट ने कहा, पापा विनेश के गुरु हैं। विनेश को अपने गुरु की बात माननी चाहिए थी। गुरु सही राह दिखाता है और अच्छी शिक्षा भी देता है। गुरु तो हमेशा चाहेगा कि उसका बच्चा अपने लक्ष्य तक जाए। कोई भी गुरु अपने बच्चे को मार्ग से भटकता हुआ नहीं देख सकता। अगर कोई बच्चा मार्ग से



भटकता है तो उसको सही राह दिखाना गुरु का फर्ज है। उन्होंने आगे कहा कि विनेश फोगाट ने जल्दबाजी में फैसला लिया। उनके 2028 के ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतने के अच्छे चांस थे।

इस बार के विधानसभा चुनाव में टिकट न मिलने पर बबीता फोगाट ने कहा, टिकट नहीं मिलने की कोई टीस नहीं है। मैं भाजपा के कमल के फूल के लिए काम करती हूं। मैं मानती हूं की कमल का फूल जिसको भी मिल जाए, हम उनके साथ लगकर काम करेंगे, मेहनत करेंगे और कमल के फूल को खिलाएंगे। मैं आज के जोश को देखकर कह सकती हूं कि हम चरखी दादरी विधानसभा सीट जीतने वाले हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने बहुत सोच समझकर चरखी दादरी से सुनील सांगवान को उम्मीदवार बनाया है। मैं पार्टी के इस फैसले के साथ खड़ी हूं। भाजपा प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में पूरे बहुमत के साथ हरियाणा में फिर से सरकार बनेगी। भूपेंद्र हुड्डा पर बात करते हुए उन्होंने कहा, वह फोगाट परिवार में फूट डालने में कामयाब रहे। जनता उनको सबक सिखाएगी, वह सिर्फ राजनीति कर रहे हैं। कांग्रेस की नीति फूट डालो, राज करो की है। कांग्रेस के नेता हमेशा से ऐसा करते आए हैं। कांग्रेस ने देश तोड़ने से लेकर परिवार तोड़ने का काम किया है। दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परिवार और देश को जोड़ने का काम करते हैं। भाजपा %सबका साथ, सबका विकास% करती है।

## जम्मू-कश्मीर में डबल इंजन सरकार का लाभ केवल भाजपा को मिलाः उमर अब्दुल्ला

**किश्तवाड़, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक आते ही राजनीतिक दलों के बीच बयानबाजी का दौर तेज होता जा रहा है। सभी दल अपनी पूरी ताकत के साथ चुनाव प्रचार कर रहे हैं और एक दूसरे पर हमलावर हो रहे हैं। इसी कड़ी में, नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को भाजपा पर जोरदार हमला बोला। मंगलवार को किश्तवाड़ के कुंतवाड़ा में नेशनल कॉन्फ्रेंस के उम्मीदवार सज्जाद अहमद किचलू और पद्दार नागसीनी के उम्मीदवार पूजा ठाकुर के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा धर्म की राजनीति की। उमर अब्दुल्ला ने भाजपा की नीतियों और कार्यशैली पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जम्मू-कश्मीर में डबल इंजन सरकार का दावा किया। हमने भी 10 साल तक डबल इंजन सरकार देखा, लेकिन इसका लाभ केवल भाजपा को मिला। हम सालों से इस दिन का इंतजार कर रहे थे कि चुनाव आएंगे। 2014 में भाजपा ने उन लोगों से हाथ मिला लिया, जिनके खिलाफ भाजपा बोलती थी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा धर्म के नाम पर राजनीति की, हमने कभी ऐसा नहीं किया। मैं जानता हूं कि जब हम परेशान होते हैं, तो हर धर्म के लोग परेशान होते हैं। हमने कभी धर्म के नाम पर वोट नहीं मांगे। ये भाजपा वाले डराने-धमकाने के अलावा कुछ नहीं करते। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अफवाह फैलाई है कि अगर कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस सत्ता में आते हैं, तो यहां आतंकवाद वापस आ जाएगा।



## हमारे विकास कार्यों को देखकर अन्य पार्टियां घबराईं : महबूबा मुफ्ती

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए सभी पार्टियां प्रचार में जुटी हैं। पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को प्रचार करते हुए अपनी सरकार की उपलब्धियां बताईं। उन्होंने कहा, पीडीपी का जम्मू-कश्मीर में सड़कें, विश्वविद्यालय और कॉलेज तथा एम्स बनाने व रोजगार सृजन में रिकॉर्ड रहा है। इसलिए अन्य पार्टियां घबरा गई हैं और जनता के पास जा रही हैं। उनके पास जनता से माफी मांगने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। युवा वर्षों से जेलों में हैं और उनके माता-पिता को उनसे मिलने की अनुमति नहीं है। उन्होंने कहा कि लोग जेल से चुनाव लड़ते हैं और उन्हें सुरक्षा दी जाती है। जब वे हमारे उम्मीदवारों पर हमला करते हैं, तो पुलिस उन पर कार्रवाई नहीं करती, लेकिन चुनाव आयोग हमारे उम्मीदवारों को नोटिस भेजता है, तो आपको समझना चाहिए कि जेल से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों का क्या मतलब है।

## तेजस्वी यादव परिवार के साथ जाएंगे दुबई, अदालत ने दी इजाजत

**पटना, एजेंसी।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को राउज एवेन्यू कोर्ट ने दुबई जाने की इजाजत दे दी है।तेजस्वी 18 सितंबर से 8 अक्टूबर तक अपने परिवार के साथ दुबई जा रहे हैं। बता दें कि तेजस्वी यादव ने परिवार वालों के साथ छुट्टियां बिताने के लिए दुबई जाने की इजाजत मांगी थी। कोर्ट ने उन्हें 25 लाख रुपये काफिक्स डिपॉजिट रिसीप्ट जमा कराने को कहा है। यात्रा से वापस आने के दो दिन के अंदर कोर्ट को सूचित कर पासपोर्ट सरेंडर करेंगे। राउज एवेन्यू कोर्ट ने तेजस्वी यादव को दुबई में रहने के दौरान ठहरने की जगहों की जानकारी, दुबई में रहने के दौरान इस्तेमाल होने वाले फोन नंबर की जानकारी देने को कहा है। गौरतलब है कि जमीन के बदले नौकरी मामले में आरोपी होने के चलते जमानत की शर्तों के मुताबिक अपना पासपोर्ट सरेंडर कर दिया था। जिस कारण तेजस्वी यादव को विदेश जाने के लिए कोर्ट की इजाजत लेनी होती है। इजाजत मिलने के बाद उनको कोर्ट से अपना पासपोर्ट भी रिलीज कराना होता है।

# गाजियाबाद में कस्तूरबा गांधी विद्यालय से तीन छात्राएं लापता, 14 से 16 साल की हैं छात्राएं; सुरक्षा पर सवाल

**गाजियाबाद एजेंसी।**
गाजियाबाद में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय से तीन छात्राएं लापता हो गईं। रात को छात्राएं कमरे में सो रहीं थीं, लेकिन सुबह तीनों गायब थीं। घटना का पता लगते ही पुलिस और शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया। मामले में डीएम ने जांच के आदेश दिए हैं। वहीं, पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को खोजने के लिए दो टीमें गठित की हैं।

गाजियाबाद के सिहानी गेट थानाक्षेत्र के नेहरू नगर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय से मंगलवार तड़के तीन छात्राएं संदिग्ध हालात में लापता हो गईं। स्कूल वार्डन के मुताबिक लापता छात्राएं कमरे में सोई हुई थीं। कमरे में मौजूद अध्यापिका सुबह उठी तो तीन छात्राएं लापता मिलीं। घटना से छात्राओं की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं, लिहाजा डीएम ने जांच के आदेश दिए हैं। वहीं, पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को खोजने के



लिए दो टीमें गठित की हैं। रजापुर ब्लॉक के नेहरू नगर में कस्तूबरा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय है। अधिकारियों के मुताबिक विद्यालय में 85 छात्राएं पढ़ रही हैं। इनके रहने के लिए विद्यालय के हॉस्टल के छह कमरे बने हैं। पुरानी मोहनपुरी, मेरठ निवासी सविता त्यागी विद्यालय की वार्डन हैं। इसके अलावा विद्यालय की अध्यापिकाएं और अन्य स्टाफ भी यहां रहता है।

मंगलवार सुबह विद्यालय से तीन छात्राओं के लापता होने की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मच गया। मामला तीन नाबालिग छात्राओं के लापता होने का था, लिहाजा मेरठ मंडल और लखनऊ में बैठे अधिकारियों के फोन घनघनाने शुरू हो गए। स्कूल स्टाफ से जानकारी मिलने पर डीसीपी सिटी राजेश कुमार और प्रशासनिक अधिकारी विद्यालय पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

दो छात्राएं एक कमरे में, जबकि एक छात्रा दूसरे कमरे में सो रहीं थीं। विद्यालय की वार्डन सविता त्यागी के मुताबिक लापता छात्राओं की उम्र 14 से 16 साल है। दिल्ली के बलदेव पार्क कृष्णानगर निवासी 16 वर्षीय छात्रा आठवीं कक्षा की छात्रा है, जबकि सुदामापुरी विजयनगर निवासी किशोरी सातवीं और खन्नानगर लोनी निवासी किशोरी छठी कक्षा की छात्रा है।

वार्डन ने पुलिस को बताया कि दो किशोरियां एक ही कमरे में रहती हैं। इसके अलावा दूसरी छात्रा अन्य कमरे में रहती है। वार्डन के मुताबिक सभी छात्राएं रात 11 बजे तक अपने-अपने कमरों में थीं। इसके बाद स्कूल स्टाफ सो गया। सुबह उठने पर तीन छात्राएं विद्यालय से लापता मिलीं।

## भारतीय मूल के लेक्टरर को मिला सिंगापुर साहित्य सम्मान, नाइन यार्ड साड़ी को मिला पुरस्कार

**सिंगापुर , एजेंसी।** भारतीय मूल के लेक्चरर ने अपनी अंग्रेजी फिक्शन के लिए सिंगापुर साहित्य पुरस्कार जीता। नानयांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी के लेक्चरर प्रशांति राम को नाइन यार्ड साड़ी के लिए यह पुरस्कार दिया गया। उनकी यह कहानी सिंगापुर, सिडनी, न्यूयॉर्क और कनेक्टिकट में फैले एक तमिल ब्राह्मण परिवार की पीढ़ियों के बारे में है। पुरस्कार जीतने के बाद प्रशांति राम ने कहा कि वह आश्चर्यचकित हैं।

लेक्चरर प्रशांति राम ने कहा, मैं आश्चर्यचकित हूं। मैं बहुत आभारी हूं कि जजों ने नाइन यार्ड साड़ी में योग्यता देखी। मैंने यह यह कहानी अपने दिवंगत पिता की देखभाल करने के दौरान लिखी थी। उन्होंने आगे कहा, मुझे उम्मीद है कि अब ज्यादा ज्यादा लेखक लघु कथा के साथ नए-नए प्रयोग करेंगे। ऐसा इसलिए, क्योंकि इस प्रारूप के जरिए एक ही रचना में इतने सारे परिप्रेक्ष्यों और संदर्भों में गोता लगाने का मौका मिलता है। यह बहुत खुशी की बात है।

मंगलवार को विक्टोरिया थिएटर में एक समारोह में कवि सिरिल वोंग के नेतृत्व में तीन सदस्यीय पैनल ने बताया कि प्रशांति राम की यह कहानी कुशल, आश्वस्त, कभी-कभी हास्यपूर्ण और प्रभावित करने वाला था। इसने प्रशांति को एक स्पष्ट दृष्टि वाला के तौर पर वर्णित किया है।

इंग्लिश क्रिएटिव नॉन फिक्शनका पुरस्कार भारतीय मूल की कलाकार शुबिगी राव को मिला। उन्हें यह पुरस्कार उनकी पल्प 3ः एन इंटिमेट इन्वेंटरी ऑफ द बेनिश्ड बुक (2022) के लिए दिया गया। शुबिगी राव ने अपनी जीत का श्रेय प्रतिभाशाली महिलाओं दिया। उन्होंने कहा कि सेंसरशिप, प्रतिबंध, जलाना और फंडिंग के हर कृत्य के साथ हम हद से ज्यादा गरीब हो गए।

# रूस के खिलाफ लंबी दूरी की मिसाइलों का इस्तेमाल कर सकेगा यूक्रेन, बाइडन बोले- प्रतिबंध हटाने पर काम जारी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** रूस के खिलाफ यूक्रेन जल्द ही लंबी दूरी की मिसाइलों का इस्तेमाल कर सकेगा। इसके संकेत अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने दे दिए हैं। उन्होंने कहा कि यूक्रेन के लिए लंबी दूरी की मिसाइलों पर प्रतिबंध हटाने पर काम किया जा रहा है।

राष्ट्रपति बाइडन मंगलवार को व्हाइट हाउस से न्यूयॉर्क के लिए निकल रहे थे। इस दौरान संवाददाताओं ने उनसे रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर सवाल किए। यह पूछे जाने पर कि क्या वह यूक्रेन द्वारा लंबी दूरी के हथियारों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध हटा देंगे। इसके जवाब में बाइडन ने कहा, हम अभी इस पर काम कर रहे हैं।

बाइडन ने कहा, यूक्रेन को रूस के खिलाफ लंबी दूरी की अमेरिका निर्मित मिसाइलों का उपयोग करने के लिए अधिकृत करने की संभावना पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ईरान



मॉस्को को मिसाइलें दे रहा है।

**रूस-यूक्रेन युद्ध को बीते दो सालः** रूस-यूक्रेन युद्ध के दो साल पूरे हो चुके हैं। 24 फरवरी 2022 को इन दो देशों के बीच संघर्ष शुरू हुआ था जो अभी तक जारी है। दो साल की लड़ाई में दोनों देशों में बहुत कुछ बदल चुका है। इस युद्ध ने हजारों लोगों की जान ले ली, लाखों लोग विस्थापित हुए, परिवारों और समुदायों को तोड़ दिया और अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया। यह खूनी जंग रुकेगी, इसके भी कोई संकेत नहीं हैं। युद्ध की शुरुआत से रूस पर पाबंदियों का दौर जारी है। इसके बाद भी रूस अपने कदम पीछे करने को तैयार नहीं है।

रूस-यूक्रेन युद्ध कैसे शुरू हुआ था?

23 फरवरी 2022 की रात रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के खिलाफ सैन्य ऑपरेशन का एलान किया। चंद घंटे बाद यानी 24 फरवरी की तड़के सुबह अचानक यूक्रेन की राजधानी कीव और आसपास के शहरों में हवाई हमले होने लगे। रूस के इस हमले से पूरी दुनिया में हड़कंप मच गया। उधर यूक्रेन ने भी जवाबी कार्रवाई शुरू की।

रूस-यूक्रेन शुरू होने बाद के दो वर्षों में दोनों पक्षों को भारी नुकसान हुआ है। पेंटागन का अनुमान है कि कम से कम 70,000 यूक्रेनी सैनिक मारे गए हैं और इससे दोगुने घायल हुए हैं। युद्ध में रूस को भी चौतरफा नुकसान झेलना पड़ा है लेकिन इसके नुकसान की बेहद ही कम रिपोर्ट हैं। पेंटागन का अनुमान है कि लगभग तीन लाख रूसी सैनिक घायल हुए हैं, जिनमें से 60,000 सैनिक मारे गए हैं। ब्रिटिश रक्षा मंत्रालय का अनुमान है कि 2022 की तुलना में 2023 में रूस में मृतकों की संख्या बढ़ी है। इस अवधि में रूसी हताहतों की औसत दैनिक संख्या लगभग 300 प्रति दिन बढ़ी है। ऐसा ही हाल रहा तो 2025 के अंत तक रूस में पांच लाख लोग मारे जाएंगे और घायल होंगे।

# प्रेसिडेंशियल डिबेट : कमला हैरिस पर जमकर बरसे ट्रंप, कहा- आपके पिता मार्क्सवादी..; उपराष्ट्रपति ने बड़ी मुश्किल से खुद को संभाला

### गर्भपात के अधिकार वाले मुद्दे पर भिड़े ट्रंप-हैरिस, दोनों के बीच जमकर हुई जुबानी जंग

**वॉशिंगटन , एजेंसी।** दुनिया के तमाम देशों को अमेरिका में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव का बेसब्री से इंतजार है। वहीं, आज राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस के बीच पहली प्रेसिडेंशियल डिबेट हुई। इस डिबेट की शुरुआत में हैरिस और ट्रंप ने एक-दूसरे से हाथ मिलाया। फिर उपराष्ट्रपति ने एक-एक कर ट्रंप पर इकोनॉमी और गर्भपात नीति समेत कई मुद्दों पर घेरने की कोशिश की। वहीं पूर्व राष्ट्रपति ने कमला और उनके माता-पिता को माक्सर्वादी करार दिया। हालांकि, इस दौरान हैरिस अपने आपको शांत करने के लिए लगातार मुस्कुरा रही थीं, जबकि ट्रंप भी संतुलन व्यवहार बनाए रखने का प्रयास कर रहे



थे। बहस के दौरान पूरा माहौल विवाद और आरोपों से भर गया। पहले दावा किया गया कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बड़े ही शांत व्यवहार के साथ आए हैं। हालांकि जैसे ही ट्रंप बहस के मंच पर आए वैसे ही उन्होंने अपनी प्रतिद्वंद्वी पर हमला करना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं, ट्रंप ने कमला हैरिस के माता-पिता तक को भी नहीं बख्शा। उन्होंने भारतवंशी नेता को मार्क्सवादी बताया। उसके बाद उनके पिता को भी मार्क्सवादी प्रोफेसर बता दिया।

हालांकि, उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने ट्रंप की तीखी टिप्पणियों का सीधे तौर पर जवाब नहीं दिया। मगर, उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान चीनी नेता शी जिनपिंग को धन्यवाद देने वाले ट्वीट के लिए ट्रंप की आलोचना करके पलटवार किया। हैरिस ने बहस के दौरान महामारी से जुड़ी उच्च बेरोजगारी दरों के लिए भी ट्रंप को जिम्मेदार ठहराया।

इलिनोइस की सीनेटर टैमी डकवर्थ ने ट्रंप की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि वह कभी भी अपनी बात पर नहीं टिके हैं। वह बार-बार अपनी बात से मुकरते रहे। जबकि कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूसम ने उन्हें उबाऊ करार दिया है। डकवर्थ ने हाल ही में आर्लिंगटन विवाद का जिक्र करते हुए कहा कि ट्रंप सेना के परिवारों का अपमान करते रहते हैं। उन्होंने गोल्ड स्टार परिवारों का अपमान किया है। उन्होंने आगे कहा, फिर भी वह हमारी सेना का कमांडर इन चीफ बनना चाहते हैं। उन्हें हमारे योद्धाओं का कोई सम्मान नहीं है। उसे हमारे दिग्गजों का कोई सम्मान नहीं है, वह अर्लिंग्टन की पवित्र जगह का इस्तेमाल चुनाव प्रचार के लिए करते हैं। इस इंसान ने गिरने का कोई स्तर नहीं छोड़ा। यह पांच बार अपनी बात से मुकर चुके हैं।

कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूसम ने कमला हैरिस को अपना समर्थन दिया। साथ ही डोनाल्ड ट्रंप पर चुटकी लेते हुए कहा कि वह उबाऊ हैं। उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले ट्रंप अपनी रैलियों में कुछ मनोरंजन लाते थे। अब, वह हर तरफ से नीरस हो गए हैं और यहां तक कि उनके दर्शकों को भी उनके भाषणों से ज्यादा खुद में अधिक दिलचस्पी है।

डिबेट के दौरान ट्रम्प ने कहा कि वे राष्ट्रपति चुनाव जीतने के 24 घंटे के अंदर रूस-यूक्रेन जंग रुकवा देंगे। इस पर जवाब देते हुए कमला हैरिस ने कहा कि अगर आप राष्ट्रपति होते तो पुतिन इस वक्त कीव में बैठे होते और लंच में आपको खा रहे होते। डिबेट में कमला हैरिस 37 मिनट 36 सेकेंड तक बोलीं, जबकि ट्रम्प ने उनसे 5 मिनट ज्यादा लिए। उन्होंने 42 मिनट 52 सेकेंड तक अपनी बात रखी। डिबेट खत्म होने के बाद दोनों नेता बिना हाथ मिलाए वहां से लौट गए। ट्रम्प और कमला के बीच पहली प्रेसिडेंशियल डिबेट ट्रम्प और कमला के बीच इस चुनाव में यह पहली और आखिरी डिबेट थी। कमला ने पहली बार राष्ट्रपति चुनाव की बहस में हिस्सा लिया, जबकि ट्रम्प 2016-24 तक 5 बार डिबेट में हिस्सा ले चुके हैं। इस चुनाव में 27 जून को पहली प्रेसिडेंशियल डिबेट ट्रम्प और बाइडेन के बीच हुई थी। बाइडेन हार गए थे, जिसके बाद उन्होंने राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी छोड़ दी थी। इसके बाद डेमोक्रेटिक पार्टी ने कमला हैरिस को उम्मीदवार बनाया था।

**मैं गर्भपात को बैन नहीं करूंगा- ट्रंपः** कमला हैरिस के इस दावे पर डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि मैं गर्भपात को प्रतिबंधित नहीं करूंगा, इस मुद्दे पर देश 52 साल तक बंटा रहा है, अमेरिका के सभी राज्य गर्भपात पर अब खुद फैसले ले रहे हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129